धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, गुरुवार

23.03.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

epaper.khabarmantra.net चैत्र, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 247

12 भारत के सबसे अमीर शख्स बने मुकेश अंबानी

चैत्र नवरात्र- द्वितीय ब्रह्मचारिणी



**ब्रह्मचारिणी- ह्रीं श्री अम्बिकायै नम:।**

ब्रह्मचारिणी का अर्थ है, जो ब्रह्मा के द्वारा बताये गए आचरण पर चले। जो ब्रह्म की प्राप्ति कराती हो। जो हमेशा संयम और नियम से रहे। जीवन में सफलता के लिए सिद्धांत और नियमों पर चलने की बहुत आवश्यकता होती है। ब्रह्मचारिणी की पूजा पराशक्तियों को पाने के लिए की जाती है। इनकी पूजा से कई सिद्धियां मिलती हैं।

## सदन में गरमाया स्थानीय और नियोजन नीति का मामला, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा

# सदन हाइजैक न करें, सभी सवालों का जवाब दूंगा

**भाजपा पर बरसे सीएम**

- 32 के समर्थक हैं तो फिर कोर्ट क्यों चले जाते हैं
- कपड़ा फाड़ कर खुद को रामभक्त सिद्ध कर रहे हैं
- ड्रामेवाजी बंद करें, जनता सबका हिसाब पूछेगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन में भाजपा पर जमकर हमला बोला। भाजपा विधायक स्थानीयता व नियोजन नीति पर सीएम से वक्तव्य देने की मांग कर रहे थे। अपनी मांग पर जोर देने के लिए वे वेल में पहुंचकर हंगाामा करने लगे। हंगामे के बीच ही सीएम श्री सोरेन ने कहा कि हमारी बारी आयेगी तो जरूर बोलेंगे। सीएम ने कहा उनको (विपक्ष) लगता है कि सवालों से हम घिर जायेंगे लेकिन ऐसा नहीं होगा। मैं हर सवाल का जवाब दूंगा। सदन को हाइजैक करने की कोशिश न करे। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है जब सत्ता पक्ष के लोगों ने ही लोकसभा को हाईजैक कर रखा है। यहां विपक्ष के लोग उसी चीज को दोहरा रहे हैं। इनके पास ना विषय है ना मुद्दा। मंगलवार को सदन में वीडियोग्राफी की गयी है। इस पर कार्रवाई की जानी चाहिए। राम भक्त को कपड़े फाड़ कर सिद्ध करना पड़ रहा है। भगवान, ईश्वर, अल्लाह सबको देख रहा है। इस दौरान विपक्ष की तरफ से शोर शराबा होता रहा। इसी दौरान सीएम ने भाजपा विधायकों से पूछा कि आप 60-40 के समर्थक हैं या 1932 के समर्थक। जवाब में भाजपा विधायकों ने कहा कि 1932 के। तब सीएम ने कहा कि मुंह में राम और बगल में छुरी। अगर 1932 के समर्थक हैं तो कोर्ट कचहरी क्यों करते हैं। रमेश हांसदा कौन है?

**कार्य मंत्रणा समिति की बैठक के निर्णय पर अमल करेंगे**



दरअसल, सीएम विधायक प्रदीप यादव के एक सवाल का जवाब देने के लिए खड़े हुए थे, लेकिन विपक्ष ने उनसे नियोजन नीति पर बात रखने की मांग को लेकर सदन में हंगामा होने लगा। हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसा नहीं है कि पूरा हथियार का जखीरा इनके पास है। देश के आदिवासी दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक जिनके विषय में भी चर्चा होती है। सीएम ने कहा कि पिछले दिनों कार्य मंत्रणा समिति की हुई बैठक में जो निर्णय हुआ है, उस पर अमल किया जायेगा। वे नियोजन नीति सहित अन्य विषयों पर भी जवाब देंगे।

**कुर्ता फाड़ने और वीडियोग्राफी पर कार्रवाई हो :** मंगलवार को सदन में भाजपा विधायक मनीष जायसवाल के कुर्ता फाड़ने पर सीएम ने नाराजगी जाहिर करते हुए स्पीकर से कहा कि जो तमाशा और सदन में आचरण हुआ है, जो विडियोग्राफी की गयी है, उस आधार पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस पर स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि जिन विधायकों ने सदन की गरिमा के प्रतिकूल आचरण किया है, वे उसकी जांच करायेंगे। सीएम ने कहा कि अब राम भक्तों को भी कपड़े फाड़कर यह साबित करना पड़ रहा है कि हम राम भक्त हैं। 20 साल इन्होंने सत्ता चलाया। रांची के तपोवन मंदिर और भूमि पर एक रुपया खर्च नहीं किया।

**ड्रामेबाजी कर रहा है विपक्ष**

सीएम ने कहा कि इन लोगों को यह लग रहा है कि हम देश की सत्ता में काबिज हैं, तो पूरी दुनिया में काबिज हो चुके हैं। जिस तरह से इन्हें सवालों में घेरा जा रहा है, यह उससे बचने की कोशिश कर रहे हैं, यह उसका हिस्सा है। सीएम ने कहा कि सरकार अपना काम भी करेगी और समय आने पर जवाब भी देगी। सदन में कपड़े फाड़ना, तरह-तरह के रूप धारण करके आना, बहुरुपिया का काम है। यह सिर्फ ड्रामेबाजी हो रही है। सभी विधायकों को जवाब देना है। सभी की जिम्मेवारी है। क्षेत्र में जनता उनसे सवाल पूछेगी। उन्हें लगता है वह सवालों से बच जायेंगे। इसलिए वह ऐसा कर रहे हैं।

**न्यूज डायरी**

### चैत्र नवरात्रि को लेकर सीएम ने दी शुभकामनाएं

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चैत्र नवरात्रि, गुड़ी पड़वा, उगादी और हिंदू नववर्ष की सभी को अनेक अनेक शुभकामनाएं दी है। यह पावन अवसर आप सभी को स्वस्थ और खुशहाल जीवन प्रदान करे, यही कामना करता हूं।

### चांद नजर नहीं आया पहला रोजा 24 को

**रांची।** एदार-ए-शरीया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा है कि बुधवार 22 मार्च को दारुल कजा एदार-ए-शरीया झारखंड रांची के मुफ्तीयाने केराम ने दरगाह रेसालदार डोरंडा रांची में रमजानुल मोबारक का चांद नजर नहीं आया। इसलिए अब रमजानुल मुबारक का पहला रोजा 24 मार्च जुमा से रखा जायेगा।

### बरवाअड्डा में सड़क हादसा, तीन की मौत

**धनबाद।** धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाली दिल्ली-कोलकाता नेशनल हाइवे-2 पर लोहारबरवा के समीप ऑटो और सेमी ट्रक की भीषण टक्कर में एक महिला समेत तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि चार अन्य गंभीर हैं।

### राज्यपाल ने की बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना

**देवघर।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को देवघर में बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। तीर्थ पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ उन्हें संकल्प कराया। राज्यपाल ने द्वादश ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने राज्यपाल को स्मृति चिह्न व बाबा बैद्यनाथ का प्रसाद भेंट किया। इसके बाद राज्यपाल बासुकीनाथ के लिए प्रस्थान कर गये।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 71,000 रु./प्रति किलो |

# पुलिस की बूट से कुचलकर नवजात की मौत, सीएम ने दिये जांच के आदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** चार दिन के नवजात बच्चा पुलिस अधिकारी के पैर से दबकर मर गया। घटना गिरिडीह जिले के देवरी थाना कोशोगोंदोदिघी गांव की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। परिजनों का आरोप है कि पुलिसकर्मी के बूट से कुचले जाने के बाद नवजात ने दम तोड़ दिया है। आरोप देवरी थाना की पुलिस पर लगा है। मामले की



जानकारी मिलते ही एसपी अमित रेणू के निर्देश पर डीएसपी संजय राणा और खोरीमहुआ एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो मौके पर जा कर पूरे मामले की जानकारी ले रहे हैं। पुलिस निरीक्षक सहदेव प्रसाद जांच कर रहे हैं। बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने नवजात के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया।

**क्या है मामला :** बुधवार की अहले सुबह देवरी थाना की पुलिस, थाना प्रभारी संगम पाठक के नेतृत्व में एक वारंटी को गिरफ्तार करने कोशोगोंदो दिघी गांव गयी थी। पुलिस को देखकर घर के सभी सदस्य घर छोड़कर निकल गये। (शेष पेज 11 पर)

### बगोदर के मजदूर की नागपुर में मौत

**गिरिडीह।** बगोदर के मजदूर की मौत मुंबई में हो गयी। नागपुर के नानदेड में मंगलवार को हाइवा की चपेट में आने से दुर्घटना का शिकार हो गया। मजदूर तापेश्वर महतो दामा गांव का रहने वाला था। घटना की सूचना स्वजनों को दी गयी। पत्नी, बच्चे सहित परिवार के अन्य सदस्य सदमे में हैं। रो-रोकर उनका बुरा हाल हो गया है। शव अभी मुंबई में ही पड़ा हुआ है। बताया जाता है कि तापेश्वर महतो मुंबई के नागपुर में रहकर हाइवा चलाता था।

## 106 हस्तियां पद्म पुरस्कार से अलंकृत

- राष्ट्रपति ने केएम बिड़ला, सुमन कल्याणपुर, सुधा मूर्ति को को दिये पुरस्कार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को 106 लोगों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने पहला सम्मान आर्किटेक्ट बालकृष्ण दोषी को दिया। उनकी बेटी ने पिता को मिला पद्म विभूषण सम्मान ग्रहण किया। इसके बाद बिजनेसमैन कुमार मंगलम बिड़ला को व्यापार और उद्योग क्षेत्र में योगदान के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। बिड़ला परिवार में पद्म पुरस्कार पाने वाले कुमार मंगलम चौथे व्यक्ति बन गये हैं। पंडवानी गायिका उषा को पद्म श्री से नवाजा गया। उन्होंने सम्मान लेने से पहले पीएम मोदी को प्रणाम किया। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रपति के पैर छूकर सम्मान ग्रहण किया।



कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, विदश मंत्री एस जयशंकर, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव सहित कई लोग मौजूद रहे। (शेष पेज 11 पर)

## पूर्वी क्षेत्र अंडर-19 हॉकी चैंपियनशिप

# झारखंड दोनों वर्गों में विजयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खूंटी।** बिरसा कॉलेज स्तिथ ब्लू एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में आयोजित जूनियर महिला एवं जूनियर पुरुष पूर्वी क्षेत्र हॉकी चैंपियनशिप के चौथे दिन कुल चार मैच खेल गये, जिसमें महिला वर्ग के तीन मैच शामिल हैं। हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा की टीम ने हॉकी बिहार को 4-0 से पराजित किया। इस मैच में ओडिशा के असीमा एक्का को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच हॉकी झारखंड और हॉकी बंगाल के बीच खेला गया जिसमें झारखंड ने बंगाल को 12-0 गोल से पराजित किया। झारखंड के एडलिन बागे को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड दिया गया। तीसरा मैच हॉकी मिजोरम और हॉकी असम के बीच खेला गया जिसमें मिजोरम 11-1 गोल से जीता। चौथा मैच पुरुष वर्ग से झारखंड और बिहार के बीच खेला गया। जिसमें झारखंड 5-0 से विजयी रहा। प्लेयर ऑफ द मैच झारखंड टीम के रोहित तिर्की को दिया गया। बुधवार को चौथे दिन के हुए मैच में 1982 वर्ल्ड कप में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य रहे शुशील टोपनो, कारा अधीक्षक बेसरा निशांत रॉबर्ट, बीस सूत्री उपाध्यक्ष जुबेर अहमद, नगर परिषद खुटी के कार्यपालक पदाधिकारी रवि प्रकाश ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया। अभी तक चार दिनों में महिला वर्ग से सभी टीम 3-3 मैच खेल चुकी है।

### पीएम ने कोरोना के बढ़ते मामलों की समीक्षा की

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने देश में कोराना और इनफ्लुएंजा- फ्लू के बढ़ते मामलों के बीच मौजूदा हालात तथा जन स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा करने के



लिए बुधवार को उच्चस्तरीय बैठक की। पीएमओ में आयोजित बैठक में नीति आयोग के सदस्य- स्वास्थ्य डॉ वीके पाल और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव राजेश भूषण ने भाग लिया। बैठक में देश में कोविड की स्थिति पर एक प्रस्तुति दी गई और भविष्य की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया।

# प्रेम प्रकाश के साथ लिंक पर देवघर दुमका में आइटी खंगाल रहा दस्तावेज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** संथाल परगना के शराब व्यवसायी योगेंद्र तिवारी के दुमका स्थित ठिकाने पर दूसरे दिन भी आयकर विभाग की छापेमारी जारी है। आयकर विभाग की टीम व्यवसायी के दुमका स्थित मैहर गार्डन होटल सह विवाह भवन में मंगलवार रात से ही आयकर टीम का सर्वे चल रहा है। सर्वे में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट दस्तावेज को खंगाल रही है। आईटी की टीम जेल में बंद शराब कारोबारी प्रेम प्रकाश से लिंक के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। मंगलवार को विभाग ने छापामारी की थी। (शेष पेज 11 पर)

**पूर्व में भी हो चुकी है पूछताछ**

देवघर-जसीडीह मुख्य सड़क स्थित मेहर गार्डेन रिसोर्ट का बुकिंग और प्रॉपर्टी सहित अन्य कागजातों की आयकर विभाग द्वारा जांच की जा रही है। शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी और उनके भाई अमरेंद्र तिवारी से पिछले दिनों भी आईटी पूछताछ कर चुकी है। संथाल परगना में पूर्व में सिंडिकेट के माध्यम से तिवारी बंधुओं द्वारा शराब कारोबार पर कब्जा जमाने में भी ईडी जांच कर रही है। इधर मंगलवार से आयकर सर्वे होने से तिवारी बंधुओं एवं उनके सिंडिकेट के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

**इडी कर चुकी है पूछताछ**

तिवारी बंधुओं से इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी एकबार पूछताछ कर चुकी है। उनसे सिंडिकेट के साथ मिलकर शराब कारोबार पर कब्जा जमाने के मामले में पूछताछ की गयी थी।

## सरहुल की पूर्व संध्या पर महोत्सव

# महाविद्यालय में ट्राइबल फूड फेस्ट भी होना चाहिए : वीसी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची विमेंस कॉलेज में सरहुल पर्व के अवसर पर सरहुल पूर्व संध्या महोत्सव का आयोजन किया गया। जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग की तरफ से प्रस्तुत इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि के तौर पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, कुलसचिव प्रो मुकुंद मेहता, वित अधिकारी एएन शाहदेव, कुलपति की ओएसडी डॉ स्मृति सिंह उपस्थित थीं। समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा ने कहा कि हमारे बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। सरहुल के शानदार आयोजन को देखते हुए मुझे कहना पड़ रहा है कि विमेंस कॉलेज में एक ट्राइबल फूड फेस्ट भी होना चाहिए। कॉलेज की बेहतरी के लिए जो कुछ भी आवश्यक है, वह विश्वविद्यालय करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सरहुल प्रकृति का सबसे बड़ा पर्व है। जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने का संदेश यह पर्व देता है। प्रकृति पर्व सरहुल वसंत ऋतु में मनाए जाने वाला आदिवासियों का प्रमुख त्यौहार है। वसंत ऋतु में जब पेड़ पतझड़ में अपनी पुरानी पतियों को गिरा कर टहनियों पर नई-नई पत्तियां लाने लगती हैं, तब सरहुल का पर्व मनाया जाता है। कार्यक्रम को रांची विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी एएन शाहदेव ने भी संबोधित किया। श्री शाहदेव ने अपना संबोधन नागपुरी भाषा में दिया। उन्होंने कहा कि सरहुल में आदिवासी समुदाय के लोग सखुआ के पेड़ को खास तौर से पूजते हैं। (शेष पेज 11 पर)



आजादी का अमृत महोत्सव | स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

**कार्यालय नगर परिषद,चतरा**
**पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401**

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत् तीन सप्ताह का Woman-Led स्वच्छता अभियान अन्तर्गत Swachhotsav 2023 का आयोजन किया जा रहा है। अभियान की अवधि 08 मार्च से 30 मार्च 2023 तक है। इस अभियान के अन्तर्गत "Woman Icon Leading Swachhata (WINS) Awards 2023" हेतु आवेदन किया जा रहा है।

I. कौन आवेदन कर सकता है:– Category
- व्यक्तिगत महिला उद्यमी, शहरी स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन का नेतृत्व करने वाले व्यक्ति (Individual Woman Entrepreneurs and Changes Agent)
- स्वयं सहायता समूह (Self Help group)
- सूक्ष्म उद्यम (Microenterprises) या स्टार्टअपस (Start-ups)
- गैर सरकारी संगठन (NGOs)

II. आवेदन करने का विषयगत क्षेत्र:–
- सामुदायिक / सार्वजनिक शौचालयों का प्रबंधन
- सेप्टिक टैंक सफाई सेवाएं
- Treatment Facilities-Used Water Septage
- म्यूनिसिपल वेस्ट कलेक्शन और ट्रांसपोर्ट
- MRF (Material Recovery Facilities) संचालन
- वेस्ट टू वेल्थ उत्पाद
- Treatment facilities – ठोस अपशिष्ट प्रबंधन
- Information, Education, Communication, Training Capacity Building
- Technology and Innovation
- अन्य विषय (To be Specified)

III. आवेदन करने की प्रक्रिया:–
- आवेदक अपनी विस्तृत आवेदन नगर परिषद, चतरा के Email Id- npchatra@gmail.com पर कर सकते हैं।
- आवेदक Email का विषय "Application for Woman Icon Leading Swachhata (WINS) Awards 2023" ऐसे लिखेंगे।
- आवेदक ईमेल में अपना नाम, मोबाईल सं0, उम्र, विषयगत क्षेत्र, आवेदन का Category एवं आवेदक द्वारा किये जा रहे कार्य का विवरण एवं दस्तावेज संलग्न कर सकते हैं।
- केवल महिला ही WINS Awards 2023 में भाग ले सकते हैं।
- आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 मार्च 2023 तक है।
- अधिक जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में 9939124269 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, चतरा

PR 293375 Urban Development(22-23).D



**कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा**
**(Mail Id:- kodermanagarpanchayat@gmail.com)**

**नीलामी सूचना संख्या – 01/2022–23 दिनांक – 21.03.2023**

नगर पंचायत कोडरमा अन्तर्गत उपयोग में न आने वाले खराब एवं निष्प्रायोजित वाहनों की कमांक 01 से 06 तक की नीलामी खुली डाक द्वारा दिनांक – 29.03.2023 को 11:30 पूर्वाहन अपर समाहर्ता, कोडरमा के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति की उपस्थिति में की जायेगी। वाहनो का विवरणी निम्नवत है –

| क0सं0 | वाहन का प्रकार तथा मॉडल | चेचिस नम्बर | इंजन नम्बर | वाहन का स्थान जहाँ रखा गया | न्यूनतम संधारित मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tractor Massy 245HP | 228513 | 78153 | नगर पंचायत कोडरमा | 10550/- |
| 2 | Tata Ace (Tipper) | MAT491011G6F09274 | - | नगर पंचायत कोडरमा | 15550/- |
| 3 | Tata Ace (Tipper) | MAT491014H6F11581 | - | नगर पंचायत कोडरमा | 15550/- |
| 4 | Small Excavator | 00054/0/03 | - | नगर पंचायत कोडरमा | 1050/- |
| 5 | Mahindra Alfa Tempu Loader | - | - | नगर पंचायत कोडरमा | 8550/- |
| 6 | Eicher Turbo intercooler M/Truck | ME0S01277L3016 | TOSHI1D201736 | नगर पंचायत कोडरमा | 12500/- |

नोट :– नीलामी के संबंध में जानकारी हेतु Official website- koderma.nic.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 293330 Urban Development(22-23).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी**

**अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना संख्या –33 वर्ष 2022–2023**

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 05.04.2023 को अपराह्ण 1.00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 06.04.2023 को अपराह्ण 3.00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 06.04.2023 को अपराह्ण 3.30 बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Weighbridge with Operator Room at Khunti, Dist khunti for the year 2022-23. | 36,94,000.00 | 5,000.00 | 73,900.00 | 02 माह |
| 2 | Construction of Weighbridge with Operator Room at Torpa, Dist khunti for the year 2022-23. | 36,94,000.00 | 5,000.00 | 73,900.00 | 02 माह |
| 3 | E/R to Ladies ward, Machine Room & Toilet at C.H.C. Murhu, dist- Khunti for the year 2022-23. | 2,75,750.00 | 750.00 | 5,550.00 | 01 माह |

नोट:-झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांक 2148 (S) राँची, दिनांक 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निश्पादन किया जाएगा।

निविदा की शर्तें सूचना पट पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी

PR 293315 Building(22-23)#D



**झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, राँची**
पत्रांक : जे.सी.ई.आर.टी./400

**दीवार में लकड़ी के फ्रेम में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों के फोटो एवं उनके द्वारा कृत कार्यों को प्रदर्शित करने हेतु अति अल्पकालीन निविदा सूचना।**

राज्य के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों की संक्षिप्त विवरणी A3 साइज के मोटे Glossy कागज पर रंगीन फोटो एवं उसके नीचे समान आकार के स्थान में विवरणी को wooden frame में प्रदर्शित करने के उद्देश्य से जे.सी.ई.आर.टी. भवन के Passage wall में wall of Fame बनाने का निर्णय लिया गया है जिसका विवरण निम्नवत् है:–

| क्र. | सामग्री | साइज | रंग | कुल सं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फोटो एवं विवरणी | A3(29.7 से.मी×42.0 से.मी½ | फोटो रंगीन / विवरणी दो रंगों में | 46 अदद |
| 2 | wall of Fame Wooden Frame में पारदर्शी काँच के बॉक्स में। | | | |

द्रष्टव्य : उक्त Wooden Frame के भीतर फोटो एवं विवरणी के ऊपर एवं नीचे 4 से.मी. रिक्त स्थान तथा बाएँ व दाएँ 3–3 से.मी. एवं फोटो विवरणी के बीच तीन से.मी. का रिक्त स्थान रखते हुए प्रति फ्रेम होगा।

इच्छुक व्यक्ति/एजेंसी से इस कार्य की संभावित लागत का विवरण (दर) बंद लिफाफा में नीचे अंकित शर्तों के आधार पर आमंत्रित किया जाता है।

शर्त :–
1. निविदा दिनांक 31.03.2023 के अपराह्न 6:00 बजे तक जे.सी.ई.आर.टी., डायट कैम्पस रातू, राँची के कार्यालय में समर्पित किया जाएगा। प्राप्त निविदा को दिनांक 03.04.2023 के अपराह्न 3:00 बजे जे.ई.पी.सी. के सभा कक्ष में क्रय समिति के समक्ष खोला जाएगा।
2. इच्छुक एजेंसी/ निविदादाता बंद वित्तीय लिफाफा में अपना दर समर्पित करेंगे।
3. तकनीकी निविदा के लिफाफा में निम्न कागजात समर्पित करेंगे–
   i. एजेंसी/ निविदादाता का आधार कार्ड एवं पैन कार्ड।
   ii. एजेंसी/ निविदादाता का जी.एस.टी में पंजीयन संबंधित कागजात।
   iii. Trading Licence.
4. काली सूची में दर्ज नहीं होने संबंधी नोटरी का शपथ पत्र।
5. वित्तीय निविदा–लिफाफे में wall of Fame के निर्माण का दर अंकित करेंगे।
6. तकनीकी निविदा में योग्य पाए जाने के उपरांत ही संबंधित एजेंसी/निविदादाता का वित्तीय निविदा खोला जाएगा।
7. एजेंसी/निविदादाता क्रय समिति के समक्ष wall of Fame निर्मित की जाने वाली सामग्रियों की विवरणी (Specification) प्रस्तुत करेंगे।
8. निविदा को आंशिक संशोधित करने अथवा निरस्त करने का अधिकार कार्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

ह0/–
(किरण कुमारी पासी)
निदेशक

PR 293307 Jharkhand Council of Educational Research and Training(22-23)D



**Office Of The Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division Latehar**

**E Procurement Short Tender Notice**

**Tender Referance No- DWSD/LTR/SVS-15/22-23(1st Call) Dt 22.03.2023**

1 Name of Department :-Drinking Water & Sanitation Department
2 Date & Time of Tender Uploading in Website :-25.03.2023 at 04.00 P.M
3 Last Date of Receipt of Bid :-31.03.2023 at 05.00 P.M
4 Last date of Submission Cost of BoQ and Earnest Money :-01.04.2023 at 05.00 P.M
1. EE DW & S Div Latehar
2. SE DW& S Circle Medininagar
3. RCE DW & S Dept . Ranchi Zone Ranchi
5 Date of Opening Tender :-03.04.2023 at 04:30 P.M
6 Name & Address of Tender Inviting Authority :- Executive Engineer D. W & S Division Latehar
7 Contact No of Procurement Office :- 9430725642 & 6201242103

**Detail of Work:-**

| Sl No | Name of Work | Group No | No of Scheme | No of FHTC | Eastimated Cost | Earnest Money | Cost of BoQ | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Const. of Rural Water Supply for SVS under JJM In Different Village of Latehar District With FHTC Work under D W & S Division Latehar for F.Y- 2022-23 | SVS Chetar | 28 | 428 | 21006556.00 | 421000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 02 | | SVS Patratu | 16 | 260 | 11258274.00 | 226000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 03 | | SVS Masiyatu | 22 | 701 | 20136527.00 | 403000.00 | 10000.00 | 03 month |
| 04 | | SVS Turhamu | 20 | 301 | 14677840.00 | 294000.00 | 10000.00 | 03 month |
| 05 | | SVS Sasang | 30 | 513 | 23977475.00 | 480000.00 | 10000.00 | 03 month |

1. Eastimated Cost & Earnest Money May be Changed
2. Further Detail Can be seen on website http//:jharkhandtender.gov.in
3. Only Registered Contractor in this Department In (Appropriate Class) Participate In Said Tender.

Executive Engineer
D. W & S Division Latehar

PR 293305 Drinking Water and Sanitation(22-23).D


## समझाने-बुझाने के बाद भी अंबा प्रसाद वेल में खड़ी रहीं, तो स्पीकर ने कहा

# अब गाड़ी चलाने को विधायकों से एनओसी लेना होगा क्या?

### अंबा ने आम्रपाली कोल प्रोजेक्ट के ग्रामीण इलाके की सड़कों के बारे में पूछा था सवाल



**उदय चौहान**

**रांची।** बजट सत्र के 15 वें दिन बुधवार को सदन में अजीब स्थिति उत्पन्न हो गयी। दरअसल, कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद आम्रपाली कोल परियोजना के ग्रामीण इलाके की सड़कों से संबंधित सवाल पूछा था। इस पर संसदीय कार्य मंत्री ने स्पष्ट किया कि विभाग से सड़क पर चलने के लिए किसी प्रकार की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। इस पर कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने अपने सवाल का जवाब नहीं मिलने पर नाराजगी जताते हुए सदन का बहिष्कार कर दिया।

अंबा ने कंपनियों द्वारा ग्रामीण सड़कों का ट्रांसपोर्टिंग के लिए इस्तेमाल करने का मामला उठाया था। उन्हें मंत्री आलमगीर आलम ने जवाब दिया, लेकिन अंबा प्रसाद संतुष्ट नहीं हुईं । वह पेपर्स लेकर वेल में आकर स्पीकर के सामने खड़ी हो गईं। इस पर स्पीकर ने कहा की आप मंत्री को लिख कर दे दीजिए। सड़क पर कौन सी गाड़ी चलेगी और कौन सी गाड़ी नहीं चलेगी। तब भी अंबा वेल में खड़ी रहीं। तब स्पीकर नाराज हो गये।

स्पीकर ने कहा कि अब गाड़ी चलाने के लिए विधायकों से एनओसी लेना होगा क्या। उन्होंने कहा कि हम आपको नहीं समझा सकेंगे। आपको मंत्रीजी समझायेंगे, जाइए। स्पीकर ने कागज मंत्री को सौंपने को कहा। लेकिन, अंबा प्रसाद ने अपने हाथ में रखे पेपर्स आलमगीर आलम को नहीं सौंपा और सीधे अपनी सीट पर चली गईं। इसके बाद वे सदन का बहिष्कार कर बाहर निकल गयीं।

**अपेक्षा के अनुरूप नहीं बढ़ा प्रति व्यक्ति आय :** वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने बुधवार को सदन में स्वीकार किया कि झारखंड में प्रति व्यक्ति आय जितनी बढ़नी चाहिये, नहीं बढ़ी है। राज्य के प्रति व्यक्ति की आय 86,060 रुपए है। प्रति व्यक्ति आय को दो तरह से मापा जाता है। एक करेंट प्राइस पर और दूसरा कांस्टेंट प्राइस पर। करेंट प्राइस के अनुसार झारखंड के प्रति व्यक्ति की आय 86060 रुपए है। उन्होंनें कहा कि जीडीपी में कृषि का प्रतिशत घटा है। आजादी के समय उद्योग नहीं थे। इसलिये आय का एकमात्र साधन कृषि था। उस समय कृषि का 50 प्रतिशत से ज्यादा कंट्रीब्यूशन होता था जो आज घटकर 17 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि सुखाड़ के कारण झारखंड में किसानों की आय घटी है। सरकार का प्रयास है कि किसानों की आय बढ़ाई जाए। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने के लिए वार्षिक बजट 2023-24 में ठोस आर्थिक रणनीति के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी राशि का प्रावधान किया है। इसके तहत कृषि, ग्रामीण कार्य व ग्रामीण विकास के लिए आगामी वित्तीय वर्ष के लिए क्रमशः 4627 करोड़, 4293 करोड़ और 8166 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। आगामी वित्तीय वर्ष के कुल 01लाख 16 हजार 418 करोड़ रुपये के बजट में से 39736 करोड़ का प्रावधान आर्थिक प्रक्षेत्र के लिए किया है। जिसका सीधा संबंध आम जनता की आय वृद्धि से है। दरअसल, विधायक प्रदीप यादव के सवाल का मंत्री डॉ उरांव जवाब दे रहे थे। श्री यादव ने कहा कि किसानों की आय 2000 रुपए प्रतिमाह घटी है। प्रति व्यक्ति आय के मामले में जब राज्य अलग हुए था, उस समय भी झारखंड 26 वें स्थान पर था और आज भी 26 वें स्थान पर है। राज्य के किसानों की आय में गिरावट आई है। उन्होनें सरकार से गरीबी के आकलन के लिए झारखंड में एक आयोग बनाने की मांग की।

### कोयला ढोने वाले वाहनों में नहीं हो रही ओवरलोडिंग : चंपई सोरेन

**परिवहन** मंत्री चंपई सोरेन ने सदन में कहा कि आम्रपाली खदान से कोयला ढोने वाले वाहनों में ओवरलोडिंग नहीं हो रही है। यह जांच में पाया गया है। ट्रकों का वजन भारत सरकार परिवहन मंत्रालय के मानक द्वारा निर्धारित किया गया है। परिवहन विभाग का दायरा खदान से होते हुए साइडिंग के बाद रोड पर आने के बाद शुरू होता है। आम्रपाली खदान में खनन विभाग निरीक्षण करते रहता है। परिवहन विभाग ओवरलोडिंग का चार्ज करता है। खान विभाग द्वारा कमिटी बनायी गयी थी। उसमें परिवहन विभाग के नामित अधिकारी भी हैं। रोड पर कभी कभी चलान मिलाने का काम होता है। ओवरलोडिंग भी चेक होता है। दरअसल, विधायक सरयू राय ने पूछा था कि आम्रपाली खदान में शिवपुर रेल साइडिंग तक कोयला परिवहन में अनियमितता की जांच के लिए समिति बनी थी। लेकिन अबतक ओवरलोडिंग रोकने की कार्रवाई क्यों नहीं हुई। उन्होंने पूछा था कि ओवरलोडिंग के लिए जिम्मेवार व्यक्तियों पर क्या कार्रवाई हुई। मंत्री के जवाब पर उन्होंने कहा कि मुझे खनन , उसमें ओवरलोडिंग है या नहीं। आप वह स्पष्ट करें। उन्होंने पूछा था कि इसका मानक क्या है। ओवरलोडिंग क्यों नहीं रोका जा रहा है।

# नियोजन नीति पर सरकार फैला रही भ्रम : बिरंची नारायण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** द्वितीय पाली में कटौती प्रस्ताव पर भाजपा के बिरंची नारायण ने कहा कौन हैं राजीव अरुण एक्का। सीएम के प्रधान सचिव थे विशाल चौधरी दलाल के घर फाइल निपटा रहे थे। दूसरी तरफ नियोजन पर झूठ बोल कर चले जाते हैं सीएम। मुख्यमंत्री ने पूर्व में कहा था कि 1932 कानून सम्मत नहीं है। ईडी का प्रेम पत्र आया तो 1932 लागू करने की बात कहने लगे। 1 दिन का सत्र बुलाया। जोहार यात्रा निकाला। जब हाई कोर्ट ने हंटर चलाया और नियोजन को रद्दी की टोकरी में फेंकवा दिया तो इन्हें रघुवर दास के पहले की नीति याद आ गई। बिरंची नारायण ने कहा कि मुख्यमंत्री सदन में कहते हैं कि 23 साल में 20 साल तक भाजपा वालों का शासन रहा है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा है तो सवा 3 साल से आप राज कर रहे हैं। इसके पहले मधु कोड़ा भी सीएम रहे हैं। गुरुजी भी सीएम रहे हैं। उनके कार्यकाल का क्या हुआ। क्या सीएम भांग खाकर आए हैं कि ऐसी भ्रामक बातें कह रहे हैं। बिरंची नारायण ने कहा कि जो हिंदू धर्म से खिलवाड़ करेगा, वह अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में जाएगा। कटौती प्रस्ताव लाने वाले भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सरकार पर साधा निशाना। उन्होंने कहा कि पलामू में मुख्यमंत्री ने अधिकारी को निर्देश दिया था कि गोतस्करी करने वाली गाड़ियों को ना पकड़ें। ऐसी स्थिति में राज्य की विधि व्यवस्था का क्या हाल होगा।

# जंगली हाथियों के लिए अलग कॉरिडोर बने : लंबोदर महतो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो ने त्रुटियों का निराकरण करते हुए लोहार, लोहरा, कमार, करमाली एवं बड़ाईक व चिक बड़ाईक को अनुसूचित जनजाति जाति का प्रमाण पत्र निर्गत करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह समस्या पूरे राज्य भर की है। उन्होंने जंगली हाथियों के लिए अलग कॉरिडोर बनाने के लिए कार्य स्थगन का प्रस्ताव भी लाया। उन्होंने झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के शून्यकाल में कहा कि पूरे राज्य में लोहारएलोहरा, कमार, करमाली, बडाईक व चिक बड़ाईक आदि कई जातियां एक ही समाज एवं एक ही परिवार का होने के बावजूद राजस्व दस्तावेज में अलग-अलग शब्द दर्ज होने के कारण किसी को पिछड़ी जाति तो किसी को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है। इसलिए यह त्रुटि का निराकरण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने अपने कार्य स्थगन प्रस्ताव में कहा कि राज्य में जंगली हाथियों का आतंक बढ़ा हुआ है। आए दिन दर्जनों की संख्या में जंगली हाथी जंगलों से गांवों में आकर जान माल एवं फसलों की क्षति पहुंचा रहे हैं। अब तक हजारों लोगों की जान जा चुकी है और लाखों रुपयों की फसलों की क्षति हो चुकी है?। वन विभाग के पदाधिकारी जंगली हाथियों को भगाने में उदासीन बने हुए हैं। इसके लिए अलग अलग कॉरीडोर बनाना उचित होगा।

### मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट बिल भेजा गया प्रवर समिति को

**रांची।** झारखंड में चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल कर्मियों को सुरक्षा प्रदान करनेवाला मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट बिल एक बार फिर विधानसभा से पास नहीं सका। ऐसा तीसरी बार है, जब बिल लौटाया गया है। अब इस बिल को प्रवर समिति को भेजा जायेगा। बीते दिनों हेमंत सोरेन कैबिनेट में झारखंड चिकित्सा सेवा से संबद्ध व्यक्तियों, चिकित्सा सेवा संस्था हिंसा और संपत्ति नुकसान निवारण, विधेयक को सदन पर रखे जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली थी। बुधवार को जब इस विधेयक को रखा गया, तब विपक्ष ने इस पर आपत्ति जतायी। विपक्ष का कहना था कि इसमें केवल मेडिकल कर्मियों के हितों की बात की गयी है। जबकि मरीजों की नहीं है। मौके पर उपस्थित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विधेयक में अब तक 30 से अधिक बार संशोधन डाला गया है। इस पर विचार करने की जरूरत है। इसलिए विधेयक को प्रवर समिति को भेजा जायेगा।

# दीवानी मामलों में फौजदारी केस नहीं हो सकता : हाइकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया है कि सिविल डिस्प्यूट (दीवानी विवाद) से जुड़े मामलो में पैसे के लेन-देन के लिए क्रिमिनल (आपराधिक) केस नहीं किया जा सकता। दरअसल जमशेदपुर की नीड इस्ट कंपनी की निदेशक नीता सिंह और नताशा सिंह ने उनके खिलाफ निचली अदालत द्वारा चलाई जा रही, आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में क्रिमिनल मिसलिनियस पिटीशन दाखिल की थी। जिसपर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने जमशेदपुर सिविल कोर्ट के ज्यूडीशियल मैजिस्ट्रेट(न्यायिक दंडाधिकारी) के द्वारा चलाई जा रही कार्रवाई को निरस्त कर दिया। सुनवाई के दौरान प्रार्थियों के अधिवक्ता सुभाष रसिक सोरेन ने पक्ष रखते हुए कहा कि निचली अदालत ने इस तथ्य की अनदेखी की है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता की कंपनी पंजीकृत कंपनी है और एक पंजीकृत कंपनी को आपराधिक मामलों में आरोपी नहीं बनाया जा सकता।

### लालू प्रसाद की सजा बढ़ाने को लेकर सीबीआइ की याचिका पर सुनवाई 4 सप्ताह बाद

**रांची।** चारा घोटाला के देवघर कोषागार से अवैध निकासी से संबंधित लालू प्रसाद सहित 6 सजायाफ्ता की सजा बढ़ाने को लेकर दाखिल याचिका की आंशिक सुनवाई बुधवार को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। कोर्ट ने मामले में सीबीआई एवं प्रतिवादी लालू प्रसाद के अधिवक्ता से पूछा है कि वह अगली सुनवाई में हाईकोर्ट के रूल्स को देखते हुए बताएं कि इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के खंडपीठ में हो सकती है या एकल पीठ में हो सकती है। अगली सुनवाई 4 सप्ताह बाद निर्धारित है।

### भीखन गंझू की बेल पर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत में हार्डकोर नक्सली भीखन गंझू की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। जिसमें अदालत ने पुलिस से केस डायरी मांगी है। यह मामला हत्या का प्रयास और आर्म्स एक्ट से जुड़ा हुआ है।

### ढुल्लू महतो की याचिका पर हुई सुनवाई

रांची। भाजपा नेत्री से रेप के प्रयास मामले में डिस्चार्ज पिटिशन के खारिज होने को चुनौती देने वाली भाजपा विधायक ढुल्लू महतो की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने सूचक (पीड़िता) को 2 सप्ताह में प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 2 सप्ताह बाद होगी।

### कोर्ट ने सरकार से मांगी अद्यतन जानकारी

**रांची।** चाईबासा में मनरेगा घोटाला कि सीबीआई जांच को लेकर मतलूब आलम की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हाईकोर्ट में हुई। मामले में चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सरकार से पूछा है कि एसीबी में जो प्राथमिकी दर्ज की गई थी उसकी वर्तमान में जांच की क्या स्थिति है। कोर्ट ने 10 दिनों में सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

# चतरा में बेचा गया नवजात बोकारो में हुआ बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** चतरा पुलिस ने चतरा सदर अस्पताल से प्रसव के महज आठ घंटे के बाद नवजात को सदर थाना पुलिस ने बोकारो से बरामद कर लिया। बच्चे की बरामदगी को लेकर डीसी अबू इमरान व एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर गठित एसआईटी की टीम ने रामगढ़, हजारीबाग में छापा मारा। बुधवार की सुबह पुलिस ने नवजात को मामले में संलिप्त साहिया की निशानदेही पर बोकारो से बरामद कर लिया। एसआइटी में बीणा कुमारी, निरंजन कुमार समेत आईटी सेल के महिला पुरूष गार्ड शामिल थे।


गौरतलब हो कि झारखंड जिले के चतरा में एक मां के द्वारा चंद रुपये के लालच में मां की ममता का सौदा करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया था। सदर अस्पताल से नवजात के बेचे जाने की खबर के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त अबु इमरान की जांच कमेटी के तहत सिविल सर्जन, एसडीओ और एसडीपीओ को बच्चा बरामद करने का मामला सौंपा। सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के दीभा मोहल्ला इलाके की गर्भवती आशा देवी को सोमवार के दोपहर प्रसव पीड़ा के बाद परिजनों ने डिलीवरी के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में देर शाम महिला का प्रसव कराया गया। लेकिन आरोप है कि महिला के प्रसव के चंद घंटे बाद ही देर रात मौके पर मौजूद सहिया डिंपल देवी ने महज एक लाख रुपये में ही नवजात का सौदा करा कर उसकी मां से बच्चे को बेचवा दिया। पुलिस ने नवजात का सौदा कर घर में रखा एक लाख रुपया नकद समेत महिला को हिरासत में ले लिया था।

# बाहरी राज्यों के नक्सली नेताओं ने झारखंड में पसारा पांव!

## 21 नक्सली नेताओं पर है झारखंड में एक लाख से एक करोड़ रुपये तक का इनाम

**कुबेर सिंह**

**रांची।** झारखंड में नक्सलियों के शीर्ष नेतृत्व पर बाहरी राज्यों के नक्सली नेताओं ने कब्जा जमा लिया है। पश्चिम बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश के नक्सली नेता झारखंड के कैडरों पर हावी है। संगठन में कुछ नक्सली कमांडरों को छोड़ कर अधिकतर कैडरों की पूछ तक नहीं है। कैडरों में आक्रोश देखा जा रहा है और अंदर ही अंदर वे खफा हैं, इसलिए पाया जा रहा है कि नक्सली नेता पुलिस से संपर्क कर खुद सरेंडर करने की प्रक्रिया में जुट गए हैं।



**झारखंड में बाहर के तीन राज्यों का है वर्चस्व :** झारखंड में बाहरी राज्यों बिहार, छत्तीसगढ, बंगाल के कई माओवादी वर्तमान में सक्रिय है। राज्य पुलिस ने इनामी नक्सलियों की लिस्ट तैयार की है, जिनमें 76 इनामी नक्सलियों में 21 बाहरी राज्यों के नक्सली नेता हैं। इन नक्सलियों पर झारखंड में एक लाख से लेकर एक करोड़ तक का इनाम है। बिहार- झारखंड में संगठन की बड़ी जिम्मेदारी निभानेवाले प्रमोद मिश्र, छत्तीसगढ़- गढ़वा की सीमा पर बूढ़ापहाड़ में नक्सली संगठन को विस्तार देनेवाला भिखारी उर्फ मेहता जी झारखंड में सक्रिय हो गए हैं। बंगाल का माओवादी थिंक टैंक रंजीत बोस भी चाईबासा के इलाके में लगातार सक्रिय है।

### ये नक्सली हैं महत्वपूर्ण भूमिका में

पश्चिम बंगाल के असीम मंडल पर एक करोड़ का इनाम है। इसी तरह, पश्चिम बंगाल के अर्जुन महतो पर 15 लाख, बिहार के गया के संदीप यादव पर 25 लाख, बिहार के गया के गौतम पासवान पर 25 लाख, बिहार के जमुई के पिंटू राणा पर 15 लाख, बिहार के औरंगाबाद के मुराद पर 15 लाख, बिहार के गया के विकास यादव पर 15 लाख, बिहार के गया के अरविंद भुईंया पर 10 लाख, बिहार के गया के नितेश यादव पर 10 लाख, बिहार के गया के विवेक यादव पर 10 लाख का इनाम रख हुआ है। सीताराम रजवार, शिवपूजन यादव, सीता भुइँया बिहार के औरंगाबाद, पवन लेंगरा अमरजी यादव गया के हैं। ये सभी रीजनल कमेटी के हैं, इन पर पांच-पांच लाख का इनाम है। रीजनल कमेटी मेंबर बेला सरकार उर्फ पंचमी बंगाल के नदिया जिले की है, इस पर 15 लाख का इनाम है। एक लाख के इनामी कैडर औरंगाबाद के दारा यादव तथा अरवल के कारूजी शामिल है।

इनामी नक्सलियों की धर- पकड़ के लिए झारखंड पुलिस सीआरपीएफ जवानों व जगुआर जवानों के साथा घेराबंदी कर रही है। पुलिस नक्सलियों के नेटवर्क को ध्वस्त करने में जुटी हुई है।

**अमोल वेणुकांत होमकर, आइजी ऑपरेशन सह पुलिस प्रवक्ता, झारखंड पुलिस।**

# जाम का नुकसान

अमेरिकी प्रबंधन कंपनी बॉस्टन कंसलटिंग ग्रुप की मानें तो 2030 तक हमारे देश में चौराहों पर जाम की भेंट यही कोई 3700 करोड़ अमेरिकी डॉलर चढ़ने लगेंगे यानी कि 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान केवल जाम और जाम के कारण ही होने लगेगा। 2019 के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देश में जाम के कारण 2200 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान हो रहा था। यदि विकास के आइने में देखें तो यह बहुत बड़ी रकम होती है। यह तो केवल धनराशि के रूप में होने वाला नुकसान है जबकि समय, पर्यावरण, रोड़रेज और अन्य कारणों से होने वाला नुकसान तो इसके अलावा है। ऐसे में देखा जाए तो यातायात जाम की समस्या अपने आप में गंभीर हो जाती है। दरअसल शहरीकरण के चलते देश के किसी भी कोने में किसी भी शहर में निकल जाओ, चौराहों पर जाम आम होता जा रहा है। फिर राजधानी दिल्ली सहित देश के बड़े शहरों में तो हालात और भी गंभीर हो जाते हैं। देश के अनेक शहरों में अच्छी खासी संख्या में ऐसे सिग्नल रोड़ आसानी से मिल जाएंगे जिनमें यातायात के पीक समय में तीन से चार बार सिग्नल बदलने के बाद जाकर कहीं आपको निकलने का मौका मिल पाता है। यातायात को लेकर यह अपने आप में विकट और गंभीर समस्या है। चौराहों पर जाम के चलते जहां लाखों करोड़ रुपए की ईंधन बरबाद होता है वहीं प्रदूषण का स्तर भी बढ़ता है। स्थिति इतनी भयावह है कि टियर टू और थ्री के शहरों में जाम लग रहें हैं जबकि बाईपास बनाने की रफ्तार आवश्यकता से अधिक धीमी है। इसके साथ ही रोडरेज की घटना भी बढ़ती जा रही है। इसके अलावा गलती से किसी के वाहन से टच हो जाएं तो मारपीट या गाली-गलौच भी सुनने को मिलता है। लगातार जाम में फंसने के कारण मानसिक तनाव के हालातों से भी गुजरना पड़ता है।

# डिजिटल लेन-देन

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांता दास ने बताया कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (वढक) के जरिए हो रहे पेमेंट्स में जबरदस्त ग्रोथ देखने को मिली है। पिछले 1 साल में वढक के जरिए हो रहे हर दिन के ट्रांजैक्शन में बढ़िया ग्रोथ दिखी है॥ हर दिन 36 करोड़ से ज्यादा यूपीआइ ट्रांजेक्शन हो रहे हैं, जोकि फरवरी 2022 में हुए 24 करोड़ वढक ट्रांजेक्शन की तुलना मैं 50 फीसदी ज्यादा है।इतना ही नहीं आरबीआइ गवर्नर शक्तिकांता दास ने यह भी कहा कि डिजिटल पेमेंट ट्रांजैक्शन ने 1000 करोड़ रुपए हर महीने का आंकड़ा भी पार कर लिया है। ये आंकड़ा पिछले 3 महीने से लगातार 1000 करोड़ रुपए के ऊपर ही है। हमारे पेमेंट सिस्टम ग्लोबली चर्चा में है। जिसके चलते कुछ देशों ने हमारी तरह ही अपने यहां वढक ट्रांजैक्शन अपनाने में दिलचस्पी दिखाई है। भारत में किए गए एक हाल के डिजिटल पेमेंट्स सर्वे से पता चला कि 42 फीसदी लोग डिजिटल ट्रांजैक्शन का इस्तेमाल करते हैं। इस सर्वे में 90 हजार लोगों से सवाल-जवाब किए गए थे। देश में यूपीआइ साल 2016 में लॉन्च किया गया था और तब से लेकर अबतक ये सिस्टम सबसे ज्यादा चर्चा का विषय बना हुआ है। जनवरी 2017 में वढक ट्रांजैक्शन के आंकड़ा केवल 0.45 करोड़ था, जो जनवरी 2023 के आते-आते बढ़कर 804 करोड़ हो गया है। वहीं अगर वॉल्यूम की बात करें तो, जनवरी 2017 में यूपीआई ट्रांजैक्शन 1700 करोड़ रुपए था, जो कि जनवरी 2023 में बढ़कर 12.98 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इस लेन-देन में सामान्य लोगों का शामिल होना देश की तकनीक पर भरोसा और लोगों के अदंर बढ़ती जागरुकता को दर्शाता है। यही नहीं पूरी दुनिया में इसकी सुरक्षा और सहजता को लेकर चर्चा हो रही है। एक चाय की दुकान से लेकर मॉल तक इससे लेन-देन लगातार बढ़ता जा रहा है।

# भारतीय बैंक मजबूत और बेहतर स्थिति में






-प्रल्हाद सबनानी

> अमेरिका के साथ ही अन्य कई विकसित देशों ने भी मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लगातार ब्याज दरों में वृद्धि की है। अतः यूरोपीयन देशों में भी बैंकों में इसी प्रकार की समस्या आ सकती है। क्रेडिट स्विस नामक एक निवेश बैंक में तो इस प्रकार की समस्या दृष्टिगोचर भी है। इस बैंक के शेयर की कीमत पूंजी बाजार में 98 प्रतिशत तक गिर गई है।

स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि भारत में चूंकि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक ने पूर्व में ही कई निम्नलिखित निर्णय लिए हैं जिसके चलते भारतीय बैंकों की वित्तीय स्थिति इस संदर्भ में बहुत सुदृढ़ हो गई है।

अमेरिकी वित्तीय क्षेत्र में बैंकों पर भारी संकट आ गया है। अभी तक दो बैंक (सिलिकॉन वैली बैंक एवं सिग्नेचर बैंक) बंद हो चुके हैं और 6 अन्य छोटे आकार के बैंकों (फर्स्ट रिपब्लिक बैंक, वेस्टर्न अलाइन्स बैंक, पैकवेस्ट, यूएमबी फायनैन्शल सहित) पर गम्भीर संकट बना हुआ है। इन बैंकों में रोकड़ एवं तरलता की गम्भीर समस्या उत्पन्न हो गई है एवं इनके पास अपने जमाकताओं को भुगतान करने के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं है। इन बैंकों के शेयरों की कीमत पूंजी बाजार में 14 से 30 प्रतिशत के बीच गिर चुकी है।

एक आकलन के अनुसार अमेरिका के 160 बड़े बैंकों (जिनके पास 500 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि की आस्तियां हैं) को 20,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। अमेरिका की रेटिंग संस्थाओं स्टैंडर्ड एंड पूअर्स एवं फिच ने कुछ बैंकों की रेटिंग घटाकर जंक श्रेणी में डाल दी है क्योंकि यह बैंक अपने जमाकताओं को राशि वापस करने की स्थिति में नहीं हैं। अमेरिका के सबसे बड़े बैंकों को भी भारी आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इनके अमेरिकी बांड्ज में किए गए निवेश की बाजार कीमत कम हो गई है। सिटी बैंक समूह को 4,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर, बैंक आफ अमेरिका को 2,120 करोड़ अमेरिकी डॉलर, जेपी मोर्गन चेज को 1,730 करोड़ अमेरिकी डॉलर, टरुइस्ट फायनैन्शल को 1,360 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वेल्ज फार्गो को 1,340 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं यूएस बैंक कॉर्प को 1,140 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। यह सभी बड़े बैंक हैं अतः इस नुक्सान को सहन कर जाएंगे

दरअसल, अमेरिकी बैंकों में समस्या वहां के केंद्रीय बैंक, यूएस फेड रिजर्व, द्वारा लगातार यूएस फेड रेट में की जा रही वृद्धि के चलते उत्पन्न हुई है। अमेरिका में समस्त बैंकों ने अमेरिकी बांड्ज में भारी भरकम निवेश किया हुआ है। पहले चूंकि अमेरिका में ब्याज दरें कम थीं अतः इन बांड्ज पर कूपन रेट (ब्याज दर) भी कम था और समय के साथ जैसे जैसे अमेरिका में ब्याज दरों का बढ़ना शुरू हुआ, नए बांड्ज बढ़ी हुई ब्याज दरों पर जारी किए जाने लगे। इसके कारण पुराने बांड्ज की बाजार कीमत कम होती चली गई क्योंकि इन बांड्ज पर कम ब्याज दर लागू थी। इन बांड्ज की बाजार कीमत इतनी कम होती गई क्योंकि वह इन बांड्ज में निवेश की गई राशि से भी कम रह गई। अतः इन बैंकों को इन पुराने बांड्ज पर भारी भरकम नुक्सान हुआ है। इन बांड्ज को आज के समय में बाजार में बेचने पर इन बैंकों को अपने निवेश की राशि भी नहीं मिल पा रही है। इस प्रकार ये बैंक अपने जमाकताओं को राशि का भुगतान करने में असफल हो रहे हैं। अमेरिका के साथ ही अन्य कई विकसित देशों ने भी मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लगातार ब्याज दरों में वृद्धि की है। अतः यूरोपीयन देशों में भी बैंकों में इसी प्रकार की समस्या आ सकती है। क्रेडिट स्विस नामक एक निवेश बैंक में तो इस प्रकार की समस्या दृष्टिगोचर भी है। इस बैंक के शेयर की कीमत पूंजी बाजार में 98 प्रतिशत तक गिर गई है। दरअसल, विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा, मुद्रा स्फीति जो कि कोविड महामारी एवं रूस यूक्रेन युद्ध के चलते उत्पादों की आपूर्ति में आई कमी के कारण उत्पन्न हुई थी, को उत्पादों की मांग में कमी करने के उद्देश्य से, ब्याज दरों में वृद्धि कर नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा था। यह अपने आप में एक सही निर्णय नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि उत्पादों की आपूर्ति बढ़ाने के स्थान पर उत्पादों की मांग कम करने के प्रयास किए जा रहे थे, जोकि एक नकारात्मक निर्णय कहा जा सकता है। इसके चलते कई संस्थानों को तो कर्मचारियों की छंटनी भी करनी पड़ी है और अब विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों के इस निर्णय ने इन देशों की बैंकों के लिए भी एक गंभीर वित्तीय संकट खड़ा कर दिया है।

अब यहां प्रश्न यह खड़ा हो रहा है कि अमेरिका सहित अन्य विकसित देशों की बैंकों के सामने आए इस वित्तीय संकट का प्रभाव क्या भारतीय बैंकों पर भी पड़ेगा। इसके उत्तर में स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि भारत में चूंकि केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक ने पूर्व में ही कई निम्नलिखित निर्णय लिए हैं जिसके चलते भारतीय बैंकों की वित्तीय स्थिति इस संदर्भ में बहुत सुदृढ़ हो गई है।

बैंकिंग उद्योग किसी भी देश में अर्थ जगत की रीढ़ माना जाता है। बैंकिंग उद्योग में आ रही परेशानियों का निदान यदि समय पर नहीं किया जाता है तो आगे चलकर यह समस्या उस देश के अन्य उद्योगों को प्रभावित कर, उस देश के आर्थिक विकास की गति को कम कर सकती है। इसलिए पिछले 8 वर्षों के दौरान केंद्र सरकार ने बैंकों की लगभग हर तरह की समस्याओं के समाधान हेतु कई ईमानदार प्रयास किए हैं। गैरनिष्पादनकारी आस्तियों से निपटने के लिए दिवाला एवं दिवालियापन संहिता लागू की गई है। देश में सही ब्याज दरों को लागू करने के उद्देश्य से मौद्रिक नीति समिति बनायी गई है। साथ ही, केंद्र सरकार ने इंद्रधनुष योजना को लागू करते हुए, सरकारी क्षेत्र के बैंकों को 3.10 लाख करोड़ रुपए से अधिक की पूंजी उपलब्ध करायी है। साथ ही, दिनांक 30 अगस्त 2019 को देश की वित्त मंत्री माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमण ने बैंकिंग क्षेत्र को और अधिक मजबूत बनाए जाने के उद्देश्य से सरकारी क्षेत्र के बैंकों के आपस में विलय की घोषणा की थी। सरकारी क्षेत्र के बैंकों की, समेकन के माध्यम से, क्षमता अनवरोधित (अनलाक) करने के उद्देश्य से ही सरकारी क्षेत्र के बैंकों के आपस में विलय की घोषणा की गई थी। इन बैंकों के विलय में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया था कि इनके विलय से किसी भी ग्राहक को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो, ये तकनीक के लिहाज से एक ही प्लैट्फार्म पर हों, इन बैंकों की संस्कृति एक ही हो।

## खास बात

# भगत सिंह की याद में

(शहीद दिवस/23 मार्च विशेष) **आर.के. सिन्हा**

कौन सा हिन्दुस्तानी होगा जिसके मन में शहीद भगत सिंह को लेकर गहरी श्रद्धा का भाव नहीं होगा। होगा भी क्यों नहीं। देश भगत सिंह के करीबी साथियों जैसे चंद्रशेखर आजाद, राजगुरु, सुखदेव, बटुकेशवर दत्त, दुर्गा भाभी वगैरह के बलिदान को भी याद रखा जाए।

राजगुरु का संबंध पुणे (महाराष्ट्र) से था। उन्हें भगत सिंह और सुखदेव के साथ 23 मार्च, 1931 को लाहौर में फांसी पर लटका दिया गया था। वे भगत सिंह और सुखदेव के घनिष्ठ मित्र थे। इस मित्रता को राजगुरु ने मृत्यु पर्यंत निभाया। देश की आजादी के लिए दिये गये राजगुरु के बलिदान ने इनका नाम भारत इतिहास में अंकित करवा दिया। अगर बात वीर स्वतंत्रता सेनानी सुखदेव की हो तो वो भी महाराष्ट्र से थे । राजगुरु के पिता का निधन इनके बाल्यकाल में ही हो गया था। इनका पालन-पोषण इनकी माता और बड़े भैया ने किया। राजगुरु बचपन से ही बड़े वीर और मस्तमौला थे। भारत मां से प्रेम तो बचपन से ही था। वो बचपन से ही वीर शिवाजी और लोकमान्य तिलक के बहुत बड़े भक्त थे।

संकट मोल लेने में भी इनका कोई जवाब नहीं था। महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद से मुलाकात के बाद उनका जीवन पूर्णतः बदल गया। उन्हें जीवन का एक लक्ष्य मिल गया। चंद्रशेखर आजाद इस जोशीले नवयुवक से बहुत प्रभावित हुए और बड़े चाव से इन्हें निशानेबाजी की शिक्षा देने लगे। शीघ्र ही राजगुरु भी आजाद जैसे एक कुशल निशानेबाज बन गए। राजगुरु का निशाना कभी चूकता नहीं था। चंद्रशेखर की मार्फत राजगुरु भगत सिंह और सुखदेव से मिले। राजगुरु इन दोनों से बड़े प्रभावित हुए। ये तीनों परम मित्र बन गए।

इन सब क्रांतिकारियों ने लाला लाजपत राय की मृत्यु के जिम्मेदार अंग्रेज अफसर स्कॉट का वध करने की योजना बनाई। इस काम के लिए राजगुरु और भगत सिंह को चुना गया। राजगुरु तो अंग्रेजों को सबक सिखाने का अवसर ढूंढ़ते ही रहते थे। अब वह सुअवसर उन्हें मिल गया था।

जारी...

# अहंकार से रहें दूर

## विचार-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**स्वांसों** का प्रसाद देने वाला परमात्मा सभी के हृदय में विराजमान है और बहुत ही नजदीक है। लेकिन इंसान को उसकी खुशबू क्यों नहीं आती क्योंकि इंसान स्वयं और अपने हृदय से बहुत दूर रहता है। जब शीशू रोता है तो ममतामयी प्यारी मां उसे अपने आंचल में ले लेती है और उसी पल शीशू को अपनी मां की खुशबू मिल जाती है। तब वह बिल्कुल शांत हो जाता है। उसके होठों पर मधुर मुस्कान आ जाती है और शरीर का रोआं रोआं खिल जाता है। इसी प्रकार परमात्मा स्वांसों की छड़ी से छूकर हमें हर पल अपने पास बुलाता है। लेकिन इंसान अपने अहंकार और स्वयं से दूरी के वशीभूत इसे पहचान नहीं पाता। सच्चा प्रेम ऐसा होना चाहिए कि अभ्यास के समय आंखों में अपने आप आंसू निकलना शुरू हो जाएं। जिस प्रकार बच्चे की कोई मांग या आकांक्षा नहीं होती बल्कि मां स्वयं उसे दे देती है इसी प्रकार आप भी किसी प्रकार की कोई आकांक्षा या मांग न रखें।

परमात्मा का आपके भीतर हृदय में विराजमान होना ही सबसे बड़ा आशीर्वाद है। उनसे कुछ मांगना नहीं पड़ता। अभ्यास से जैसे ही परमात्मा का सानिध्य मिलता है तो व्यक्ति को सब कुछ अपने आप मिल जाता है।

जैसे फूल के पास जाओ खुशबू अपने आप ही मिलने लगती है उसी प्रकार परमात्मा के सानिध्य में शांति की खुशबू अपने आप मिलना शुरू हो जाती है। वो इतना परम दयालु है कि बच्चा मां के गर्भ से बाहर बाद में आता है लेकिन उसके भोजन के लिए मां का आंचल पहले ही दूध से भर देता है।


**रोक** नहीं पाती कोई बाधा
न टिकता है कोई विवाद
क्योंकि
मोदी जी के साथ है
देश की संपूर्ण नारी शक्ति का आशीर्वाद!

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

## आपके ट्वीट

**भगवत्प्राप्ति** के अनेक उपादानों में से सेवा और ईष्ट के प्रति सर्वतोभावेन समर्पण ही श्रेष्ठ साधन माने गए हैं। सेवा-समर्पण के बिना कर्तापन का अभिमान, कृतघ्नता व दोषदृष्टि से निवृत्ति संभव नहीं है।

**– अवधेशानंद गिरी**





**देश** का प्रधानमंत्री भारत नहीं है। सही बोलना हमारा अधिकार है और हम सच बोलकर सही रास्ते पर चल रहें हैं। मेरे साथ आइये।

**– राहुल गांधी**

## कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

# प्रेरणा पुंज हैं हिंदू विचारक डॉ हेडगेवार

**मृत्युंजय दीक्षित**

भारत के सबसे विशाल, समाजसेवी व राष्ट्रभक्त संगठन, 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्म युगाब्द 4991 की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नागपुर के एक गरीब वेदपाठी परिवार में हुआ था। डॉ. हेडगेवार के पिता का नाम श्री बलिराम पंत व माता का नाम रेवतीबाई था। हेडगेवार जी का बचपन बहुत ही गरीबी में बीता किन्तु गरीबी के उस वातावरण में भी व्यायाम, कुश्ती, लाठी चलाना आदि में उनकी रुचि रही।

डॉ. हेडगेवार की प्रारम्भिक शिक्षा अंग्रेजी विद्यालय नीलसिटी में हुई, जहां उन्होंने महारानी विक्टोरिया के 60वें जन्मदिन पर बांटी गई मिठाई को कूड़ेदान में फेंक दिया था। सन 1901 में इंग्लैंड के राजा एडवर्ड सप्तम के राज्यारोहण के समय लोगों द्वारा खुशी मनाये जाने पर वो बहुत दुखी हुए।

1902 में प्लेग की महामारी के कारण उनके माता-पिता का देहावसान हो गया। हेडगेवार जी के बड़े भाई क्रोधी स्वभाव के थे। इसके कारण उन्होंने घर छोड़ दिया और अपने मित्रों के साथ रहने लगे। उन्होंने लोकमान्य तिलक के पत्र के लिए धन एकत्र करने का काम प्रारंभ किया और स्वदेशी वस्तुओं की दुकान खोलने में भी सहायता की।

19 सितम्बर 1905 को अंग्रेज सरकार ने बंगाल को विभाजित कर दिया जिसका पूरे देश में व्यापक विरोध हुआ। पूरा भारत वंदेमातरम् के नारे से गूंज उठा था। डॉ. हेडगेवार ने नागपुर के किले से अंग्रेजों के झंडे उतारकर भगवा झंडा

## सामयिक

लगाने का प्रयास किया। विद्यालय में निरीक्षक के आने पर छात्रों ने वंदेमातरम् के नारे लगाए। कुछ ही दिनों में डॉ. हेडगेवार नागपुर में तिलक के नाम से प्रसिद्ध हो गए। उन्होंने ने 1906 में दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। वह अपनी पढ़ाई के लिए ट्यूशन और एक विद्यालय में नौकरी करने लगे । सन 1908 में अंग्रेज सरकार ने उनके पीछे गुप्तचर लगा दिए।

बड़े क्रांतिकरियों के साथ सम्पर्क में आने के लिए वह 1910 में कलकत्ता पहुंच गए। विद्यालय के पश्चात वह अन्य विद्यार्थियों से सम्पर्क करते थे। सन 1910 मे कलकत्ता में हुए दंगे के दौरान उन्होंने एक सुश्रूवा दल बनाया। यहां अनुशीलन समिति व प्रमुख क्रांतिकारियों से उनका सम्पर्क हुआ। जहां वो रहते थे, वहां एक गुप्तचर उनके पीछे लग गया। शंका होने पर उसकी तलाशी ली गई। उसके गुप्तचर होने कई प्रमाण मिले। इसके बाद उन्होंने अपनी वेशभूषा बदल दी।1913 में उन्होंने दामोदर नदी की बाढ़ के समय पीड़ितों की खूब सेवा की। दो सितम्बर को एल एल एंड संस की पदवी प्राप्त की और डॉक्टर की उपाधि लेकर वापस नागपुर लौटे। 1915 से 1920 तक वो राष्ट्रीय आंदोलनों में अत्यंत सक्रिय रहे। प्रवास, सभा, बैठक आदि में सदा सक्रिय रहते थे। तरुणों में पूर्ण स्वतंत्रता की आकांक्षा को धधकाने में वे सदा तत्पर रहते थे। नागपुर में दोबारा प्लेग फैला। इस दौरान उनके भाई का निधन हो गया। इसके बाद डॉ. हेडगेवार ने जीवन भर अविवाहित रहकर राष्ट्र कार्य करने का निश्चय किया। डॉ. केशव गणोशोत्सव में उत्साह से भाग लेते थे और उत्साह भरने वाले भाषण देते थे।उन्होंने होमरूल आंदोलन में भी भाग लिया। वो क्रांति के लिए व्यक्ति, धन तथा शस्त्रास्त्र की व्यवस्था करते थे।

उन्होंने राष्ट्रीय उत्सव मंडल की स्थापना की और उनके घर पर शरद पूर्णिमा मनाई गई। सन 1919 में उन्होंने लाहौर कांग्रेस में भाग लिया। 31 जुलाई को असहयोग आंदोलन आरम्भ हो गया। कुछ समय बाद डॉ. हेडगेवार, योगीराज अरविंद से मिलने पांडुचेरी गए। 1920 में नागपुर के कांग्रेस अधिवेशन में वह सेवा दल के प्रमुख बने।

डॉ. हेडगेवार ने खिलाफत आंदोलन का विरोध किया और कहा कि यह देश के लिए घातक सिद्ध होगा।

## लेटर टू एडिटर

### लकीर की फकीर

**आत्मविश्वास** खो चुकी कांग्रेस अब भी अस्तित्व पर पड़े संकट को गंभीरता से न लेकर लकीर की फकीर बनी हुई है। कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को आत्मविश्लेषण की जरूरत है। नेताओं का महत्व समझना होगा और उन्हें सम्मान भी देना होगा। जो नेहरू परिवार और कांग्रेस के लिए ही नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के लिए भी सुखद स्थिति नहीं होगी।

**–रवि, रांची**

### असावधानी से खतरा

**वर्तमान समय में** धरना निश्चित रूप से न केवल राष्ट्रीय राजधानी बल्कि पूरे देश में घातक वायरस के प्रसार के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य कर सकता है। ये विरोध निश्चित रूप से कोरोना मामलों की संख्या में वृद्धि का कारण बन सकता है क्योंकि न तो किसी सामाजिक दूरी का पालन किया जा रहा है और न ही प्रसार को रोकने को तैयार हैं।

**–दीपांशी, जमशेदपुर**

# नव सम्वत पर संस्कृति का सादर करें वंदन

**डॉ. सौरभ मालवीय**

नवरात्र हवन के झोंके, सुरभित करते जनमन को।

है शक्तिपूत भारत, अब कुचलो आतंकी फन को

नव सम्वत पर संस्कृति का, सादर वन्दन करते हैं।

हो अमित ख्याति भारत की, हम अभिनन्दन करते हैं॥

इस साल 22 मार्च से विक्रम सम्वत 2080 का प्रारम्भ हो रहा है। विक्रम सम्वत को नव संवत्सर भी कहा जाता है। संवत्सर पांच प्रकार के होते हैं, जिनमें सौर, चन्द्र, नक्षत्र, सावन और अधिमास सम्मिलित हैं। मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुम्भ एवं मीन नामक बारह राशियां सूर्य वर्ष के महीने हैं। सूर्य का वर्ष 365 दिन का होता है। इसका प्रारम्भ सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने से होता है। चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, अग्रहायण, पौष, माघ और फाल्गुन चन्द्र वर्ष के महीने हैं। चन्द्र वर्ष 355 दिन का होता है। इस प्रकार इन दोनों वर्षों में दस दिन का अंतर हो जाता है। चन्द्र माह के बढ़े हुए दिनों को ही अधिमास या मलमास कहा जाता है।

नक्षत्र माह 27 दिन का होता है, जिन्हें अश्विन नक्षत्र, भरणी नक्षत्र, कृत्तिका नक्षत्र, रोहिणी नक्षत्र, मृगशिरा नक्षत्र, आर्द्रा नक्षत्र, पुनर्वसु नक्षत्र, पुष्य नक्षत्र, आश्लेषा नक्षत्र, मघा नक्षत्र, पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र, उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र, हस्त

## समाज

नक्षत्र, चित्रा नक्षत्र, स्वाति नक्षत्र, विशाखा नक्षत्र, अनुराधा नक्षत्र, ज्येष्ठा नक्षत्र, मूल नक्षत्र, पूवार्षाढ़ा नक्षत्र, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, श्रवण नक्षत्र, घनिष्ठा नक्षत्र, शतभिषा नक्षत्र, पूवार्भाद्रपद नक्षत्र, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र, रेवती नक्षत्र कहा जाता है। सावन वर्ष में 360 दिन होते हैं। इसका एक महीना 30 दिन का होता है।

भारतीय संस्कृति में विक्रम सम्वत का बहुत महत्व है। चैत्र का महीना भारतीय कैलेंडर के हिसाब से वर्ष का प्रथम महीना है। नवीन संवत्सर के संबंध में अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। वैदिक पुराण एवं शास्त्रों के अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि को आदिशक्ति प्रकट हुई थीं। आदिशक्ति के आदेश पर ब्रह्मा ने सृष्टि प्रारम्भ की थी। इसीलिए इस दिन को अनादिकाल से नववर्ष के रूप में जाना जाता है। मान्यता यह भी है कि इसी दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लिया था। इसी दिन सतयुग का प्रारम्भ हुआ था।

मान्यता है कि इसी दिन सम्राट विक्रमादित्य ने अपना राज्य स्थापित किया था। श्रीराम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। युधिष्ठिर का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। नवरात्र भी इसी दिन से प्रारम्भ होते हैं। इसी तिथि को राजा विक्रमादित्य ने शकों पर विजय प्राप्त की थी। विजय को चिर स्थायी बनाने के लिए उन्होंने विक्रम सम्वत का शुभारंभ किया था। इसी दिन से महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, महीने और वर्ष की गणना करके पंचांग की रचना की थी। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का ऐतिहासिक महत्व भी है। स्वामी दयानंद सरस्वती ने इसी दिन आर्य समाज की स्थापना की थी। इस दिन महर्षि गौतम जयंती मनाई जाती है। इस दिन संघ संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्मदिवस भी मनाया जाता है।

सृष्टि की सर्वाधिक उत्कृष्ट काल गणना का श्रीगणेश भारतीय ऋषियों ने अति प्राचीन काल से ही कर दिया था। तदनुसार हमारे सौरमंडल की आयु लगभग चार अरब 32 करोड़ वर्ष है।

संस्थापक
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
**मंजू सिंह**
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
**अविनाश ठाकुर***
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### दारू में मां दुर्गा महायज्ञ शुरू

दारू। कबलासी पंचायत के ग्राम गाड़ीसाड़ में बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्री श्री 1008 आदि शक्ति जगतजननी माँ दुर्गा का नौदिवसीय महायज्ञ का विधिवत शुभारम्भ हुआ। कलश यात्रा में भगवा और महाबीरी झंडा लिए भक्तों के साथ 351 महिलाएँ कलश लेकर मंदिर से निकली। भक्तों की टोली इस दौरान दुर्गा माता की जय ,हर हर महादेव और जय बजरंग बली के नारों से गुंजयमान रहा।माँ दुर्गा के भक्तों की टोली ढोल तासा और नगाड़े की धुन के साथ मंदिर से निकलकर फुरुक्का नदी तक गई वहां से विधि विधान पूर्वक कलश में जल भरकर पांच किलोमीटर की दूरी तय कर वापस मंदिर लौट गए।इस दौरान महायज्ञ के आचार्य भक्तिधर मिश्रा और उपाचार्य नीरज कुमार ने विधि विधान पूर्वक मंत्रोचारण कर पूजा कराए।वहां से लौट कर पंचांग पूजा,मंडप प्रवेश, महाआरती के बाद विधिवत पूर्वक प्रसाद का बितरण किया गया।इस परिसर में मां दुर्गा का पुराना मंदिर था जिसका जीर्णोद्धार कर फिर से भव्य रूप दिया गया। यज्ञ के सफल आयोजन में अध्यक्ष चेतलाल महतो,कोषाध्यक्ष कैलाश प्रजापति उपकोषाध्यक्ष मनोज महतो,मुकेश रविदास,संतोष पासवान,गणेश प्रजापति, संतोष रविदास,दिनेश्वर महतो,दीपक मेहता, रमेश राणा, सरजू प्रजापति, रमेश राणा,धनेश्वर राणा,द्वारिका मेहता,राजकिशोर ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर, नागेश्वर पासवान आदि का सहयोग सराहनीय है।

### बजरंग अस्त्र भंडार का शुभारंभ

हजारीबाग। बजरंग दल प्रांत मिलन प्रमुख संजय चौबे, जिला मंत्री अरविंद मेहता, जिला संयोजक प्रशांत सिंह, एवं पूर्व महा समिति अध्यक्ष पीकू यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर बजरंग अस्त्र भंडार का शुभारंभ किया। संगठन ने बताया इसका मुख्य उद्देश्य राम नवमी के अवसर पर न्यूनतम लागत मूल्य में ज्यादा से ज्यादा राम भक्तों तक एवं समाज के निचले स्तर तक प्रदर्शनकारी अस्त्र-शस्त्र पहुंचाए जा सके। ताकि धार्मिक त्योहारों के मौके के लाभ उठाकर बाजारू बिचौलियों के द्वारा लूट का धंधा बंद हो सके। यहां पारंपरिक अस्त्र जैसे लाठी प्रदर्शन हेतु तलवारे एवं अन्य सामग्री उपलब्ध है। बजरंग अस्त्र भंडार का विधिवत उद्घाटन बजरंग दल के प्रांत मिलन प्रमुख संजय चौबे , जिला मंत्री अरविंद मेहता , पूर्व महासमिति अध्यक्ष श्री पीकू यादव, बजरंग दल जिला संयोजक प्रशांत सिंह ने किया। मौके पर उपस्थित रहे विद्यार्थी परिषद जिला सहसंयोजक मनदीप यादव, सदर संयोजक कुंदन मेहता, कटकमसांडी संयोजक उमेश गुप्ता कटकमसांडी विहिप मंत्री आकाश मेहता, सदर बजरंग दल विद्यार्थी प्रमुख निशांत कुमार, मुकेश यादव, रुपेश राणा, गोलू राज, इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दारू में रामनवमी को ले तैयारी पूरी

दारू। दारू थाना क्षेत्र में रामनवमी को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी हुई। बुधवार को रामनवमी को लेकर पुराना दुर्गा मंडप दारू में कबलासी, दारू, जिनगा और इरगा पंचायत के अखाड़ा समिति के सदस्यों के साथ एक आवश्यक बैठक की जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी नीतू कुमारी ने किया।इस बैठक में नवमी के दिन जुलूस निकालने वाले अखाड़ा समिति द्वारा समिति का गठन कर अध्यक्ष सहित कुल 21 लोगो का नाम मोबाइल नम्बर के साथ सूची मांगी। अंचलाधिकारी ने कहा कि चलंत झांकी में डीजे साउंड नही बजाया जाएगा और सभी अखाड़ा के लोग प्रशाशन द्वारा तय मापदंड का पालन करना अनिवार्य होगा। थाना प्रभारी अमित कुमार ने सभी प्रखंड वासियों से रामनवमी के त्योहार शांति पूर्वक मनाने की अपील करते हुए सबका सहयोग मांगा। इस बैठक में मौजूद सभी लोगो ने धार्मिक जुलूस को शांति पूर्वक निकालने और प्रशासन द्वारा दिये गए दिशा निदेर्शों का पूरा पालन किया जाएगा। इस बैठक में भैया संतोष कुमार सिन्हा,भैया आजाद सिन्हा, भैया मनोज, महेंद्र राम,जयनारायण मंडल, राकेश कुमार, हरि साव,बजरंग सहाय, अरविंद कुमार, महेंद्र रवानी,विजेंदर कुमार, सुरेंद्र पासवान,भैया नितेश, उपेंद्र पासवान, बीरेंद्र यादब आदि शामिल थे।

### नवरात्र के प्रथम दिन कलश स्थापित

दारू। प्रखंड क्षेत्र के रामदेव खैरिका, कवालु, हरली आदि जगहों पर चैती दुर्गा मंडप में नवरात्र पूजा के पहले दिन विधिवत पूर्वक कलश स्थापित कर पूजा किया। दुर्गा मंडप में दुर्गा सप्तसती पाठ के साथ नवरात्र का कठिन व्रत रखने वाले श्रद्धालु भी शामिल हुए और पाठ का श्रवण किया। नवरात्र प्रारंभ होते ही पूरा क्षेत्र भक्तिमत होता जा रहा है और जैसे जैसे नवरात्र की पूजा आगे बढ़ती जाएगी मंडप में भक्तों का सैलाब भी बढ़ता जाएगा। मंडप के आसपास के क्षेत्रों में भगवा झंडे लगाए जा रहे है। पूजा के बाद हर दिन संध्याकाल में माता की आरती के बाद प्रसाद का बितरण किया जाएगा।

### रामनवमी महासमिति के महासचिव बने मांझी

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा श्री रामनवमी पूजा मेला महासमिति की बैठक सुंदरनगर पंचायत भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष मनोज राम ने की। बैठक में इस वर्ष रामनवमी पूजा महासमिति कमेटी का संशोधन किया गया।इसमें उपाध्यक्ष मुखिया व्यास पांडे, राणा प्रताप सिंह, महासचिव जवाहरनगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी को बनाया गया। जबकि संरक्षक मंडली में सरोजकांत झा, सचिव विरेन्द्र यादव, विश्वरंजन सिन्हा, राजेश महतो शामिल हैं। बाकी सभी पदाधिकारी और सदस्यो को पिछले वर्ष गठित कमेटी को ही यथावत रखने की सहमति बनी। मौके पर टिकेश्वर महतो, विनय सिंह चैहान, शिवचरण महतो, प्रेम कुमार साहु, रितेश मिश्रा, राजेन्द्र मुंडा, योगेश दांगी, कैलाश प्रसाद, मुकेश राउत, लक्खी राणा, अजय साहु, विश्वरंजन सिन्हा, राणा प्रताप सिंह, विरेन्द्र यादव, अमीत साव, सतीश मोहन मिश्रा, व्यास पांडे, सुभाष दास उर्फ काला बाबू, फूलेश्वर राम, इंद्रदेव छाबड़ा, राजेश महतो आदि मौजूद थे।

### योग समाज ने निकाली स्वर्वेद यात्रा

भुरकुंडा (रामगढ़)। भारतीय नववर्ष के पावन अवसर पर विहंगम योग संत समाज के तत्वावधान में भुरकुंडा-कोयलांचल में बुधवार को स्वर्वेद यात्रा निकाला गया। विहंगम योग संत समाज रामगढ़ जिला के संयोजक भोला अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित स्वर्वेद यात्रा का शुभारंभ जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित दुर्गा मंडप परिसर से हुआ। स्वर्वेद यात्रा भुरकुंडा बाजार, जनता टॉकीज, बिरसा चैक आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए भुरकुंडा पेट्रोल, थाना चैक होते हुए सौंदा डी पहुंचा। यहां स्वागत गान, मंगल गान, वंदना, आरती शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।

# विधायक ने नव वर्ष का किया स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत २०८० का हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने विधानसभा के बजट सत्र में रहने के बावजूद अहले सुबह विशेष पूजन के साथ सूर्योदय दर्शन कर स्वागत किया। दिन की शुरूआत भारतीय संस्कृति के अनुरूप पूजा-अर्चना कर किया। तत्पश्चात तिलक-चंदन लगाकर और हाथों में मौली धागा बांधकर सदन के लिए पारंपरिक अंदाज में धोती- कुर्ता पहनकर सदन के लिए निकलें।

जायसवाल ने कहा कि हमें गर्व है कि हम हिंदू हैं। उन्होंने हिंदू नव वर्ष पर हजारीबाग और झारखंड वासियों को हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं दी और उनके जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि की मंगल कामना की। हजारीबाग के ऐतिहासिक रामनवमी की परंपरा को बरकरार रखने के लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन द्वारा रामनवमी जुलूस को लेकर लगाए गए तमाम प्रकार के पाबंदी के विरोध में

## हजारीबाग से रांची पहुंचे रामभक्तों का किया अभिवादन



हजारीबाग से लेकर रांची तक पदयात्रा पर निकले हजारीबाग के सनातनी अजय दास और पुरुषोत्तम का हिंदू नव वर्ष के दिन बुधवार को रांची स्थित झारखण्ड विधानसभा परिसर में भव्य स्वागत व अविवादन किया। विधायक मनीष जायसवाल ने इन्हें झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी से भी मिलवाया। बाबूलाल मरांडी ने भी इन्हें समर्थन किया और इनका हौसलाअफजाई किया। सनातन प्रेमी अजय दास और पुरुषोत्तम ने संयुक्त रूप से विधायक मनीष जायसवाल द्वारा सदन पटल पर रामनवमी को लेकर कुर्ता फाड़ विरोध प्रदर्शन के लिए उनका आभार जताया और धन्यवाद दिया ।

# रामनवमी का दूसरा मंगला जुलूस धूमधाम से निकला

**जय श्रीराम और जय बजरंगी बली के नारे से बरही शहर गूंजा**

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। बरही में रामनवमी का दूसरा मंगला जुलूस धूमधाम से निकाला गया। प्रखंड के सभी अखाड़ाधारियों ने पारंपरिक अंदाज में जुलूस निकाला।भारी मूसलाधार बारिश और ठंडी हवा भी राम भक्तों का उत्साह कम नहीं कर सकी। बारिश थमने के बाद रामभक्त झूम कर सड़कों पर निकले और पूरे जोश से महावीरी झंडा के साथ मंगला जुलूस में भाग लिया।



जुलूस में शामिल युवाओं ने अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन किया। ताशा पार्टी की धुन पर जम कर नृत्य किया। वीरों के वीर हनुमान जब चले....अंजलि का लाला बड़ा मतवाला, हवा में उड़ता जाये रे मेरा राम दुलारा....श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में....जैसे गानों पर भक्त खूब झूमे। इस दौरान जय श्रीराम और जय बजरंगी बली के नारे से पूरा बरही शहर गूंज उठा। इससे पहले बड़ा अखाड़ा, हनुमान मंदिर सहित अन्य जगहों पर महावीरी झंडा के साथ पूजा-अर्चना की गयी।

धनबाद रोड, हजारीबाग रोड, बाराटांड, रसोइया धमना समेत सभी अखाड़ों द्वारा जुलूस निकाला गया।मौके पर रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर, सचिव अमित कुमार साहू, उपाध्यक्ष कपिल केशरी, कोषाध्यक्ष बलराम केशरी, महासमिति संरक्षक तापेश्वर साव, भगवान केशरी, महावीर मण्डल अध्यक्ष गुरुदेव गुप्ता, बजरंग अखाड़ा अध्यक्ष राजू निषाद, अंजनी अखाड़ा अध्यक्ष सुनील साहू, हनुमान सेना अध्यक्ष राजेश केशरी, बाराटांड हनुमान सेना अध्यक्ष अनुज रविदास, छोटेलाल शर्मा, अजय आनंद, अमित जयसवाल, अनुज कुमार, बिरेन्द्र कुमार रवि, लोकेश ठाकुर, अनिल केशरी, गुड्डू बर्नवाल सहित सैकड़ो रामभक्त शामिल थे।

### पर्व में हुड़दंगियों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर : मंडल

भुरकुंडा (रामगढ़)। रामनवमी व सरहुल पर्व को ले भदानीनगर ओपी में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता भदानीनगर ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल ने की। बैठक में सरहुल व रामनवमी पर्व को आपसी भाईचारगी व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। बैठक में लोगों ने प्रदूषण व धुल-गर्दा को ले सड़कों पर पानी छिड़काव करने व मौसम को देखते हुए सड़कों पर होने वाले जल जमाव स्थल की समतलीकरण कराने की बात रखी। मौके पर ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के दिशा-निदेर्शों के अनुसार दोनो पर्वों में डीजी पर पूर्णरूपेण प्रतिबंध रहेगा।

साथ ही पर्व के दौरान हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। पर्व के दौरान पुलिस गश्ती तेज की जायेगी। श्री मंडल ने उपस्थित लोगों से विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की बात कही। साथ ही अप्रिय घटना की सूचना में तत्काल पुलिस को सूचित करने की बात कही। मौके पर रामफल बेदिया, जगमोहन बेदिया, बालदेव राम, उमेश उरांव, धनेश्वर उरांव, बिगल उरांव, मनोज कुमार, रईस आलम, शंकर तुरी, राजेंद्र मुंडा, मो. जिलानी अंसारी, आजाद अंसारी, हरिलाल बेदिया, अजीज अंसारी, विजय राम, महादेव बेदिया सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# पतरातू में पांडेय गिरोह के अपराधी अशोक महतो पुलिस के हत्थे चढ़ा

**दो पिस्टल, चार जिंदा गोली, 25 हजार रुपए व मोबाइल बरामद**

खबर मन्त्र संवाददाता

पतरातू। पतरातू थाना पुलिस ने बुधवार की सुबह जाल बिछाकर पांडेय गिरोह के शातिर अपराधी अशोक महतो को हथियार व रंगदारी के रुपए के साथ दबोच लिया। गिरफ्तार अपराधी गैंगस्टर विकास तिवारी के नाम पर रंगदारी वसूलने का काम करता था।



जिसे पुलिस काफी लंबे समय से तलाश कर रही थी। बुधवार को पतरातू एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ डॉ वीरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पांडेय गिरोह का अपराधी पालू रोचाप डोकाटांड़ निवासी अशोक महतो रंगदारी वसूलने के उद्देश्य से खैरा मांझी द्वार के पास पहुंचा है। सूचना मिलते ही पतरातू इंस्पेक्टर रोहित कुमार महतो व पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सूचित स्थान पर दबिश डालकर अपराधी अशोक महतो को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर अपराधी अशोक महतो के कमर से 7.65 एमएम का एक पिस्टल, चार जिंदा कारतूस, रंगदारी का 25 हजार रुपए व एक मोबाइल बरामद किया गया। पुलिसिया पूछताछ में अपराध अशोक महतो ने बताया कि गैंगस्टर विकास तिवारी के इशारे पर रंगदारी के लिए हरदेव कंस्ट्रक्शन के साइट पर गोलीबारी हुई थी। जिसमें वह भी शामिल था। गिरफ्तार अपराधी अशोक महतो के निशानदेही पर उसके घर से एक देसी कट्टा व दो जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि अशोक महतो के खिलाफ पतरातू थाना में रंगदारी व आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है। छापेमारी दल में भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार व बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश, एसआई सोनू कुमार समेत सशस्त्र बल भी शामिल थे।

### जय श्री राम के नारों से गूंजा कोयलांचल

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को रामभक्तों द्वारा भव्य मंगला जुलूस निकाला गया।

इसमें सैकड़ों महिला-पुरूष महावीरी पताकों के साथ ढ़ोल-नगाड़ों के बीच नाचते गाते शामिल हुए। इस दौरान जय-जय श्री राम आदि भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। इधर बजरंग दल के शंकर यादव के नेतृत्व में भुरकुंडा रामनवमी मैदान से रामभक्तों ने विशाल मंगला जुलूस निकाला। जुलूस बिरसा चैक, जनता टॉकीज, भुरकुंडा बाजार आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए भुरकुंडा थाना चैक पहुंचा। यहां रामभक्तों ने एकजुटता का परिचय देते हुए अस्त्र-शस्त्र का हैरत अंगेज प्रदर्शन कर जय श्री राम, जय हनुमान आदि भक्ति जयकारे लगाते दिखे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मना नव वर्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली में भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल एकम, वर्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत 2080 को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया' कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन, वंदना एवं सम्राट विक्रमादित्य और डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि डॉक्टर सुबोध सिंह शिवगीत व्याख्याता, विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग एवं विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने भारतीय नव वर्ष की शुभकामनाएं एवं बधाई दी । मौके पर भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए मुख्य अतिथि सुबोध सिंह ने कहा कि भारत प्रारंभ से ही विश्व गुरु रहा है। भारत संस्कृति, धर्म एवं विज्ञान का देश है। उन्होंने भारतीय संस्कृति पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए कहा - भारतीय



कालगणना एवं ज्योतिष पूरे विश्व में सबसे अधिक वैज्ञानिक है ' भारत में ही शून्य का आविष्कार हुआ' मनुस्मृति एवं वेदों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने पूरे विश्व को सभी क्षेत्र में ज्ञान ज्योति से प्रकाशित किया' उन्होंने कहा आज चैत्र नवरात्र का पहला दिन है' सृष्टि की रचना आज के दिन ही ब्रह्मा जी ने की थी' विक्रम संवत का शुभारंभ आज के दिन से ही शुरू हुआ था। भगवान श्री राम का राज्याभिषेक भी आज ही के दिन हुआ

**संस्कृति, धर्म एवं विज्ञान का देश है भारत : डॉ सुबोध सिंह**

था' गुरु अंगद देव, झूलेलाल जी एवं डॉ केशव बलिराम हेडगेवार जी का जन्म दिवस आज ही के दिन है' उन्होंने भारत को सभ्यता एवं संस्कृति का देश बताया' कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर मंच संचालन विद्यालय के आचार्य प्रदीप कुमार सिन्हा ने किया ' गौरतलब है कि विद्यालय के अध्यक्ष श्रद्धानंद सिंह, उपाध्यक्ष प्रोफेसर अरुण कुमार मिश्रा, सचिव संजय उपाध्याय एवं कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने भी भारतीय नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी आचार्य बंधु- भगिनी एक-दूसरे को भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं एवं बधाई दे रहे थे। मौके पर विद्यालय के समस्त आचार्य गण उपस्थित थे।

## एक नजर में

### जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव हुए सम्मानित



बरही। हजारीबाग जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव को सर्वसम्मति से निर्विरोध झारखंड प्रदेश जिला परिषद उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मनोनीत होने की खुशी में बेलादोहर के ग्रामीणों ने किशुन यादव को अंगवस्त्र देकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मैं इस क्षेत्र का बेटा हूं। क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में यदि किसी भी प्रकार की समस्या हो तो मैं समाधान करने का हर संभव प्रयास करूंगा। मौके पर जिबलाल यादव, रामचंद्र यादव, राजेन्द्र यादव, केदार यादव, समाजसेवी दिनेश यादव, राजू राणा, धनेश्वर यादव, धनुखी यादव, लेखो महतो, जानकी यादव, रंजीत राणा, पप्पू यादव सहित सैकड़ो में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अंबाजीत में रूद्र चंडी महायज्ञ हुआ शुरू

बड़कागांव। प्रखंड के अम्बाजीत गांव में बुधवार को नौ दिवसीय श्री श्री 108 श्री चंडी महायज्ञ कलशयात्रा के साथ शुरू हुआ। कलश यात्रा में 1001 महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। तकरीबन 5 किलोमीटर दूर नंगे पांव मंदिर परिसर से कलश लेकर गोंदलपूरा नदी से जल उठाकर धार्मिक जयकारे लगाते हुए पूरी भक्ति भाव के साथ यज्ञ मंडप पहुंचे।इस दौरान आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी ने क्षेत्र की सुख समृद्धि कल्याण की कामना करते हुए कहा की यज्ञ होने से मन मस्तिक व सुख शांति आती हैं और पर्यावरण शुद्ध होता है।रूद्र चंडी महायज्ञ 22 मार्च से कलश यात्रा के साथ शुरू होकर 30 मार्च को पूणाहुति एवं भक्ति जागरण के साथ संपन्न होगी।मौके पर कलश यात्रा में यज्ञ समिति अध्यक्ष गोपीनाथ सिंह, सचिव अशोक सिंह, कोषाध्यक्ष राम पदारथ सिंह, उपाध्यक्ष परमानंद दास,पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी, जिप सदस्य सुनीता देवी ,पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि कोलेश्वर गंझू, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ,आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा , आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ,मुखिया वासुदेव यादव, पूर्व मुखिया विगल चौधरी, मुखिया बेबी कुमारी ,पुजारी जय कांत सिंह,ग्राम अध्यक्ष अजय सिंह,सचिव अवधेश सिंह,कोषाध्यक्ष निर्भय कुमार,राधा गोविंद सिंह,ईश्वर सिंह, संजय सिंह ,सदानंद शर्मा, सुरेश कुमार महतो ,कामेश्वर महतो, रामेश्वर महतो, चंदन सिंह, राम शुक्ला , श्याम सिंह ,राजा सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला- पुरुष शामिल थे।

**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(नजारत शाखा)**

**-: निविदा रद्दीकरण सूचना :-**

ज्ञापांक 149ए/नजा0 दिनांक 09.03.2023 (सहपठित ज्ञापांक 168/नजा0 दिनांक 15.03.2023 एवं ज्ञापांक 190/नजा0 दिनांक 18.03.2023 सहपठित पीआर संख्या 293186 के माध्यम से हजारीबाग जिला के विभिन्न सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकीय उपकरण की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 27.03.2023 थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा को रद्द की जाती है।

पुनर्निविदा एवं अन्य संबंधित प्रक्रिया के संबंध में प्रेस विज्ञप्ति एवं www.hazaribag.nic.in के माध्यम से सभी संबंधितों को अवगत कराया जाएगा।

नजारत उपसमाहर्ता
हजारीबाग

PR 293342 District (22-23)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, धनबाद**
Phone No.-0326-2313368,
email- eercddhanbad-jhr@nic.in

**शुद्धि-पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक-21.03.2023 को दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना ई निविदा (1st Call) निविदा सूचना सं0-RCD/Dhanbad/384/2022-23 जिसका PR संख्या-PR293178 Road (22-23)#D के कमांक-3 में कार्य पूर्ण करने की अवधि को 45 दिन के स्थान पर 3 (तीन) माह पढ़ा जाए।

शेष अन्य नियम एवं शर्ते यथावत् रहेगी। विशेष जानकारी हेतु पथ प्रमण्डल धनबाद से सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमंडल, धनबाद

PR 293368 Road(22-23)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, जमशेदपुर।**
(e-mail address - eercdjamshed-jhr@nic.in, Phone No.-0657-2227724)

**निविदा स्थगित हेतु सूचना**
**(CORRIGENDUM)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 451/2022-23, दिनांक 18.03.2023 जो पथ प्रमण्डल, जमशेदपुर अंतर्गत (A) Construction of H.L. Bridge on Local Nala of Potka-Kudada Road at Ch. 10+400km, (B) Construction of H.L. Bridge on Local Nala of Begnadih-Potka Road at Ch. 5+852 km for the year 2022-23 कार्य से संबंधित योजना का था, को अपरिहार्य कारणवश तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाता है।

पूर्व का पी0आर0 संख्या 293055 Road (22-23)D

कार्यपालक अभियंता,
पथ प्रमण्डल, जमशेदपुर।

PR 293387 Road(22-23)D

**जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू**
पलामू समाहरणालय परिसर (सी) ब्लॉक, मेदिनीनगर- 822101
ई-मेलः-palamau.mdm@gmail .com

**निजी विद्यालयों को मान्यता प्राप्त करने हेतु आवश्यक सूचना**

राज्य सरकार के द्वारा विद्यालयों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत मान्यता प्रदान करने हेतु झारखण्ड निःशुल्क अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली 2011 (यथा संशोधित-2019) प्रवृत की गई है। नियमावली के नियम 12(8) (संशोधित) में प्रावधान है कि गैर सरकारी निजी विद्यालयों की मान्यता पर विचार जिला प्रारंभिक शिक्षा समिति में किया जाएगा।

मान्यता प्राप्त करने हेतु ऑफलाईन के बजाय ऑनलाईन आवेदन किया जाएगा। ऑनलाईन आवेदन करने हेतु राज्य द्वारा वेबसाईट rte.jharkhand.gov.in निर्धारित की गई है। वेबसाईट में विद्यालय से संबंधित डाटा/आकड़ा ऑनलाईन दर्ज करते हुए हार्ड कॉपी दिनांक 30.03.2023 तक जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। ताकि मान्यता प्रदान करने हेतु सभी प्रक्रिया पूर्ण किया जा सकें।

जिला शिक्षा अधीक्षक
पलामू

PR 293299 (District) 22-23 (D)

स्पीड न्यूज

## निबंधन शिविर का आयोजन सम्पन्न

टंडवा (चतरा)। झारखंड प्रदेश में राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 प्रभावी हो गया है। इस संदर्भ में जिला नियोजनालय चतरा द्वारा जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगरन्मुखी बनाकर रोजगार से जोड़ने के लिए कई तरह के प्रयास जारी है। जो बेरोजगार युवाओं तक पहुंचाने हेतु जिला नियोजनालय चतरा के टंडवा प्रखंड मुख्यालय परिसर में निबंधन शिविर का आयोजन किया गया।

## शुल्क में हुए वृद्धि को वापस लेने की मांग

टंडवा (चतरा)। सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने झारखंड सरकार द्वारा कृषि उपज और पशुधन विपणन विधेयक अधिनियम के तहत बाजार समिति के द्वारा 1 से 2 प्रतिशत लगाए शुल्क को वापस करने की मांग की है। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन के माध्यम से सरकार से मांग किया है कि झारखंड सरकार द्वारा कृषि समिति के द्वारा एक से 2 प्रतिशत शुल्क लगाया गया है जिससे कृषि उत्पादन के मूल्य में वृद्धि होगी और जिसका खामियाजा गरीब किसानों को भुगतना पड़ेगा।

## अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

चतरा। जिला में नकली शराब कारोबारियों के विरुद्ध उत्पाद विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। जिला पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से मंगलवार की देर रात कार्रवाई करते हुए जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र के सरकरकन्दवातरी गांव में स्थित एक घर में नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किय।

## जय श्री राम के नारे से गुंजायमान हुआ इटखोरी

इटखोरी। मंगलवार को रामनवमी पूजा का दुसरा मंगला जुलूस निकाला गया। मंगला जुलूस देवी मंड़प रामनवमी पूजा समिति इटखोरी और चट्टी रामनवमी पूजा समिति के द्वारा निकाला गया। जुलूस में सैकड़ों रामभक्तों की भीड़ देखने को मिली। जुलूस में शामिल रामभक्त भगवा ध्वज व अस्त्र-शस्त्र के साथ रामभक्ति गीत में झूमते नजर आए। जुलूस के दौरान रामभक्त पूरी अनुशासन में रहे, कहीं भी पुलिस को मशक्कत नहीं करना पड़ा। गाजे-बाजे के साथ मंगला जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया। इस दौरान मंगला जुलूस में शामिल लोगों द्वारा जय श्रीराम व जय हनुमान का जयकारा लगाया जा रहा था। जिससे संपूर्ण माहौल भक्तिमय बना रहा।

## मां भद्रकाली मंदिर में हुई कलश की स्थापना

इटखोरी। मां भद्रकाली मंदिर परिसर में बुधवार को पूरे विधि-विधान पूर्वक चैत्र नवरात्र के कलश की स्थापना की गई। इस दौरान माता का दरबार जगत जननी के जयकारे से गुंजायमान होता रहा। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में पूजा अर्चना करने को पहुंचे। मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्र का कलश स्थापना से पूर्व अहले सुबह मां भद्रकाली की श्रृंगार पूजा हुई। माता की प्रतिमा को मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का रूप दिया गया। कलश स्थापना के साथ ही मंदिर परिसर का कोना कोना दुर्गा सप्तशती के श्लोक से गुंजायमान होने लगा है। नवरात्र के प्रथम दिन मां भद्रकाली का दर्शन पूजन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मंदिर परिसर में पहुंचे।

## प्रशासन ने किया रूट वेरिफिकेशन

टंडवा। टंडवा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़गांव में प्रखंड विकास पदाधिकारी रँथु महतो, अंचलाधिकारी विजय कुमार दास एवं इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने रामनवमी पर्व एवं चैती दशहरा को लेकर शांति व्यवस्था के लिए क्षेत्र की भ्रमण कर ड्रोन कैमरा से रूट वेरिफिकेशन किया गया, साथ ही स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर रामनवमी सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर चर्चा की गई। बीडीओ ने सौहार्द वातावरण में पर्व मनाने की अपील एवं हुड़दंगियों के लिए प्रशासन की पैनी नजर रहेगी साथ ही किसी भी प्रकार की मामला हो तो इसकी सूचना अभिलम्ब दें।

### हमार गांव हमार जिम्मदारी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कोडरमा को मिला सम्मान

# कैच द रैन, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त ग्राम और बेहतर जल संरक्षण पर जिले का नाम हुआ रौशन : उपायुक्त

### राष्ट्रपति पुरस्कार के बाद जल दिवस पर मुख्यमंत्री ने पार्वती देवी और पूजा देवी को किया सम्मानित





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विश्व जल दिवस पर विधानसभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कैच द रैन के लिए पार्वती देवी, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त ग्राम के लिए पूजा देवी और जल संरक्षण की दिशा में बेहतर कार्य करने पर लक्ष्मीपुर की पार्वती देवी को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने दोनों महिलाओं को मोमेंटों देकर जबकि लक्ष्मीपुर की पार्वती देवी को शील्ड व शल देकर सम्मानित किया। गौरतलब हो कि कैच द रेन के लिए जरगा पंचायत के कंझाटांड़ की पार्वती देवी और सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त ग्राम के लिए मरकच्चो के अर्कोसा गांव की पूजा देवी को इसी माह महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के द्वारा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। बताते चले कि उपायुक्त आदित्य रंजन के नेतृत्व में जिले में हमार गांव हमार जिम्मदारी की शुरुआत कर गांवों को विकास की डोर से जोड़ा जा रहा है, जिले के करीब 120 गांव के ग्रामीण इस अभियान से जुड़ कर, गांवो के बेहतरी के लिए कार्य किया जा रहा है। मौके पर जल संसाधन मंत्री मिथलेश ठाकुर व विभागीय अधिकारी मौजूद थे। इस सम्बंध में उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि कोडरमा जैसे छोटे जिले को राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री से सम्मान पाना सबके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की टीम के द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर लगातार बेहतर कार्य किया जा रहा है, इस अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है, ऐसे में इस सम्मान के लिए टीम के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आम जनता बधाई के पात्र हैं।

## शांति समिति की बैठक, लिए गए कई निर्णय



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** महारामनवमी और रमजान का त्यौहार शांति और सद्भाव पूर्ण वातावरण में सम्पन्न करवाने को लेकर बीडीओ रोशमा डुंगडुंग की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई, जिसमे दोनों समुदाय के प्रबुद्धजनों के अलावे अखाड़ा समितियों के पदाधिकारी आदि शामिल हुए। बैठक को सम्बोधित करते हुए थाना प्रभारी द्वारिका राम ने कहा कि पिछले रामनवमी में एक छोटी सी घटना को लेकर कोडरमा जैसे अमन शांति का प्रतीक क्षेत्र में एक दाग लग गया है, इसे सभी लोगों के सहयोग से मिटाने की जरूरत है। रामनवमी और रमजान का त्यौहार आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारगी का प्रतीक है, इसे विधि व्यवस्था कायम रखते हुए, हर्षोल्लास के साथ मिलजुलकर मनाएं, त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, असामाजिक तत्वों को किसी भी हाल में बख्शा नही जाएगा।

### खनन टास्क फोर्स की बैठक, डीसी ने दिए कई निर्देश

## अवैध खनन, परिवहन और भंडारण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान पत्थरों के अवैध खनन, क्रेशर संचालन, अवैध रुप से बालू उठाव और परिवहन को लेकर पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए डीसी श्री रंजन ने कहा कि जिले में किसी भी हाल में अवैध रूप से पत्थरों के खनन, परिवहन, अवैध रूप से क्रेशर सन्चालन व बालू का उठाव नही हो, इसके लिए नियमित रूप से अभियान चलाकर अवैध खनन, परिवहन और भंडारण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें, साथ ही अवैध रूप से बालू का उठाव कर परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। डीसी ने डीएमओ को वाहन जांच अभियान चलाकर, अवैध रूप से खनिज लदे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने, नियमित रूप से क्रेशरों के प्रदूषण जांच करने और प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए बिना बाउंड्रीवाल के क्रेशरों पर बाउंड्रीवाल करवाने तथा क्रेशरों के आस पास पौधरोपण करवाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, साथ ही किसी भी हाल में ब्लू स्टोन का अवैध उत्खनन न हो, इसके लिए नियमित रूप से खदानों का जाँच करने आदि का निर्देश दिया गया। मौके पर डीसी के अलावे एसपी कुमार गौरव, डीटीओ भगीरथ प्रसाद, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, डीएमओ दरोगा राय आदि मौजूद थे।

## जल एवं स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन

### डीसी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले जल सहिया को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में विश्व जल दिवस 2023 के अवसर पर जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल उत्सव अभियान और विश्व जल दिवस 2023 के आलोक में जिला स्तर पर जल एवं स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्व प्रथम उपायुक्त ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात उपायुक्त द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारी, पंचायत के मुखिया, मास्टर जल सहिया एवं जल सहिया को राष्ट्रीय जल मिशन जल शपथ दिलाया गया। उपायुक्त ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि पानी के बिना जीवन की कल्पना करना अंसभव है और इसके महत्व को समझते हुए हर साल 22 मार्च को वर्ल्ड वाटर डे सेलिब्रेट किया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छ और सुरक्षित जल को सभी लोगों तक पहुंचाने के साथ-साथ जल के संरक्षण पर भी ध्यान देना है। आप सभी जानते हैं कि हमारे जीवन में जल का महत्व क्या है। हम सभी को यह प्रयास करना चाहिए की जल संचयन ज्यादा से ज्यादा हो जिससे हमारे यहां पानी का लेयर बरकरार रहे और जल संकट से जूझना न पड़े। सभी लोग जागरूक हों और लोगों को भी जागरूक करें। कार्यक्रम में मास्टर जल सहिया, जल सहिया, पंचायत के मुखिया जिनके द्वारा हर घर जल के कार्य में उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं उनको उपायुक्त द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वालों के द्वारा अनुभव भी साझा किया गया। उक्त कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पेय जल एवं स्वक्षता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता अवीक अंबाला, मुखिया, मास्टर जल सहिया, जल सहिया समेत अन्य सभी संबंधित उपाथित थे।

## कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय महायज्ञ शुरू

**चतरा।** जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड अंतर्गत शायल बगीचा में कलश यात्रा एवं नगर भ्रमण के साथ ही श्री श्री 1008 रामचरित्र मानस महायज्ञ प्रारंभ हो गया है। कलश यात्रा एवं नगर भ्रमण में जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सभी उपस्थि श्रद्धालुओं को महायज्ञ की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि की कामना की। इस पावन अवसर पर मुख्य रूप से यज्ञ समिति अध्यक्ष नागेश्वर सिंह, सचिव अशोक सिंह, कोषाध्यक्ष बसंत सिंह, प्रखण्ड प्रमुख इंदू देवी, उपप्रमुख सुमन सिंह, भाजपा नेता जीतेन्द्र सिंह, बविंद्र कुमार समेत सैकड़ों भक्त जन उपस्थित थे।

## एक दिवसीय ओरियंटेशन-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीसी व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** मिशन अंत्योदय सर्वे 2022-23 को लेकर बुधवार को उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में एक दिवसीय ओरियंटेशन- सह- प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबांक, प्रखंड समन्वयक समेत अन्य संबांति को सर्वे कार्य को लेकर विस्तृत जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वेक्षण के कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से मिशन अंत्योदय सर्वे 2022-23 विषय पर शार्ट फ़िल्म दिखाकर विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर डीसी ने कहा कि सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों एवं अनुमानित आवश्यकता के आलोक में ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार की जाएगी। साथ ही अन्य सरकारी योजनाओं के निर्माण में भी इसका उपयोग किया जाएगा। मिशन अंत्योदय के तहत होने वाला सर्वे मोबाइल ऐप के मायम से किया जाना है। वहीं एकत्रित आंकड़ों को अनलाइन अपडेट किया जाएगा। सर्वे प्रत्येक पंचायत के प्रत्येक राजस्व गांवो में किया जाना है।

## मां सायर देवी धाम की तस्वीर का लोकार्पण

खबर मन्त्र संवाददाता



लोकार्पण करते गिरिनाथ सिंह

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मां सायर देवी धाम मंदिर का तीसरा वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। 11 दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को कलश यात्रा के साथ नव दिवसीय श्री राम चरित्र मानस नवाह्न परायण महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा निकालने से पहले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गिरेंद्र नाथ पांडेय, मुखिया उर्मिला देवी, रामसागर महतो, मुख्य संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद, एएसआई शैलेंद्र कुमार सिंह, मुन्ना राम, समाजसेवी अजय प्रसाद गुप्ता सहित अन्य अतिथियों को समिति की ओर से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पूर्व मंत्री ने चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेराल के लोग एकजुटता का परिचय देते हुए मां सायर देवी ाम के आकर्षक व भव्य मंदिर निर्माण के पश्चात भव्य आयोजन कर देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा तथा लगातार धार्मिक अनुष्ठान कराया जा रहा है, जो गढ़वा जिला ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड राज्य में इसका नाम स्थापित हो।

मौके पर आकाश जायसवाल द्वारा बनाया गया मां सायर देवी ाम मंदिर में स्थापित सभी देवी देवताओं की तस्वीर (फोटो) का पूर्व मंत्री के साथ सभी अतिथियों ने लोकार्पण कर श्रद्धालुओं के लिए सर्मर्पित किया गया। देवी ाम संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत ने बताया कि लोकार्पण किए गए तस्वीर एवं फोटो सभी श्रद्धालुओं तथा उनके रिश्तेदारों के घर में रहना चाहिए, ताकि जो लोग मंदिर नहीं पहुंच पाते हैं वह अपने घर में ही मां सायर देवी सहित अन्य देवी-देवताओं का दर्शन पूजन कर सकें। जल यात्रा थाना चौक, बस स्टैंड होते हुए शिव मंदिर छठ घाट पहुंचा, जहां से सभी श्रद्धालु जल लेकर देवी धाम परिसर स्थित यज्ञशाला पहुंचे।

जहां आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ कलश स्थापन कराया गया। मौके पर संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत, कार्यक्रम के प्रभारी विजय प्रसाद, मुख्य संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, विनोद प्रसाद, मनोज जायसवाल, प्रमोद महाजन, अनुज प्रसाद, सुदर्शन चौधरी, अर्जुन कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

## खेल जीवन में सकारात्मक सोच का सृजन करता है: उपायुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिला खेल कार्यालय, चतरा द्वारा जिला स्तरीय इनविटेशनल पावर लिफ्टिंग बेंच प्रेस और डेड लिफ्ट चैंपियनशिप के फाइनल का आयोजन सफलतापूर्वक जलछाजन भवन स्थित जिम में किया गया। ये फाइनल प्रतियोगिता विगत 17 मार्च को आयोजित ट्रायल प्रक्रिया में सफल हुए प्रतिभागियों के बीच की गई। उपायुक्त अबु इमरान ने इस अवसर पर कहा कि ये बहुत है हर्ष की बात है की कि जिला में आयोजित पहली पॉवर लिफ्टिंग बेंच प्रेस एवं डेड लिफ्ट प्रतियोगिता में यहां के युवाओं ने प्रभावशाली तरीके से बढ़ चढ़ कर भाग लिया है। उन्होंने कहा कि जिला को नशे के चंगुल से निकालने का माध्यम ऐसे ही आयोजन हैं जिसमें स्थानीय युवाओं द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जाता है जिससे कि उन्हें नशे से दूर होने की प्रेरणा मिले और अपने जीवन में सकारात्मकता लाते हुए ऐसे पथ पर जाए जो न केवल उन्हें नशे से दूर करता है बल्कि समाज का एक अभिन्न अंग बनकर समाज को आगे बढ़ाने में मदद करता है। जिला प्रशासन राज्य सरकार द्वारा चलाये गए विभिन्न योजनाओं को जिला के लोगों तक पहुंचाने में लगातार प्रयासरत है जिसके तहत युवाओं को पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद और बाकी करियर के विभिन्न क्षेत्रों में अवसर तलाशने के लिए प्रोत्साहित करता है। मौके पर जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय ने बताया कि जिला में आयोजित पहली पॉवर लिफ्टिंग बेंच प्रेस एवं डेड लिफ्ट प्रतियोगिता में कुल 38 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें से पुरूष वर्ग के 35 प्रतिभागी थे और महिला वर्ग से 3 प्रतिभागी थे। उपायुक्त ने अंत में सभी विजेताओं को मेडल प्रदान कर उनकी जीत पर शुभकामनाएं दी और बाकी सभी प्रतिभागियों को अगली बार आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए और मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उक्त मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय समेत सभी प्रतिभागी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय तकनीकी समिति की समीक्षात्मक बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तकनीकी समिति की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से तकनीकी विभागों अन्तर्गत संचालित योजनाओं की अब तक कि स्थिति एवं लंबित कार्य पूर्ण कार्य को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल चतरा, नगर परिषद चतरा समेत अन्य तकनीकी विभागों का विभागवार बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

उन्होने तकनीकी विभागों द्वारा प्राप्त मदवार प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए अपूर्ण योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि योजनाओं को पूर्ण करने में संवेदक के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है तो वैसे संवेदक को चिन्हित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करें। वहीं उन्होने कहा कि वन क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्य जो वन क्षेत्र होने के कारण योजना लंबित है उस स्थिति में वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर कार्य प्रारंभ कर शीघ्र पूर्ण करें। पेजजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने हर घर नल योजना के लक्ष्य के विरूद्ध किए गये कार्य की जानकारी लेते हुए तय समय सीमा के अंदर शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मॉनसून से पहले कार्य को लेकर पूरी तैयारी पूर्ण कर लें।

यह भी सुनिश्चित करें की सभी आवंटित कार्य ससमय पूर्ण हो। उक्त बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभय कुमार झा, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता शहनवाज खान, पेय जल एवं स्वक्षता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता अवीक अंबाला समेत सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

## राशन नहीं मिलने पर लाभुकों ने किया डीलर के दुकान पर हंगामा



कालाबाजारी किया गया राशन लाते

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के करमडीह गांव स्थित सरस्वती स्वयं सहायता समूह के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार शारदा देवी के द्वारा पोस मशीन में अंगूठा लगवाकर जनवरी, फरवरी एवं मार्च माह का राशन नहीं देने की शिकायत दर्जनों ग्रामीणों ने 16 मार्च को प्रखंड आपूर्ति पदाकिारी से की थी। जिसे एमओ रामजी प्रसाद गुप्ता के द्वारा दो दिन के अंदर स्पष्टीकरण पूछते हुए राशन वितरण करने का निर्देश डीलर को दिया गया था। इसके बावजूद भी छह दिन बीतने के बाद भी लाभुक राशन नहीं मिलने पर मंगलवार को डीलर के दुकान पर हंगामा कर घेराव किया। हंगामा होते देख डीलर पति जगदीश राम ने आनन-फानन में प्लास्टिक के बोड़ा में पिकअप वाहन से कहीं व्यवसाई के यहां से कुछ राशन मंगाया गया। परंतु इार सभी लाभुक तीनों माह का एक साथ राशन लेने पर अड़े हुए हैं। बताते चलें कि जनवरी माह का राशन का उठाव एफसीआई गोदाम तीनों माह का उठाव कर लिया गया है।

## स्पीड न्यूज

### बाजार नही लगाने को लेकर सीओ व पुनि सह थाना प्रभारी को दिया

**चंदवा।** प्रखंड के अलौदिया ग्राम निवासी संतोष जायसवाल पिता भोला जायसवाल ने रैयती जमीन पर मेला व बाजार नही लगाने को लेकर अंचलाधिकारी विजय कुमार व पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के नाम आवेदन दिया है। आवेदन में संतोष जायसवाल ने कहा है कि खाता नम्बर 63 प्लॉट नंबर 808 व 814, रकबा करीब 1 एकड़ 2 एकड़ डिसमिल जमीन मेरा रैयती जमीन है। जिस पर श्रावणी मेला मेरे सहमति से लगता है लेकिन चैत मेला में मेरे बिना इजाजत के वैगर खेल तमाशा लगाया जा रहा है जो गलत है। श्री जायसवाल ने उक्त जमीन पर मेला व बाजार नही लगाने की गुहार लगायी है।

### 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे

**लातेहार।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा केंद्र परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बारियातू मे शांति पूर्ण तरीके से हिंदी ए हिंदी बी की परीक्षा संपन्न। परीक्षा केंद्र गोनिया रोल कोड 33051 मे हिंदी ए मे 189 मे 185 परीक्षार्थी उपस्थित रहे व 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। टोटी रोल कोड 33067 से 170 परीक्षार्थी मे 164 उपस्थित हुए जबकि 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। स्त्रोन्नत उच्च विद्यालय फूलसु रोल कोड (33053) से 136 परीक्षार्थियों मे 135 उपस्थित हुए एक अनुपस्थित रहे। झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय रोल कोड 33097 से 39 परीक्षार्थी मे से 38 शामिल हुए एक अनुपस्थित रहे। कुल 534 सभी परीक्षार्थियों मे 522 परीक्षार्थी ही भाग लिया 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केन्द्राधीक्षक गीता कुमारी, दंडाधिकारी शशि भूषण उरांव, विक्षक अजय बैठा, श्रवण मिश्रा, उमेश कुमार सिंह, विश्व रूप सिंघा, सत्येंद्र राम, अल्का तिग्गा, रामाधार प्रसाद ने मुख्य भूमिका निभा रहे थे। इधर हिंदी बी मे सभी सात परीक्षार्थी शामिल रहे।

### टेंपो व मोटरसाइकिल की टक्कर में सात घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ रांची एनएच 22 मुख्य पथ पर बालूमाथ ब्लॉक के समीप बुधवार को एक टेंपो व मोटरसाइकिल की हुई आमने-सामने की टक्कर में सात लोग घायल हो गए। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार द्वारा इलाज किया गया। बताया जाता है कि एक टेंपो में सवार होकर मिथिलेश कुमार पिता सुरेंद्र साहू ग्राम तरहसी, प्रीति कुमारी 18 पिता देव नारायण राम, कुलदीप राम पीता देवन मोची, सोनी देवी 22 वर्ष पति मनोज राम ,राजमति देवी 45 वर्ष कालो कुँवर 55 वर्ष ने अपने घर से नगर मंदिर मुंडन समारोह में शामिल होने जा रहा था इसी बीच युसूफ मियां 70 वर्ष मोटरसाइकिल से सवार होकर बालूमाथ की ओर आ रहा था और आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसके बाद टेंपो पलट गया।

### हरैया मोड़ का ट्रांसफार्मर जला, 3 दिन से अंधेरे में डूबा मुहल्ला

**चंदवा।** प्रखंड के हरैया मोड श्री राम चौक पर लगा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर आसमानी बिजली कड़कने के कारण जल गया। ट्रांसफार्मर के जल जाने के बाद हरैया मोड़, तैलिक मुहल्ला समेत का इलाका बिजली विहीन हो गया। बिजली नही रहने के कारण विगत 3 दिनों से जरूरी कार्य, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो गया है साथ ही लोगो को पानी के लिए भी परेशानी हो रही है। प्रभावित उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के अधिकारियों से तत्काल जले हुए ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया ट्रांसफार्मर लगाने की गुहार लगाई है।

### रामनवमी, सरहूल पर्व व रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक आज

**चंदवा।** रामनवमी त्योहार, सरहूल पर्व एवं माहे रमजान को शांति, भाईचारा और सौहार्दपूर्क मनाने को लेकर दिनांक 23 मार्च को शाम 03 :00 बजे चंदवा थाना परिसर पर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने जिला परिषद सदस्य पुर्वी, जिला परिषद सदस्य पश्चिमी, सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, समाजसेवी, प्रबुद्ध नागरिक, सम्मानित आम जनों से ससमय बैठक में शामिल होने की अपील किया है।

### लंबित योजना को पूर्ण करने को लेकर की गई बैठक

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे बीडीओ दीपाली भगत के अध्यक्षता मे बैठक की गई। बैठक मे मुख्य रूप से 2016-17 से लेकर 2022-23 के सभी लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना को एक सप्ताह के अंदर बीडीओ ने पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही मनरेगा योजना के तहत मजदूरों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। 15 वीं वित्त योजनाओं को पूर्ण कराने व अन्य संचालित योजनाओं को पूर्ण करने पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई। मौके पर बीपीओ रवि कुमार यादव, पीएम आवास प्रखंड समन्वयक शशि पूनम कुजूर, पंचायत सेवक रोजगार सेवक, स्वयं सेवक, आवास मित्र मौजूद थे।

### विश्व जल दिवस के अवसर पर हांथ धुलाई कार्यक्रम का हुआ आयोजन

महुआडांड़। विश्व जल दिवस के अवसर पर महुआडांड़ प्रखंड परिसर में हांथ धुलाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महुआडांड़ प्रखंड के सभी जलसहिया उपस्थित हुए, और जलसहियाओं के द्वारा कई लोगों को हाथ धुलवाया गया, साथ ही स्वच्छता से संबंधित बातें भी बताई गई। जल का बचाव एवं सही उपयोग के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान यह भी बताया गया कि विश्व में जल का स्तर कम होता जा रहा है सभी लोग जल का सही उपयोग करें जल का दुरुपयोग बिल्कुल ना करें। यह प्रकृति से प्राप्त हुआ एक अनमोल तोहफा है। हमें हमेशा जल का सही उपयोग ही करना चाहिए जल के बिना जीवन संभव नहीं है ऐसे भी कहा गया है की जल ही जीवन है। इसलिए हम सभी इस विश्व जल दिवस के अवसर पर संकल्प ले की किसी भी तरह जल का दुरुपयोग नहीं करेंगे। मौके पर प्रखंड समन्वयक गंगा प्रसाद प्रखंड के सभी जलसहिया प्रखंड कर्मी अंचल कर्मी मौजूद थे।

## विधायक का प्रयास लाया रंग, बालूमाथ में 11 करोड़ रुपए से बनेगा अस्पताल

# विधायक ने सीएम व स्वास्थ्य मंत्री का जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** बालुमाथ प्रखंड मुख्यालय में 11 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक सुविधाओं से लैश अस्पताल बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने इस आशय की जानकारी विधानसभा में दी। ज्ञात हो कि स्थानीय विधायक वैद्यनाथ राम ने बालुमाथ क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से लैश अस्पताल बनवाने की मांग विधानसभा सत्र के दौरान रखी थी। उनकी इस महत्वकांक्षी मांग को सरकार ने पूरा किया है। इस पर विधायक श्री राम ने मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के प्रति आभार जताया और कहा कि सरकार के इस कदम से बालुमाथ क्षेत्र वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें मिल सकेगीं। बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का अपना भवन नहीं होने के कारण मरीजों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिलहाल 15 वर्षों से सड़क किनारे व्यामशाला भवन में चल रहा है। नतीजतन तीन प्रखंड क्रमश बालूमाथ, बारियातू और



विधायक बैद्यनाथ राम ।

हेरहंज कि लगभग ढाई लाख की आबादी को स्वास्थ्य सुविधा देने वाला समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अपने भवन के अभाव में 15 वर्षों से भवन की बाट जोह रहा है। कमरे के अभाव में प्रसव पूर्व जांच कराने वाली गर्भवती महिलाओं को जांच नहीं हो पाती थी ओपीडी चलाने, औपरेशन थियेटर व प्रसव कक्ष की भी कोई उचित व्यवस्था नही है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री भानु प्रताप शाही व पूर्व विधायक प्रकाश राम ने सवा तीन करोड़ रुपए की लागत से 50 बेड के भवन निर्माण का शिलान्यास किया था। शिलान्यास के बाद निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही बिल्डिंग भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई थी। वही बालुमाथ में अस्पताल स्वीकृत होने पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, राजद नेता प्रितलाल यादव, श्यामसुंदर यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उराँव, उपेंद्र यादव, राजेश यादव, मो. इमरान, कांग्रेस नेता आमिर हयात, मोतिउरर रहमान, मो. जुबैर, अंकित पांडेय व विशाल कुमार आदि ने मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के प्रति आभार प्रकट किया है।

### अनुष्ठान के साथ ही गायत्री महायज्ञ हेतु भूमि पूजन

**लातेहार।** बुधवार को गायत्री प्रज्ञा कुंज चंदनडीह लातेहार में चैत्र नवरात्र अनुष्ठान प्रारंभ के साथ ही 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भूमि पूजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राजधानी यादव उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में बलराम सिंह, देवेंद्र कुमार, दिलेश्वर यादव, जवाहर प्रसाद, भोला प्रसाद, सुनील कुमार वर्मा, प्रकाश गुप्ता, संदीप कुमार, प्रभात कुमार, सुशीला देवी, उर्मिला देवी, मालती देवी, आरती देवी पुष्पा वर्मा सरोज देवी, अनीता देवी संगीता देवी एवं अन्य परिजन मौजूद रहे।

### अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के द्वारा मनाया गया भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2080



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**लातेहार।** सदर प्रखंड के रिचुघुटा शिव मंदिर में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के द्वारा भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2080 को मनाया गया। वहीं कार्यक्रम में आज के दिन घटित ऐतिहासिक घटना को बताया गया। दो अरब वर्ष पहले पृथ्वी का जन्म हुआ था। आज ही के दिन संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी का जन्म हुआ। विक्रम संवत उज्जैन के राजा के द्वारा प्रारंभ किया गया। आर्य समाज की स्थापना आज ही हुआ समेत कई ऐतिहासिक बाते बताई गई। उक्त बातें जिला अध्यक्ष विनय कांत पांडे ने बताया। उन्होंने सभी को भारतीय हिन्दू नव वर्ष का शुभकामना दिया। मौके पर बसंत साहू, दिनेशर यादव, प्रताप शाह, अभिषेक चंद्र पांडे, मिलन शुक्ला, प्रकाश पांडे, आशीष प्रसाद, रामेश्वर प्रजापति, अरविंद उरांव, मंगल देव भुईया, दिगंबर यादव, सुखदेव सिंह चेरों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने की कार्रवाई

# हिरण के कटे सिर के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार, चार फरार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेतला।** पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र में शिकारी सक्रिय हो गए हैं लेकिन वन विभाग की टीम ने भी कमर कस कर शिकारियों को धरपकड़ में लगी हुई है। इसी के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने टीम गठित कर छापेमारी की। जिसमें हिरण के सिर के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार हुए हैं। जिसमें अमित भुईंया उर्फ ललन भुइंया उम्र 36 वर्ष पिता रामवृक्ष भुइयां ग्राम आगरा बरवाडीह, निरंजन सिंह 55 वर्ष पिता चंद्रदेव सिंह, ग्राम सिल्दीलिया थाना तरहसी पलामू, राजेश्वर सिंह पिता हरिहर सिंह उम्र 42 वर्ष ग्राम रंगनियाँ बरवाडीह, वही फरार अपराधियों में राजेश्वर



गिरफ्तार आरोपी।

सिंह पिता नानहु सिंह, अवधेश सिंह, पिता जेतेश्वर सिंह,जेतेश्वर सिंह पिता राजेंद्र सिंह,गुठल भुईंया पिता सुखदेव भुईंया, फरार चल रहे हैं वन विभाग की टीम ने अभियान चलाकर हिरण का खाल हिरण का सींग खून की लकड़ी का पटरा जिस पर हिरण का टुकड़ा किया जा रहा था। वही गिरफ्तार अपराधियों को जेल भेज दिया गया है। वहीं फरार अपराधियों को शीघ्र ही गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। छापेमारी अभियान में उमेश दुबे, संतोष सिंह, संतोष कुमार सिंह, देवेंद्र कुमार देव, मान्यता कच्छप, संदीप कुमार, गुलशन सुरीन समेत कई कर्मी एवं वनपाल शामिल थे।

## एक नजर में

### हिन्दू नव वर्ष पर संघ के द्वारा निकाली शोभा फेरी

**चंदवा।** चंदवा में सनातन हिंदू समाज के द्वारा बुधवार को हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2080 धूमधाम के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा प्रातः बेला में शोभा यात्रा निकाली गई। जिसकी शुरूआत स्थानीय खेल स्टेडियम से हुई जो सरोज नगर, सुभाष चौक मेन रोड, इंदिरा गांधी चौक होते स्टेडियम पहुंचकर संपन्न हो गई। शोभा यात्रा के दौरान वंदे मातरम व भारत माता की जय के विजय घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। शोभा यात्रा में संघ के राजेश चंद्र पाण्डेय, दिनेश प्रसाद, नरेश प्रसाद, महेंद्र अग्रवाल, रमन महतो, मोहनीश कुमार समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।



शोभा फेरी में उपस्थित लोग।

### आन शिव मंदिर में शुरू हुआ पंचम श्रीश्री रामचरितमानस नवाह्नपारायण महायज्ञ

**चंदवा।** प्रखंड के चेटर पंचायत अंतर्गत आन शिव मंदिर में बुधवार से पंचम श्रीश्री रामचरितमानस नवाह्नपरायण महायज्ञ शुरू हो गया। महायज्ञ की शुरूआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जिसकी शुरूआत आन शिव मंदिर से की गई। कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए घघरी नदी पहुंची जहां पंडित दुर्गादत्त पाठक के वैदिक मंत्रोचार के बीच कलश में जल ग्रहण किया गया। जल ग्रहण करने के बाद कलश यात्रा पुनः मंदिर प्रांगण पहुंची जहां विधिवत पूजन के साथ कलश को स्थापित किया गया। इसके पूर्व जिला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष लाल रजन नाथ शाहदेव के द्वारा माताओं व बहनों को कलश देकर कलश यात्रा को रवाना किया। कलश यात्रा में मुख्य यजमान उमेश साव सह पत्नीक समेत सैकड़ो धर्मप्रेमी शामिल थे। आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि महायज्ञ 22 मार्च से 31 मार्च तक चलेगा। अयोध्या धाम से आये कथावाचक राधेश्याम शास्त्री जी के द्वारा प्रतिदिन सुबह 7:00 से 1:00 बजे तक एवं संध्या में 7:00 से रात्रि 11:30 बजे तक कथा सुनाया जाएगा। 31 मार्च को दोपहर महा भंडारे के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की जाएगी। कार्यक्रम को संपन्न कराने में सैकड़ों संख्या में ग्रामीण अपना योगदान दे रहे हैं।



### विश्व जल दिवस पर ग्रामीणों ने लिया जल संचय करने का संकल्प



जल संरक्षण का संकल्प लेते ग्रामीण।

➲ प्राकृतिक धरोहर के छेड़छाड़ से उत्पन्न हो सकता है जल संकट : अजीत कुमार

**बरवाडीह।** विश्व जल दिवस के अवसर पर प्रखंड जल छाजन समिति द्वारा प्रखंड के कुचिला ग्राम में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जल संचय व संरक्षण को लेकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर कुचिला ग्राम के मुख्य नदी किनारे पंचायत के मुखिया समेत काफी संख्या में लोग जमा हुए जिसमें विश्व जल दिवस के अवसर पर लोगों को सामूहिक रूप से शपथ दिलाकर जल संचय करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में लोगों को बताया गया कि जिस प्रकार से प्राकृतिक धरोहर के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है। जिससे आने वाले समय में जल संकट होने की संभावना उत्पन्न हो गई है। ऐसे में लोगों को अभी से सचेत होकर अपने घरों के आसपास जल संचय कर करने की जरूरत है। कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल संचय व संरक्षण के विभिन्न तरीके को बताते हुए इसे अपनाने पर जोर दिया गया। जिसमे पंचायत मुखिया सतरोहन सिंह, स्वयंसेवक नरेश सिंह, जलछाजन दल के कर्मी अजीत कुमार यादव, शैलेन्द्र कुशवाहा और गौतम पटेल समेत समस्त ग्रामीण जनता उपस्थित रहे।

### हाथी ने तीन घरों को पहुंचाया नुकसान, चट कर गए अनाज

➲ पलामू टाइगर रिजर्व जंगली हाथी ने मचाया उत्पात, वन विभाग ने पीड़ित परिवारों को दिया अनाज

**गारु।** पलामू टाइगर रिजर्व के बारेसांढ के पहाड़कोचा और डांडकोचा गांव में जंगली हाथियों ने हमला कर तीन ग्रामीणों पर के घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया और घर में रखा अनाज चट कर गए। हाथी के आने पर परिजनों ने किसी तरह भाग कर जान बचाई। यह गांव वन प्रक्षेत्र बारेसांढ़ के अंतर्गत आता है। हाथी ने विश्वनाथ सिंह पिता स्वर्गीय जीतू सिंह ग्राम पहाड़ कोचा पंचायत मायापुर, संजय मुंडा पिता विपन मुंडा ग्राम पहाड़ कोचा पंचायत मायापुर और डांड़कोचा निवासी संजय ब्रिजिया के घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ितों ने इसकी सुचना वन कार्यालय बारेसांढ़ को दिया। प्रभारी वनपाल से पूछे जाने पर उन्होने बताया की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों को 10-10 किलो चावल दिये हैं और सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा भी दिया जाएगा।

### प्रशासन ने केयर महिला जागरूकता मिशन इंटरप्राइजेज के कार्यालय की जांच की



जांच करती पुलिस।

**चंदवा।** चंदवा के गायत्री नगर मोहल्ले में चल रहे केयर महिला जागरूकता मिशन इंटरप्राइजेज नामक निजी संस्था (एनजीओ) के कार्यालय में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी विजय कुमार व पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में प्रशासनिक टीम ने जांच पड़ताल की। जांच पड़ताल के दौरान प्रशासनिक टीम के द्वारा संस्था के संचालक से संबंधित दस्तावेजों की जांच पड़ताल की गई। इस दौरान संस्था चला रहे चंदन कुमार राम नामक युवक से पूछताछ की गई, हालांकि उसके द्वारा खबर लिखे जाने तक संस्था चलाने से संबंधित पुख्ता दस्तावेज नहीं प्रस्तुत किया गया था। प्रशासन के द्वारा उन्हें संस्था संचालन से संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। बीडीओ सह सीओ विजय कुमार ने बताया कि एनजीओ के संचालक अगर दस्तावेज नहीं प्रस्तुत कर पाएंगे तो नियम संगत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### हिन्दू नववर्ष को लेकर जल यात्रा में लोग शामिल



**गारू।** गारू प्रखंड के बारेसांढ़ में रामनवमी पुजा समिति बारेसांढ़ बाजार के तत्वधान में हिन्दू नव वर्ष के अवसर पर जलयात्रा का आयोजन किया गया। जल यात्रा में सैंकड़ो धर्मप्रेमी शामिल हुए। रामनवमी पूजा समिति बारेसांढ़ के सदस्यों नें बताया कि बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में श्री रामचरितमानस का पाठ होना है। पाठ में शामिल होकर पुण्य का भागी बनें। कार्यक्रम में अध्यक्ष चंदन प्रसाद, रंजन यादव, राहुल प्रसाद, ब्रजकिशोर यादव, कुणाल कुमार, मुखराज यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### डीजल चोरी व ड्राईवर से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार



**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने ट्रक से डीजल चोरी और ट्रक ड्राइवर के साथ मारपीट करने के एक आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को लातेहार जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि दिनांक 22/03/2023 बालूमाथ थाना कांड संख्या 53/23 धारा 341,323,325,307,379,414 के तहत दर्ज मामले में विकास कुमार राम पिता जुगेश्वर राम ग्राम बुंडू थाना केरेडारी जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपी पर आरोप है कि उसने ट्रक ड्राइवर के साथ मारपीट की थी और डीजल चोरी किया था। छापेमारी दल में एसआई नीतीश कुमार, एसआई संजय चौधरी सहित बालूमाथ थाना के जवान शामिल थे।

## सख्ती : बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर पुलिस कस रही है नकेल

# हेलमेट आपके जीवन के लिए सुरक्षा कवच के समान है : श्रीनिवास सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर बरवाडीह पुलिस द्वारा लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले लोगों की बाइक को जप्त कर चलान किया जा रहा है। थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह के नेतृत्व में बुधवार को थाना और ब्लॉक गेट के समीप विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए आधा दर्जन से अधिक दोपहिया वाहनों को जप्त करने की कार्रवाई की गई। वहीं चार पहिया



चेकिंग अभियान चलाती पुलिस।

वाहन चालकों को भी बिना सीट बेल्ट के पकड़ा जा रहा है। थाना प्रभारी ने सभी वाहन स्वामियों से अपील किया है कि घर से बाहर निकलने पर आवश्यक रूप से हेलमेट पहन कर ही अपने घरों से निकलें। क्योंकि हेलमेट आपकी जीवन के लिए सुरक्षा कवच के समान है। इससे आपकी जान बच सकती है। जानकारी हो कि पुलिस द्वारा लगातार वाहन चेकिंग अभियान चला कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लेकिन इसके बावजूद भी लोग कई लोग बिना हेलमेट लगाए हुए सड़कों पर निकल रहे हैं। वैसे लोगों को पुलिस द्वारा चिन्हित करने का काम किया जा रहा है।

### रघुवर दास के आगमन को लेकर भाजपा ने की बैठक

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में बुधवार को एक अति महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल ने की। कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास का आगमन होना है। इसी कार्यक्रम को लेकर कार्यकताओं से विचार विमर्श करने के लिए लातेहार के पूर्व विधायक सह भावी प्रत्यासी प्रकाश राम हेरहंज आए। जिसमे सभी भाजपा हेरहंज मंडल के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण से कार्यक्रम को कैसे सुचारू रूप से किया जाए। इस विषय में बारी बारी से विचार विमर्श किया। जिसमे श्री राम को बताया गया कि हम पाँच पंचायत का एक प्रखंड से चार से पांच हजार की संख्या में इस कार्यक्रम में भागीदारी रहेगी। मौके पर चंदवा से आए पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार पाठक, पूर्व सांसद प्रतिनिधि रंजीत जायसवाल, पूर्व ओबीसी जिला महामंत्री देवनंदन प्रसाद, पूर्व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष कैलाश कुमार ठाकुर, महामंत्री श्यामलाल गोस्वामी, कन्हैया प्रसाद, मनोज यादव, प्रकाश यादव, अनिल मुखिया सुनील रवि अवधेश यादव, जीतेश यादव, अमित गुप्ता, अशोक यादव समेत सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता बैठक में मौजूद रहे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मे मनाया गया वर्ष प्रतिपदा, निकाला आकर्षक झांकी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में धूमधाम से वर्ष प्रतिपदा उत्सव मनाई गई एवं महापुरुषों की भव्य झांकी के साथ शोभायात्रा भी निकाली गई। प्रतिपदा उत्सव एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव बलीराम हेडगेवार जी का जन्म जयंती भी मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पलामू विभाग के विभाग संघचालक जानकी नंदन राणा, विशिष्ट अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष किशोर प्रसाद, लातेहार जिला सह जिला कार्यवाह सत्येंद्र प्रसाद, प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम संयुक्त रूप से मां शारदे ,ओउम एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजली के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। छात्रा ने स्वागत गीत के साथ उपस्थित अतिथियों का स्वागत भी किए। विषय प्रवेश कराते हुए प्रधानाचार्य राम ने बताया कि हमारा नव वर्ष चैत्र शुक्ल वर्ष प्रतिपदा से प्रारंभ होता है। इसका ऐतिहासिक महत्व है। हिंदू नव वर्ष का आध्यात्मिक से गहरा लगाव रहा है। विभाग संघचालक जानकी नंदन राणा ने बताया कि आज ही के दिन श्री राम का राज्याभिषेक, आरएसएस के संस्थापक डॉक्टर केशव बलीराम हेडगेवार का जन्मोत्सव, सम्राट विक्रमादित्य द्वारा शकों को पराजित कर विक्रम संवत को लागू कराना, वासंतिक नवरात्र का प्रारंभ दिवस आदि है। नववर्ष इसी को मानें, सह जिला कार्यवाह सत्येंद्र प्रसाद ने कहा कि आज ही के दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना किए थे, आर्य समाज की स्थापना आज ही के दिन महाराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक, सिखों के गुरु महाराज अंगद देव जी का जन्मोत्सव, झूल्लेलाल जी का जन्मोत्सव, वसंत ऋतु के आरंभ पर चारों ओर उल्लास, उमंग खुशी एवं फूलों की सुगंध से वातावरण भरा रहता है। हमसभी को अपना नववर्ष इसी को माने। धन्यवाद ज्ञापन किशोर प्रसाद ने किया। अंत में छात्र छात्रों द्वारा भारत माता, श्री राम, भैया लक्ष्मण, माता सीता, हनुमान जी एवं राजा विक्रमादित्य की भव्य झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। वहीं भारत माता की जय, वंदे मातरम, नव वर्ष मंगलमय हो, राजा विक्रमादित्य की जय सहित अन्य नारे के साथ पूरा वातावरण को भक्ति मय कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य लवकेश कुमार उपाध्याय, राज किशोर मिश्र ,शशि कुमार सिंह, लक्ष्मण राम ,बसंत कुमार, आचार्या वीणा, किरण, मनीषा, विनीता, खुशबू ने अहम भूमिका निभाए।

# घर में 26 सीरीज बाद हारा भारत

## तीसरे और अंतिम वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने 21 रन से हराया, काम न आई कोहली की फिफ्टी

एजेंसी



**चेन्नई।** भारत, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर में वनडे सीरीज 1-2 से हर गया। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया को तीसरे और अंतिम वनडे में कंगारुओं ने 21 रन से हराया। टीम इंडिया घरेलू मैदान पर 26 सीरीज बाद किसी भी फॉर्मेट की बाइलेटरल सीरीज हारी है। इस दौरान भारतीय टीम ने 24 सीरीज जीती और 2 ड्रॉ खेली हैं। बुधवार को चेपॉक मैदान पर ऑस्ट्रेलियाई टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 49 ओवर में 269 रन बनाये थे। 270 का लक्ष्य लेकर उतरी भारतीय टीम 49.1 ओवर में 248 रन ही सिमट गयी। कुलदीप आखिरी बल्लेबाज के रूप में आउट हुए, जबकि मोहम्मद सिराज नाबाद रहे। भारत की ओर से सर्वाधित 54 रन विराट कोहली ने बनाये। शुभमन गिल(37), रोहित (30) और लोकेश राहुल 32 रन पर आउट हो गये।

फरवरी 2019 में ऑस्ट्रेलिया ने टीम को एक टी-20 और 5 वनडे की सीरीज 3-2 से हराई थी। इसके बाद टीम ने 7 वनडे और 6 टेस्ट सीरीज जीती। टीम ने इस दौरान 13 टी-20 सीरीज में 11 जीती और 2 ड्रॉ खेली। इस तरह भारत तीनों फॉर्मेट मिलाकर घरेलू मैदान पर 26 सीरीज बाद कोई श्रृंखला हारा है।

**जम्पा ने तोड़ी भारतीय बैटिंग की कमरः** ऑस्ट्रेलिया के एडम जम्पा ने दूसरी पारी में हर बार भारतीय बैटर्स को परेशान किया। जम्पा ने पारी के 12वें ओवर में शुभमन गिल (37) को पगबाधा आउट किया। फिर 27वें ओवर में सेट बैटर केएल राहुल (32) को भी कैच आउट कराया। इसके बाद उन्होंने सेट बैटर हार्दिक पंड्या (40) और रवींद्र जडेजा (18) को भी कैच आउट करा कर टीम इंडिया को 8वां झटका दिया। इसके बाद टीम इंडिया रिकवर नहीं कर सकी और मैच हार गयी।

**सूर्या बैटिंग हैट्रिक बनाने वाले पहले भारतीयः** सूर्यकुमार यादव लगातार तीसरे वनडे में भी गोल्डन डक का शिकार हुए। वे पहले और दूसरे वनडे में मिचेल स्टार्क की बॉल पर पगबाधा आउट हुए थे। सूर्या बैटिंग हैट्रिक बनाने वाले 13वें इंटरनेशनल खिलाड़ी हैं। जब कोई बल्लेबाज लगातार तीन पारियों की पहली बॉल पर जीरो पर आउट होता है, तो उसे बैटिंग हैट्रिक कहते हैं। सूर्यकुमार से पहले भारत के सचिन तेंदुलकर, अनिल कुंबले, जहीर खान, ईशांत शर्मा और जसप्रीत बुमराह भी लगातार 3 वनडे में शून्य पर पवेलियन लौटे हैं, लेकिन तीनों ही लगातार पहली बॉल पर आउट नहीं हुए थे।

### 10 साल बाद यूरोपीय चैलेंज टूर की वापसी

**बेंगलुरू।** भारतीय गोल्फरों को अब यहां केजीए गोल्फ कोर्स पर लगातार दो यूरोपीय चैलेंजर टूर टूनामेंट खेलने का मौका मिला मिलेगा। इन दो में से 300,000 डॉलर पुरस्कार राशि का पहला टूनामेंट डंकन टेलर ब्लैक बुल चैलेंज' गुरूवार को यहां शुरू होगा जिसमें भारत के ज्यादातर स्टार गोल्फर हिस्सा लेंगे। यूरोपीय चैलेंज टूर 10 साल बाद भारत में वापसी कर रहा है।

### मार्तिना नवरातिलोवा ने कैंसर को मात दी

**लंदन।** महान टेनिस खिलाड़ी मार्तिना नवरातिलोवा ने कहा है कि वह गले और स्तन के कैंसर से उबर चुकी हैं और मियामी ओपन के जरिए टीवी चैनल के लिये अपने काम पर लौट आई हैं। 18 बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन ने कहा, वापसी करके अच्छा लग रहा है। यहां आकर रोमांचित हूं। काम करके खुश हूं।' उन्होंने कहा कि कैंसर के उपचार के दौरान उनका स्वाद चला गया और 15 पाउंड वजन भी कम हो गया। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा, ह्यजहां तक मुझे डॉक्टरों ने बताया है कि अब मुझे कैंसर नहीं है।

### धर्मशाला को भी मिल सकती है विश्व कप के मैच की मेजबानी

**धर्मशाला।** भारत में अक्टूबर माह में होने वाले एक दिवसीय विश्वकप के लिए दुनिया के खूबसूरत स्टेडियमों में से एक धर्मशाला को भी मैच की मेजबानी का मौका मिल सकता है। विश्व कप के लिए बीसीसीआई के चुने गए एक दर्जन क्रिकेट स्टेडियमों में धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम को भी चुना गया है। धर्मशाला के अलावा बीसीसीआई ने गुवाहाटी, मुबंई, हैदराबाद, बेंगलुरू, चेन्नई, दिल्ली, कोलकाता, लखनउ, इंदौर और राजकोट सहित अहमदाबाद शहर का चयन किया है। बीसीसीआई ने हालांकि अभी तक विशेष स्थान का चयन नही किया है और न ही वार्म अप मैचों को लेकर शहर चुने हैं, लेकिन फिलहाल धर्मशाला और क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह एक बड़ी खबर है।

### 'हार्दिक पांड्या को सलाम', अश्विन ने खुद बाहर रखने पर वाहवाही की



**नयी दिल्ली।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल से अपना नाम वापस लेने के बाद के फैसले के बाद रविचंद्रन अश्विन ने हार्दिक पांड्या की सराहना की है। अश्विन ने कहा, 'हम डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंच गए हैं और कई लोगों ने महसूस किया है कि हार्दिक पांड्या को टेस्ट टीम में वापस आना चाहिए। निश्चित रूप से, ये राय बहुत अच्छी थी क्योंकि हार्दिक ने इंग्लैंड में खेले गए सीमित टेस्ट के साथ अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन हार्दिक ने कहा कि मैं न्याय नहीं करता और मैं तब वापस आऊंगा जब मुझे लगेगा कि यह टेस्ट क्रिकेट खेलने का सही समय है। मैंने फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में एक प्रतिशत की भी भूमिका नहीं निभाई है। यह क्रिकेट बिरादरी के लिए एक उचित बयान है। भारतीय ऑफ स्पिनर ने कहा कि हार्दिक यह स्वीकार करने के लिए प्रशंसा के पात्र हैं कि वह डब्ल्यूटीसी फाइनल में खेलने के योग्य नहीं हैं और इसके लिए उन्होंने कोई बहाना नहीं बनाया। उन्होंने कहा, 'हम आमतौर पर असफलता या सफलता से जुड़ जाते हैं।

## आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम की घोषणा, दो अनकैप्ड खिलाड़ी टीम में शामिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट ने बुधवार को आयरलैंड के खिलाफ 27 मार्च से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की। आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम में रिशद हुसैन और जेकर अली अनिक दो नए (अनकैप्ड) खिलाड़ी हैं। टी20 आई नियमित अफिफ हुसैन और नुरुल हसन को शाकिब अल हसन के नेतृत्व वाली टीम में जगह नहीं मिली। तीन मैचों की टी20 सीरीज 27, 29 और 31 मार्च को चटगांव में खेली जाएगी। अनिक के पास 49 घरेलू टी20 मैचों का अनुभव है जहां उन्होंने 20.96 की औसत से 587 रन बनाए हैं। 25 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज बांग्लादेश प्रीमियर लीग 2023 में विजयी कोमिला विक्टोरियंस का हिस्सा थे जिन्होंने 25 की औसत से 175 रन बनाए। दूसरी तरफ रिशद हुसैन ने 2021 के बाद से घरेलू टी20 में भाग नहीं लिया है लेकिन बांग्लादेश की राष्ट्रीय टीम के साथ नियमित नेट गेंदबाज रहे हैं। मुख्य चयनकर्ता मिन्हाजुल अबेदीन ने बांग्लादेश क्रिकेट द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा, 'जेकर को उनके घरेलू प्रदर्शन के आधार पर टीम में शामिल किया गया। उन्होंने ए टीम के लिए भी अच्छा प्रदर्शन किया है।' उन्होंने कहा, 'चूंकि हम आयरलैंड के खिलाफ खेल रहे हैं, हम रिशद को देखना चाहते हैं। प्रबंधन भी एक लेग स्पिनर चाहता था इसलिए हमने उसे चुना। मुझे उम्मीद है कि नए खिलाड़ी इस मौके का फायदा उठाएंगे।'




**आयरलैंड के खिलाफ बांग्लादेश की टी20 टीम**

शाकिब अल हसन (कप्तान), लिटन दास, रोनी तालुकदार, नजमुल हुसैन शान्तो, तौहीद हिरदॉय, शमीम हुसैन, मेहदी हसन मिराज, नसूम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, हसन महमूद, तस्किन अहमद, शोरफुल इस्लाम, ऋषद हुसैन और जाकर अली अनिक।

### 20वां दिल्ली इंटरनेशनल शतरंजः भारत के सेथुरमन होंगे टॉप सीड

**नयी दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में एक बार फिर दुनिया भर से शतरंज के दिग्गज खिलाड़ी जुटने जा रहे है। 23 मार्च से 30 मार्च के दौरान यहाँ होने जा रहे 45 लाख रुपेय पुरुष्कार राशि वाले टूनामेंट में भारत के अलावा 16 अन्य देशो के 1066 खिलाड़ी जुटने जा रहे है। भारत के ग्रांड मास्टर पूर्व एशियन चैम्पियन एसपी सेथुरमन 2639 रेटिंग अंको के साथ प्रतियोगिता के टॉप सीड खिलाड़ी होंगे जबकि अभी अभी नेशनल रैपिड ब्लिट्ज का दोहरा खिताब जीतने वाले अरविंद चितांबरम 2607 अंको के साथ दूसरे वरीय खिलाड़ी होंगे। दिल्ली ओपनका खिताब जीत चुके जॉर्जिया के लेवान पन्त्सूलिया 2597 अंको के साथ तीसरे वरीय खिलाड़ी होंगे। शीर्ष 10 वरीय खिलाड़ियों में रूस के मिखाइल कोबालिया, जॉर्जिया के मिखाइल एम, रूस के मुरजिन वोलोदर और बोरिस शेवचेंकों ,भारत के ललित बाबू ,पोलैंड के माइकल क्रासेंकोव और जॉर्जिया के लूका पाइचादे शामिल है। रूस के सभी खिलाड़ी फीडे के झंडे तले खेलेंगे। प्रतियोगिता में कुल 10 राउंड होंगे, 2 दिन दो राउंड जबकि छह दिन एक राउंड खेला जाएगा।

### नाकामुरा व वेसली सो में होगा अमेरिकन कप का पहला फाइनल



**सेंट लुईस।** 2023 अमेरिकी कप में अब फाइनल मुकाबला यूएसए के दो शीर्ष खिलाड़ियों ग्रांड मास्टर हिकारु नाकामुरा और वेसली सो के बीच खेला जाएगा। अमेरिकन चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जोरदार मुकाबले हुए, जिसे हिकारू नाकामुरा और वेस्ली सो जीतने में कामयाब रहे। नाकामुरा नें काले मोहरों के साथ बेहतरीन फॉर्म दिखाई और मिडिलगेम में लेइनियर डोमिंगुएज को मात देकर अपना मैच 1.5-0.5 से अपने नाम कर लिया, जबकि यू.एस. चैंपियन ग्रांड मास्टर फैबियानो कारुआना और वेसली सो के बीच क्लासिकल मुकाबला 1-1 से बराबर रहने के बाद वेसली सो नें रैपिड प्लेऑफ में 3-2 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। हालांकि प्रतियोगिता के नियम के अनुसार इस फाइनल में जीतने वाला खिलाड़ी सीधे सुपर फाइनल में प्रवेश करेगा जबकि हारने वाले खिलाड़ी को एलिमिनेशन ग्रुप के विजेता से जीतने पर सुपर फाइनल में प्रवेश करने का एक और मौका मिलेगा।


### मोबाइल पर देखकर गोल रद्द करने वाला रेफरी निलंबित



**मिस्र।** मिस्र फुटबॉल संघ (ईएफए) ने एक रेफरी को मोबाइल फोन पर रिप्ले देखकर गोल रद्द करने के कारण अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर दिया है। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते मुंतखब अल-सुएज और अल-नस्त्र एफसी के बीच खेला गया मुकाबला द्वितीय श्रेणी का होने के कारण इसमें वीएआर (वीडियो रेफरी) प्रणाली का इस्तेमाल नहीं किया गया था। अल-नस्त्र को लगा कि उसने मैच के अंतिम क्षणों में गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर लिया है लेकिन सुएज ने रेफरी से हैंडबॉल का दावा किया। रेफरी ने फोन पर कुछ देर रिप्ले देखने के बाद गोल को अवैध करार दे दिया। सुएज ने आगे चलकर यह मैच 3-1 से जीत लिया। ईएफए ने बुधवार को एक बयान में कहा कि विटोर परेरा की अध्यक्षता वाली रेफरी समिति ने अल-नस्त्र और अल-सुएज मैच के रेफरियों को अनिश्चितकाल के लिये निलंबित कर दिया है। समिति ने उस घटना की जांच करने का फैसला किया जब मैच के रेफरी मोहम्मद फारूक ने मैच की घटनाओं के एक फुटेज की समीक्षा करने के लिये एक मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया।

## जाली सर्टिफिकेट बनाने वाले मास्टरमाइंड समेत 12 गिरफ्तार, 98 पर्सेंटेज तक बढ़ाते थे मार्कस

एजेंसी



**मुजफ्फरपुर।** बिहार में जाली सर्टिफिकेट बनाने का बड़ा खेल चल रहा है। जहां बड़ी संख्या में युवा इस जद में आ रहे। मेरिट लिस्ट पर मिलने वाली नौकरी के लिए युवा जालसाज के चक्कर में फंस रहे। इसका खुलासा मुजफ्फरपुर में हुआ है। जीडीएस पद पर बहाली में फजीवाड़े का बड़ा कारनामा सामने आया है। बहाली के लिए फर्जी सर्टिफिकेट देने वाले 11 मुन्ना भाई को प्रधान डाकघर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद पुलिस ने गिरोह के मास्टरमाइंड को छपरा से गिरफ्तार किया। इन सभी से पूछताछ की गई। पूछताछ के बाद बुधवार को सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की कवायद की जा रही। बताया जा रहा कि सर्टिफिकेट सत्यापन के लिए प्रधान डाकघर में बुलाया गया था। एक अभ्यर्थी के अंक पत्र में अंग्रेजी में 98 नंबर थे। लेकिन, उसे इंग्लिश लिखने तक नहीं आ रहा था। एक अन्य अभ्यर्थी को 500 में कुल 491 अंक दर्ज हैं। इसके अलावा, गिरफ्तार अन्य युवकों के भी मार्क्स काफी अधिक है।

**झारखंड तक फैला है नेटवर्क**

मिली जानकारी के अनुसार गिरोह का नेटवर्क झारखंड तक फैला हुआ है। एक ही स्कूल के कोड पर सभी का सर्टिफिकेट तैयार किया गया था। सत्यापन के दौरान ऑनलाइन इसका वेरीफिकेशन किया गया तो उस रोल नंबर का अंक दिखा ही नहीं। यही नहीं जिस झारखंड बोर्ड का मैट्रिक सर्टिफिकेट दिया गया। उस वर्ष 2020 में टॉपर को अधिकतम अंक 490 मिले थे। शक होने पर जब सख्ती की गई तो दो ने फर्जी सर्टिफिकेट होने की बात कबूल कर ली। रेल डाक सेवा यू डिवीजन के इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि अन्य 9 अभ्यर्थी दस्तावेज के सही होने पर अड़े थे। पूरे मामले की जानकारी देने पर प्रधान डाकघर पहुंची नगर थाना पुलिस ने सभी को हिरासत में लेने के बाद एफआईआर कर कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि कुल 52 अभ्यर्थियों के सर्टिफिकेट सत्यापन के लिए प्रधान डाकघर पहुंचना था। लेकिन, 11 ही आए।

**5 लाख तक में सौदे की बात कबूली**

पुलिस की पूछताछ में अभ्यर्थियों ने बताया कि 3 लाख से 5 लाख तक में सौदा हुआ था। ढाई लाख पहले दिया गया था। नौकरी लगने के बाद ढाई लाख देने थे। रेल डाक सेवा के इंस्पेक्टर ने बताया कि डाक विभाग में जीडीएस पद के लिए भर्ती प्रक्रिया हुई थी। इसमें कई छात्रों का मेरिट लिस्ट निकल चुका था। इसको लेकर सुबह से शाम के छह बजे तक वेरिफिकेशन प्रक्रिया चल रही थी। यूपी, उत्तराखंड समेत दूसरे अन्य राज्यों में इनकी बहाली होनी थी। लेकिन, फॉर्म भड़ने के वक्त इन लोगों ने डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन कराने के लिए मुजफ्फरपुर केंद्र चुना था। जब इनका वेरिफिकेशन प्रक्रिया शुरू की गई तो होश उड़ गए। इनमें से किसी का भी डोकोमेंट ऑनलाइन शो नही कर रहा था। सभी के स्कूल में दिए जाने वाले क्रमांक कोड एक ही था।

**11 में सबसे ज्यादा 6 अभ्यर्थी सारण व 2 गोपालगंज जिला के**

जाली सर्टिफिकेट पर नौकरी पाने की कोशिश करने वाले 11 अभ्यर्थियों में से 6 सारण, 2 गोपालगंज, एक-एक सिवान, मोकामा व बक्सर का रहने वाला है। बक्सर के युवक ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि ढाई लाख रुपए में सौदा तय हुआ था। छपरा के एक साइबर कैफे से फॉर्म डाला गया था। उसी ने जाली सर्टिफिकेट बनाया था। नौकरी लगने के बाद ढाई लाख रुपए देने थे। लेकिन इससे पहले पकड़े गए, जिसके बाद सभी को पुलिस के हवाले सौंप दिया गया।

### भोजपुर में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**भोजपुर।** भोजपुर में एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इसे लेकर पीड़िता की मां ने संबंधित थाना में दो बदमाशों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई। प्राथमिकी होने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए भोजपुर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सामूहिक दुष्कर्म के दौरान आरोपियों द्वारा वीडियो भी बनाए जाने की बात कही जा रही। मामला जिले के बहोरनपुर ओपी अंतर्गत एक गांव का है। इधर, पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि शाहपुर थाना क्षेत्र के बहोरनपुर ओपी निवासी मंजय बिंद उर्फ मंजर चौधरी तथा रामबाबू गोंड को गिरफ्तार किया गया है।

### 'कान पकड़ते हैं... आज के बाद दारू नहीं पिएंगे', मुंगेर में पत्नी से माफी मांगने लगा पति

**मुंगेर।** कान पकड़ते हैं... अब शराब नहीं पिएंगे। कुछ इसी अंदाज में शराबी पति ने अपनी पत्नी से माफी मांगी। मामला मुंगेर सदर अस्पताल का है। यहां एक शराबी पहुंचता है। पत्नी के सामने कान पकड़ता है और कसम खाते हुए कहता है कि अब शराब कभी नहीं पिएंगे। बताया जा रहा है कि रविवार को शराबी पति की आदतों से तंग आकर पत्नी ने जहर खा लिया। गंभीर हालत में उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद पति को अपनी गलती का एहसास हुआ। आनन-फानन में अस्पताल पहुंचा और सभी लोगों के सामने कान पकड़कर पत्नी से माफी मांगी। पूरा मामला सफियाबाद ओपी इलाके के परहम का है। जानकारी के अनुसार, परहम निवासी पप्पू चौधरी मजदूरी का काम करता है। बताया जा रहा है कि वह रोज शराब पीकर घर आता था और पत्नी रीना देवी के साथ मारपीट करता था। शराबी पति की आदतों से परेशान होकर 35 वर्षीय रीना देवी ने रविवार दोपहर घर में रखा खेत में देने वाला जहर पी लिया। तबियत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### नेपाल से ड्रोन कैमरा लेकर आ रहे थे बिहार, बॉर्डर पर एसएसबी जवानों ने पकड़ा

**सीतामढ़ी।** बिहार के सीतामढ़ी जिले के बेला थाना अंतर्गत इंडो-नेपाल बॉर्डर से सशस्त्र सीमा बल की 51वीं बटालियन के जवानों ने दो ड्रोन कैमरे के साथ दो नेपाली युवकों को पकड़ा है। दोनों गुपचुप तरीके से ड्रोन लेकर भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहे थे। बॉर्डर पर पहुंचते ही एसएसबी ने युवकों के बैगों की तलाशी की, तो उसमें से एक-एक ड्रोन कैमरा निकला। उसके बाद एसएसबी ने दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने के बाद बेला थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। बेला थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर दोनों युवकों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बताया गया है कि एसएसबी, कन्हवां कैंप के जवान शाम में बॉर्डर पर ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान दो नेपाली नागरिक को अवैध तरीके से ड्रोन कैमरा लेकर भारतीय सीमा में प्रवेश करते देखा गया। एसएसबी ने युवकों से उक्त ड्रोन के कागजात की मांग की, लेकिन कागजात नहीं उपलब्ध कराया। फिर दोनों को हिरासत में ले लिया गया।

### साले को खोजते हुए पटना पहुंचे शेखर सुमन

**पटना।** एनएमसीएच के डॉक्टर संजय कुमार पिछले 22 दिनों से लापता हैं। उनकी गुमशुदगी की गुत्थी पटना पुलिस अब तक नहीं सुलझा पाई है। परिवार के लोग परेशान हैं। अब फिल्म अभिनेता शेखर सुमन ने नीतीश सरकार से सवाल किया है। उन्होंने बिहार सरकार से पूछा है कि आखिर उनके साले साहब कहां है? सवाल बिहार पुलिस पर भी उठ रहे हैं। फिल्म अभिनेता शेखर सुमन ने बिहार पुलिस से भी सवाल किया है कि 22 दिनों की जांच के बाद पुलिस के हाथ क्या लगा है? एनबीटी से बात करते हुए जाने-माने फिल्म अभिनेता शेखर सुमन ने बिहार के बढ़ते अपराध पर भी सवाल उठाया। फिल्म अभिनेता शेखर सुमन ने 22 दिन से लापता अपने बहनोई के बारे में राजधानी पटना में आकर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मुंबई से वह सारा काम छोड़कर आए हैं। वह जानना चाहते हैं कि अगर उन्होंने आत्महत्या भी कर ली है तो आखिर संजय कुमार की लाश कहां गई? उन्होंने एनबीटी से बातचीत करते हुए सवाल उठाया कि क्या पटना पुलिस उनका शव भी बरामद नहीं कर सकती है?

### मधुबनी में दो तस्कर को किया गया गिरफ्तार

➲ **करीब 1 करोड़ का ब्राउन शुगर बरामद, किराए पर कमरा ले रखा था**

**मधुबनी।** मधुबनी जिले के पंडौल थाना क्षेत्र के बल्हा गांव में किराए के मकान रह रहे दो तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घर से 1 किलो ब्राउन शुगर की बरामदगी हुई है। पंडौल थाना को गुप्त सूचना मिली थी बलहा गांव में एक घर में दो युवक के पास ब्राउन शुगर है, जिसे खपाने के लिए जिले में लाया गया है। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने इस मामले की जानकारी बड़ी पदाधिकारी को दी। फिर एक टीम गठित किया गया। गठित टीम ने गुप्त सूचना वाली जगह वाला गांव पहुंचकर घर में छापेमारी की तो उस घर में दो युवक और घर की तलाशी ली गई जिससे 1 किलो ब्राउन शुगर बरामद हुआ।

**करीब 1 करोड़ कीमतः** पंडौल थाना पुलिस ने छापेमारी के दौरान गिरफ्तार दोनों तस्कर और घर से बरामद ब्राउन शुगर को लेकर थाना पहुंचे जिसके बाद पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने प्रेस वार्ता करते हुए इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बड़ा गांव से एक घर से दो तस्कर के साथ 1 किलोग्राम सोना बरामद किया है। इसकी अंतरराष्ट्रीय मूल्य 1 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। पुलिस की ओर से गिरफ्तार दो तस्कर बलहा गांव से मोहम्मद हुसैन पिता मोहम्मद उस्मान के रूप में हुई है। दोनों तस्कर बलहा गांव में एक कमरा किराए पर लेकर रह रहा था। वहीं पुलिस को सूचना मिली कि जयनगर थाना के छर्रापट्टी कमलाबाड़ी के दो व्यक्ति द्वारा खरीदेने कि सूचना है। पुलिस तस्कर के नेटवर्क को खंगाल रही है।

### सेकेंड डिवीजन आने पर छात्र ने की आत्महत्या

**शेखपुरा।** इंटर में सेकेंड डिवीजन आने पर 21 साल के छात्र ने मंगलवार की रात जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। घटनास्थल से सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड नोट में लिखा है कि मैं होशो हवास में आत्महत्या करने जा रहा हूं। इंटर में नंबर बढ़ाने को लेकर चंदन दा से 40 हजार रुपए में सेटिंग हुई थी। इसको लेकर 27 हजार रुपए भी दिए, लेकिन चंदन दा ने धोखा दिया। इसलिए आत्महत्या कर रहा हूं। मेरी मौत का जिम्मेदार चंदन दा है।

**सुसाइड लेटर में छात्र ने क्या लिखा :** मैं राहुल कुमार अपने होशो हवास में आत्महत्या करने जा रहा हूं। परीक्षा में फेल हो जाने की वजह से आत्महत्या करने जा रहा हूं। बहन मुझे माफ कर देना। अगले जन्म में तेरी जैसी बहन मांगूगा। बहन मम्मी-पापा और खुद को भी संभालना। बहुत टेंशन में हूं। इसलिए मरने जा रहा हूं। सब से हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं। चंदन दा से अच्छे नंबर को लेकर 40 हजार में डील हुई थी। मैंने 27 हजार दे भी दिए थे, वो 12 हजार भी मांग रहे थे। बढ़िया नंबर नहीं आए। मां-पापा मुझे माफ कर देना। छात्र की पहचान राहुल कुमार (21) पुत्र गोपाल सिंह निवासी लखीसराय जिले के पिपरिया थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर गांव के रूप में हुई है। वह न्यू प्रोफेसर कॉलोनी में आरडी कॉलेज के रिटायर्ड प्रोफेसर जनार्दन सिंह के मकान में रहता था।

## पेज एक का शेष

### पुलिस वाले की...

घर के अंदर सिर्फ चार दिनों का एक नवजात ही था। मृतक बच्चे की मां नेहा देवी (पति रमेश पांडेय) का कहना है कि पुलिसकर्मी एक एक कमरे की तलाशी ले रहे थे। चार दिनों का उसका बच्चा चौकी पर सो रहा था। पुलिस जब घर से बाहर निकल गयी तो वह अपने कमरे में गयी। बच्चे को देखा तो उसके शरीर पर किसी प्रकार का हलचल नहीं था। नेहा व घर के अन्य सदस्यों का आरोप है कि बच्चे की मौत पुलिसकर्मी के पैर से दब जाने से हुई है। वारंटी भूषण पांडेय का आरोप है कि जब पुलिस आयी तो वह भाग गया था। आरोप है कि चौकी पर चढ़कर घर के ऊपरी हिस्से की तलाशी के क्रम में चौकी पर सोया बच्चा बूट से कुचल दिया।

जांच के बाद होगी कार्रवाई : इधर इस विषय पर सर्किल इंस्पेक्टर सहदेव प्रसाद ने साफ कहा कि वे किसी प्रकार की जानकारी अभी नहीं सकते। वहीं डीएसपी संजय राणा ने कहा कि इस मामले की जानकारी मिलते ही जांच शुरू कर दी गयी है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### 106 हस्तियां...

गुजरात की रहने वाली हिराबाई बेन इब्राइमभाई लॉबी को पद्म श्री से नवाजा गया। उन्हें सिद्दी समुदाय के उत्थान के लिए ये सम्मान दिया गया है। डॉ अरविंद कुमार को विज्ञान एवं इंजीनियरी में अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मानित किया गया। डॉ प्रभाकर भानुदास मांडे को साहित्य एवं शिक्षा में योगदान के लिए पद्म श्री से नवाजा गया है। सुमन कल्याणपुर को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री एसएम कृष्णा को पद्म विभूषण दिया गया। आदित्य बिरला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिरला को पद्म विभूषण दिया गया। प्रोफेसर बालकृष्ण दोषी को मरणोपरांत पदम विभूषण से सम्मानित किया गया। उनकी बेटी ने ये सम्मान लिया। गणतंत्र दिवस के दिन सरकार ने मुलायम सिंह यादव (अव स्व) को पद्म विभूषण देने का ऐलान किया। दिलीप महालनाबिस को भी पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इंफोसिस के सह-संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति को पद्म भूषण से नवाजा गया।

### महाविद्यालय में ...

इसकी कहानी महाभारत के काल से जुड़ी है और इसी के बाद से जनजातीय समुदाय के लोगों की आस्था इस पेड़ से जुड़ी है। सरहुल परंपरा, संस्कृति, रहन-सहन से जुड़ा हुआ पर्व है।

हमारा अस्तित्व प्रकृति पर निर्भर : प्राचार्या- प्राचार्या डॉ सुप्रिया ने गूंगु पत्ते की बनी टोपी तथा सरई के फूलों से अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्या ने कहा कि हमें प्रकृति पर्व सरहुल से सीखना चाहिए कि हम प्रकृति का दोहन न करें। प्रकृति हम पर निर्भर नहीं है बल्कि हमारा अस्तित्व प्रकृति पर निर्भर है। यदि हम इसकी सुरक्षा के प्रति सचेत रहेंगे तो यह भी हमारे जीवन को खुशहाल बनाने में मदद करेगी। सरहुल त्योहार धरती माता को समर्पित है। इस त्योहार के दौरान प्रकृति की पूजा की जाती है। इस त्योहार को मनाए जाने के बाद ही नयी फसल का उपयोग मुख्य रूप से धान, पेड़ों के पत्ते, फूलों और फलों का उपयोग कर सकते हैं। नागपुरी भाषा की विभागाध्यक्ष डॉ करमी मांझी ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किया। मौके पर छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक गीत एवं नृत्य के माध्यम से सबको झुमाया। बड़ी संख्या में उपस्थित छात्राओं और शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम का खूब आनंद उठाया।

### प्रेम प्रकाश के साथ...

**15 सदस्यीय टीम कर रही है जांच :** जानकारी के मुताबिक, दुमका में 15 सदस्यीय टीम के द्वारा योगेंद्र तिवारी के मैहर गार्डन होटल सह विवाह भवन में जांच की जा रही है। आयकर विभाग की टीम मंगलवार शाम को दुमका पहुंची थी। इस 15 सदस्यीय टीम में अधिकारी और सुरक्षाकर्मी शामिल हैं। आयकर की यह टीम देवघर और धनबाद की है। आयकर विभाग की टीम संथाल परगना के कारोबारी योगेंद्र तिवारी के देवघर स्थित रोलिंग मिल और रिसॉर्ट में जांच कर रही है।

# सेना के बड़ाखानों में फिर मिलेगी मोटे अनाज की रोटी

## राशन में श्री अन्न के इस्तेमाल की दोबारा मिली अनुमति



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना ने जवानों के राशन में श्री अन्न (मिलेट्स) आटे की शुरूआत की है ताकि पोषण से भरपूर मोटे अनाज की खपत को बढ़ाया जा सके। सेना ने करीब पांच दशक पहले गेंहू के आटे की वजह से मोटे अनाज का इस्तेमाल बंद कर दिया था। सेना ने बुधवार को कहा कि यह फैसला सैनिकों को स्थानीय और पारंपरिक अनाज की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किया गया है। सेना ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के आलोक में श्री अन्न के उपभोग को बढ़ावा देने के लिए भारतीय सेना ने मोटे अनाज के आटे की शुरूआत सैनिकों के लिए की है। यह जवानों को स्थानीय और पारंपरिक अनाज की आपूर्ति करने का ऐतिहासिक फैसला है जिसे करीब पांच दशक पहले गेहूं के आटे की वजह से बंद कर दिया गया था। पारंपरिक रूप से श्री अन्न से बने व्यंजन सेहत के लिए लाभदायक साबित हुए हैं और हमारी भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल है। इससे जीवनशैली संबंधी बीमारियों के असर को कम करने और सैनिकों में संतुष्टि भाव लाने में मदद मिलेगी। अब से सभी पदों पर आसीन सेना के जवानों के दैनिक भोजन में श्री अन्न अभिन्न अंग होगा।

उल्लेखनीय है कि सरकार ने वित्तवर्ष 2023-24 के लिए सेना को कुल राशन में से 25 प्रतिशत तक श्री अन्न खरीदने के लिए अधिकृत किया है। यह खरीद विकल्प और मांग पर आधारित होगी और इसके तहत बाजरा, ज्वार और रागी के आटे का विकल्प होगा।

मोटे अनाज वाली फसलों जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, सावां, कंगनी, चीना, कोदो, कुटकी और कुट्टू को मिलेट क्रॉप कहा जाता है। मिलेट्स को सुपर फूड कहा जाता है, क्योंकि इनमें पोषक तत्व अपेक्षाकृत अधिक मात्रा में होते हैं। भारतीय मिलेट्स अनुसंधान संस्थान के अनुसार, रागी यानी फिंगर मिलेट में कैल्शियम की मात्रा अच्छी होती है। प्रति 100 ग्राम फिंगर मिलेट में 364 मिलिग्राम तक कैल्शियम होता है। रागी में आयरन की मात्रा भी गेहूं और चावल से ज्यादा होती है।

### क्या है मिलेट क्रॉप्स की खासियत

मिलेट्स क्रॉप को कम पानी की जरूरत होती है। उदाहरण के लिए गन्ने के पौधे को पकाने में 2100 मिलीमीटर पानी की जरूरत होती है। वहीं, बाजरा जैसी मोटे अनाज की फसल के एक पौधे को पूरे जीवनकाल में 350 मिलीमीटर पानी चाहिए होता है। रागी को 350 मिलीमीटर पानी की आवश्यकता होती है तो ज्वार को 400 मिलीमीटर पानी चाहिए होता है। जहां दूसरी फसलें पानी की कमी होने पर पूरी तरह बर्बाद हो जाती हैं, वहीं, मोटा अनाज की फसल खराब होने की स्थिति में भी पशुओं के चारे के काम आ सकती हैं।

**दुनिया के 72 देशों ने दिया है समर्थन :** भारत के बाजरा निर्यात संवर्धन कार्यक्रम को दुनिया के 72 देशों ने समर्थन दिया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) ने 5 मार्च, 2021 को घोषणा की थी कि वर्ष 2023 अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष (आईवाईओएम) के रूप में मनाया जाएगा। सरकार वर्तमान में भारतीय बाजरा और इसके मूल्य वर्धित उत्पादों को विश्व भर में लोकप्रिय बनाने तथा इसे एक जन आंदोलन बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रयासरत है। बाजरा को बढ़ावा देने की सरकार की सुदृढ़ नीति के अनुसार, विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों को भारतीय बाजरा की ब्रांडिंग व प्रचार, अंतर्राष्ट्रीय शेफों तथा डिपार्टमेंटल स्टोर्स, सुपरमार्केट्स तथा हाइपरमार्केट्स जैसे संभावित खरीदारों की पहचान करने के लिए बी2बी बैठकों और प्रत्यक्ष करारों का आयोजन किया जा रहा है।

## स्पीड न्यूज

### सपा विधायक सोलंकी के करीबी की 30 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

**कानपुर ।** जमीन पर जबरन कब्जे समेत कई मामलों में जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी के करीबी साथी शौकत उर्फ पहलवान की लगभग 30 करोड़ रुपये की सम्पत्ति बुधवार को जिला प्रशासन ने जब्त कर ली। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पीलखाना थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि गैंगस्टर अधिनियम के तहत अनेक मामलों में इस वक्त कानपुर जिला जेल में बंद शौकत उर्फ पहलवान की 1162 वर्ग मीटर की दो मंजिला इमारत को आज कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच मुनादी करवाकर अधिनियम की धारा 14 (1) के तहत जब्त कर लिया गया ।

### सड़क दुर्घटना में ओम बिरला के भाई घायल

**कोटा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के छोटे भाई नरेन्द्र बिरला जयपुर-दिल्ली राजमार्ग पर पलवल गांव के निकट कार पलटने से घायल हो गए। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। लोकसभा अध्यक्ष के कैंप कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना मंगलवार की रात को हुई है।

### अरुणाचल में कैटफिश की नयी प्रजाति मिली

**कोलकाता।** भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जेडएसआई) के वैज्ञानिकों ने अरुणाचल प्रदेश में कैटफिश की एक नयी प्रजाति की खोज की है। एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। कैटफिश की नयी प्रजाति का नाम जेडएसआई की पहली महिला निदेशक धृति बनर्जी के नाम पर एक्सोस्टोमा धृतिया रखा गया है, जो जीवों पर शोध में उनके योगदान के प्रति सम्मान दर्शाता है।

### आंध्र-ओडिशा सीमा पर विस्फोटक जब्त

**कोरापुट।** आंध्र प्रदेश-ओडिशा सीमा पर माओवादियों द्वारा कथित रूप से बड़ी मात्रा में छिपाए गए विस्फोटक जब्त कर लिए गए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अविनाश सोनकर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कोरापुट जिले के लामातापुट इलाके से 50 किलोग्राम विस्फोटक कोडेक्स तार, 100 डेटोनेटर और 15 रेडियो सेट जब्त किए हैं।

### हत्या मामले में पांच अभियुक्तों को उम्रकैद

**बाराबंकी।** बाराबंकी जिले की एक अदालत ने हत्या के करीब 15 साल पुराने एक मामले में आरोपी पांच अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद और जुर्माने की सजा सुनायी है। जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार पांडेय ने बुधवार को बताया कि 20 मार्च 2008 को जैदपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर कड़ेरा गांव में विजय बहादुर के बेटे राहुल कुमार और भतीजे धर्मेंद्र कुमार की, गांव के ही निवासी अमर सिंह की बेटी से कहासुनी हो गई थी। इस पर अमर सिंह और उसके परिजन ने दोनों को मारा-पीटा था।

### पांच अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में सिसोदिया

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने बुधवार को आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को ईडी द्वारा जांच की जा रही आबकारी नीति मामले में 5 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सिसोदिया की ईडी हिरासत खत्म होने पर, जिसे 17 मार्च को बढ़ा दिया गया था, उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल के समक्ष पेश किया गया और उन्हें 5 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सिसोदिया पहले से ही सीबीआई द्वारा जांचे जा रहे भ्रष्टाचार के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। सिसोदिया ने अदालत से आग्रह किया कि हिरासत के दौरान कुछ धार्मिक और आध्यात्मिक पुस्तकें ले जाने की अनुमति दी जाए।


### मैरिटल रेप मामले में सुनवाई नौ मई को

**नयी दिल्ली।** मैरिटल रेप यानी पत्नी से जबरन शारीरिक संबंध बनाने को अपराध करार देने की मांग और इससे जुड़ी अन्य याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय नौ मई को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जय सिंह की गुहार पर मामले को नौ मई को सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त करते हुए इसे सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने 16 जनवरी को केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर इस मामले में 15 फरवरी तक अपना पक्ष रखने को कहा था। इस पर सॉलिसिटर जनरल मेहता ने शीर्ष अदालत के समक्ष कहा कि केंद्र का जवाब तैयार है। दिल्ली हाईकोर्ट ने पिछले साल 11 मई को खंडित फैसला सुनाया था, जिसके खिलाफ शीर्ष अदालत में अपील की गई थी। इसके अलावा और कई याचिकाएं दायर की गई थी।

# 6जी की तरफ भारत ने बढ़ाया कदम

## प्रधानमंत्री ने टीआईजी-6जी का किया अनवारण

▸▸ **कभी दूरसंचार प्रौद्योगिकी का सिर्फ उपभोक्ता था, आज बड़ा निर्यातक बनने की राह पर है : नरेंद्र मोदी**



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 5जी के आने के छह महीने के भीतर भारत ने 6जी को लेकर जो पहल की हैं उससे देश के आत्मविश्वास का पता चलता है।मोदी ने बुधवार को 6-जी दृष्टिकोण पत्र (टीआईजी-6जी) का अनावरण करते हुए कहा कि कभी भारत दूरसंचार प्रौद्योगिकी का सिर्फ उपभोक्ता होता था, आज यह तेजी से इसका बड़ा निर्यातक बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।मोदी ने कहा कि 5-जी प्रौद्योगिकी शुरू होने के छह महीने के भीतर हम 6-जी के बारे में बात कर रहे हैं। यह देश के विश्वास को दर्शाता उन्होंने कहा कि आज हम दृष्टिकोण पत्र लेकर आए हैं, जो 6जी प्रौद्योगिकी की शुरूआत का बड़ा आधार बनेगा।

**5जी की रफ्तार से 1,000 गुना अधिक :** दूरसंचार विभाग की तरफ से जारी दृष्टिकोण पत्र में कहा गया है कि 5जी प्रौद्योगिकी 40-1,100 एमबीपीएस की गति का वादा करती है और इसकी अधिकतम रफ्तार 10,000 एमबीपीएस तक जा सकती है। वहीं 6जी प्रति सेकंड एक टेराबिट की गति की पेशकश करेगी। यह 5जी की रफ्तार से 1,000 गुना अधिक है। मोदी ने अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) के नए क्षेत्रीय कार्यालय और नवाचार केंद्र का बुधवार को उद्घाटन किया। क्षेत्रीय कार्यालय पूरी तरह से भारत द्वारा वित्तपोषित है।

यह सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) भवन स्थित है। उन्होंने कहा कि यह आईटीयू कार्यालय देश में 6जी के लिए सही परिवेश बनाने में मदद करेगा।

मोदी ने कहा कि 4-जी से पहले भारत केवल दूरसंचार प्रौद्योगिकी का उपयोगकर्ता था, लेकिन अब भारत इस प्रौद्योगिकी का बड़ा निर्यातक बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में सफलतापूर्वक विकसित की गई प्रौद्योगिकी पर दुनियाभर की नजर है। उन्होंने कहा कि भारत के पास दो मुख्य शक्तियां- भरोसा और पैमाना है। मोदी ने कहा कि भरोसे और पैमाने के बिना हम प्रौद्योगिकी को हर नुक्कड़ और कोने तक नहीं ले जा सकते हैं।

मेरा मानना है कि विश्वास वर्तमान प्रौद्योगिकी के लिए एक उपसर्ग (शुरूआत) है। सस्ते स्मार्टफोन और सस्ते डेटा ने भारत का कायापलट कर दिया है।

उन्होंने कहा कि भारत में डिजिटल भुगतान, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, जनधन, आधार, ब्रॉडबैंड सेवाओं के तेजी से विस्तार के साथ आदि बड़े पैमाने पर डिजिटल समावेशन हुआ है।मोदी ने कहा कि दूरसंचार प्रौद्योगिकी भारत में सत्ता का सिर्फ एक तरीका नहीं बल्कि यह सशक्तीकरण का एक उद्देश्य है।

**देश में बढ़ी इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या :** भारत की दूरसंचार सफलता की कहानी की चर्चा करते हुए मोदी ने कहा कि इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 2014 में 25 करोड़ से बढ़कर 85 करोड़ हो गई है, जिसमें अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट सुविधा ने शहरी केंद्रों को पीछे छोड़ दिया है। यह दशार्ता है कि देश के कोने-कोने में डिजिटल शक्ति की पहुंच है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार और निजी क्षेत्र ने मिलकर 25 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर बिछाया है। इसमें लगभग दो लाख ग्राम पंचायतों को जोड़ना शामिल है उन्होंने यह भी घोषणा की कि आने वाले दिनों में भारत 100 नई 5-जी प्रयोगशालाओं की स्थापना करेगा। उन्होंने कहा कि ये प्रयोगशालाएं भारत की अनूठी जरूरतों के अनुसार 5-जी एप्लिकेशन विकसित करने में मदद करेंगी। मोदी ने कहा कि भारत सबसे तेज गति से 5जी मोबाइल प्रौद्योगिकी शुरू करने वाले देशों में से है। उन्होंने कहा कि 5-जी शुरू होने के 120 दिन के भीतर सेवाओं का विस्तार 125 शहरों में किया गया है। भारत ने क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना के लिए आईटीयू के साथ मार्च, 2022 में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। देश में क्षेत्रीय कार्यालय में भी इसके साथ संबंधित एक नवाचार केंद्र की परिकल्पना की गई है जो इसे आईटीयू के अन्य क्षेत्रीय कार्यालयों के बीच अद्वितीय बनाता है।

**आर्थिक सहयोग को देगा बढ़ावा :** यह भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव, अफगानिस्तान और ईरान को सेवा मुहैया कराएगा, राष्ट्रों के बीच समन्वय बढ़ाएगा और क्षेत्र में पारस्परिक रूप से आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देगा। टीआईजी-6जी, प्रौद्योगिकी नवाचार समूह द्वारा तैयार किया गया है।

# अमृतपाल अभी भी फरार

**चंडीगढ़।** खालिस्तानी कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह जिस मोटरसाइकिल पर सवार होकर भागा था, उसे पंजाब पुलिस ने बरामद कर लिया है। अधिकारियों ने कहा कि स्वयंभू उपदेशक अमृतपाल की 5वें दिन भी तलाश जारी है। बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल जालंधर शहर से करीब 45 किलोमीटर दूर दारापुर इलाके में एक नहर के पास लावारिस हालत में मिली। अमृतपाल सिंह के चाचा हरजीत सिंह और सहयोगी हरप्रीत सिंह के सरेंडर करने से पहले वह महतपुर के पास उधोवाल गांव के सरपंच के घर में जबरदस्ती घुस गए थे और उन्हें डरा धमका कर वहीं रुक गए थे सरपंच मनप्रीत सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका भाई कमलप्रीत सिंह उनके घर पर था, जब मर्सिडीज कार में दो व्यक्ति आए और उसके भाई को गेट खोलने की धमकी दी। उन्होंने कहा, उन्होंने मेरे भाई को अपने रहने के लिए एक कमरा खोलने के लिए मजबूर किया। उन्होंने हमारे परिवार को भी घर के भीतर रहने के लिए मजबूर किया और पुलिस को सूचित न करने की धमकी दी। 18 मार्च की कार्रवाई के सिलसिले में 154 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अमृतपाल सिंह अभी भी फरार है। पंजाब पुलिस के महानिरीक्षक सुखचैन सिंह गिल ने मंगलवार को कहा कि वह एक गुरुद्वारे में कपड़े बदलकर बाइक से भाग गया था। उसके द्वारा पहले इस्तेमाल की गई कार को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। उन्होंने कहा, हमने वह कार बरामद कर ली है जिसका उपयोग अमृतपाल ने बचने के लिए किया था। भागने के बाद, अमृतपाल नंगल अंबियन के गुरुद्वारे में गया, जहां उसने अपनी पोशाक बदली और एक बाइक पर निकल गया। गिरफ्तार किए गए चार लोगों से पूछताछ में यह बात सामने आई है। उन्होंने कहा कि अमृतपाल सिंह के खिलाफ लुकआउट सकरुलर और गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। उसके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया गया है।

### भागने में इस्तेमाल की गई बाइक जब्त



## भारतीय-अमेरिकी अभिनेत्री कलिंग को मिला नेशनल मेडल ऑफ आर्ट्स अवार्ड



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने व्हाइट हाउस में आयोजित एक समारोह में कहानीकारों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए भारतीय-अमेरिकी अभिनेत्री और निर्माता मिंडी कलिंग एवं कई अन्य लोगों को प्रतिष्ठित नेशनल मेडल ऑफ आर्ट्स-2021पदक प्रदान किया। नेशनल मेडल ऑफ आर्ट्स पदक अमेरिकी सरकार द्वारा कलाकारों, कला संरक्षकों और समूहों को दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है, जो उन अनुकरणीय लोगों और संगठनों को दिया जाता है, जिन्होंने अमेरिका में कला को आगे बढ़ाया है और अपनी विशिष्ट उपलब्धियों से दूसरों को प्रेरित किया है। अभिनेत्री को पदक प्रदान करते हुए बाइडन ने कहा कि कलिंग प्राइमटाइम सिटकॉम बनाने, लिखने और अभिनय करने वाली पहली अश्वेत महिला हैं। पुरस्कार समारोह में प्रथम महिला डॉ. जिल बाइडन, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और उनके पति मौजूद रहे।

### आइआइटी दिल्ली दुनिया के शीर्ष 50 संस्थानों में शामिल

**नयी दिल्ली।** क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के 13वें संस्करण में आईआईटी दिल्ली को इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के लिए दुनिया के शीर्ष 50 संस्थानों में से एक के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। ये रैंकिंग बुधवार को जारी की गई। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के अनुसार, आईआईटी दिल्ली को इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में 80.1 के स्कोर के साथ विश्व स्तर पर 48वां स्थान दिया गया है। पिछले साल संस्थान को इसी रैंकिंग में 72वां स्थान मिला था। आईआईटी दिल्ली ने सूचित किया कि संस्थान के पांच शैक्षणिक कार्यक्रम इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में विश्व स्तर पर शीर्ष 100 विषयों में शामिल हैं। पांच कार्यक्रमों में इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स , कंप्यूटर साइंस एंड, मैकेनिकल, सिविलऔर केमिकल इंजीनियरिंग शामिल हैं।

# पाकिस्तान, अफगानिस्तान में भूकंप से 12 की मौत और 160 से अधिक घायल

**भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के हिंदू कुश क्षेत्र में 180 किमी की गहराई में था**



एजेंसी

इस्लामाबाद।पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में मंगलवार को 6.8 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 160 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान की ऑनलाइन प्रेस एजेंसी द खामा प्रेस के अनुसार, अफगानिस्तान में भूकंप से तीन लोगों की जान चली गई। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के हिंदू कुश क्षेत्र में 180 किलोमीटर की गहराई में था। भारत में भूकंप के झटके राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित, देश के उत्तरी हिस्सों में भी महसूस किए गए।विभाग के मुताबिक, पाकिस्तान में भूकंप के झटके लाहौर, इस्लामाबाद, रावलपिंडी, क्वेटा, पेशावर, लक्की मरवत, गुजरांवाला, गुजरात, सियालकोट, कोट मोमिन, मढ़ रांझा, चकवाल, कोहाट और गिलगित-बल्तिस्तान इलाकों में महसूस किए गए। टेलीविजन पर प्रसारित फुटेज में डर के कारण लोग सड़कों पर निकलते नजर आए। पेशावर में प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने ट्वीट किया कि खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में पांच पुरुष, दो महिलाओं और दो बच्चों सहित 12 लोगों की मौत हो गई। इस्लामाबाद में एक पुरुष और एबटाबाद में 13 साल की किशोरी की मौत भूकंप आने के बाद अचानक दिल का दौरा पड़ने से हो गई। भूकंप के कारण रावलपिंडी के बाजार में भगदड़ मचने की सूचना मिली है। स्वात में 160 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

### शेयर बाजार में दूसरे दिन भी तेजी, सेंसेक्स 140 अंक और चढ़ा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 139 अंक से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच मुख्य रूप से स्वास्थ्य, वित्तीय और जिंस कंपनियों से जुड़े शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही।तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 139.91 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 58,214.59 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 44.40 अंक तेजी के साथ 17,151.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, सन फार्मा, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और पावरग्रिड प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

# भारत के सबसे अमीर शख्स बने मुकेश अंबानी

## अडाणी धनाढ्यों की सूची में 23वें स्थान पर खिसके

**गौतम अडाणी के नेटवर्थ में 60 प्रतिशत का नुकसान**



एजेंसी

**मुंबई।** कंपनी संचालन और बही-खाते में गड़बबड़ी को लेकर चिंता के बीच उद्योगपति गौतम अडाणी के नेटवर्थ में 60 प्रतिशत का नुकसान हुआ है और वह दुनिया के अरबपतियों की सूची में खिसकर 23वें स्थान पर पहुंच गये हैं।

वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी उनसे आगे निकलते हुए सबसे अमीर भारतीय बन गये हैं। एम3एम हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार, पिछले साल से अगर तुलना की जाए तो अडाणी को इस वर्ष हर सप्ताह औसतन 3,000 करोड़ रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है और कुल मिलाकर उनका नेटवर्थ उच्चतम स्तर से 60 प्रतिशत घट गया है। इसके साथ मार्च के मध्य में उनकी कुल संपत्ति 53 अरब डॉलर रह गयी। रिपोर्ट के अनुसार, अंबानी को भी इस दौरान नुकसान हुआ। लेकिन इसके बावजूद वह अडाणी को पीछे छोड़ते हुए सबसे धनाढ्य भारतीय बन गये। उनका नेटवर्थ इस दौरान 20 प्रतिशत घटकर 82 अरब डॉलर पर आ गया। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी वित्तीय शोध और निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने जनवरी के अंतिम सप्ताह में रिपोर्ट प्रकाशित कर अडाणी समूह पर बही-खाते और शेयरों में गड़बड़ी का आरोप लगाया था। हालांकि, समूह ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था। लेकिन इससे समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई। संपत्ति में गिरावट के साथ अडाणी और अंबानी दोनों वैश्विक स्तर पर धनाढ्यों की सूची में नीचे आये हैं। जहां अडाणी दुनिया के धनवानों की सूची में खिसकर 23वें स्थान पर आ गये वहीं अंबानी नौवें स्थान पर आ गए हैं। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने से पहले अडाणी कुछ समय के लिये दुनिया के दूसरे सबसे धनाढ्य व्यक्ति बने थे। जहां अडाणी का नेटवर्थ 1,225 प्रतिशत बढ़ा है, वहीं अंबानी की संपत्ति 356 प्रतिशत बढ़ी है। सूची के अनुसार भारत में 187 धन कुबेर रह रहे हैं। यह पिछले साल के मुकाबले 15 प्रतिशत अधिक है। इसमें देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में सर्वाधिक 66 अरबपति निवास करते हैं। क्षेत्रवार देखा जाए, तो भारतीय अरबपति अगुवा हैं। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में पुणे के सीरम इंस्टिट्यूट के साइरस पूनावाला 27 अरब डॉलर के साथ सबसे धनवान व्यक्ति हैं। इसी तरह, एशियन पेंट्स के अश्विन दानी का परिवार 7.1 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ अपने क्षेत्र के सबसे अमीर उद्यमी हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बायजू रवींद्रन 3.3 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ सबसे धनी शिक्षा उद्यमी हैं।



# आदिवासी परंपरागत रिति-रिवाज लोटा-पानी से होगा राज्यपाल का स्वागत







प्रेसवार्ता करते कुलपति व अन्य, रिहर्सल करते अकादमिक प्रोसेशन का कुलपति व अन्य, तैयारी का जायजा लेती कुलपति व अन्य, पहचान पत्र लेती टॉपर्स छात्राएं, लोटा-पानी का रिहर्सल करती छात्रांए व जायजा लेती कुलपति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** दीक्षांत समारोह में राज्यपाल सह कुलाधिपित विभिन्न विषयों के टॉपर को पदक और पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने वालों को प्रमाण पत्र देंगे। कन्वेंशन सेंटर में दीक्षांत समारोह स्थल पर अलग अलग काउंटर लगा कर मेडल और प्रमाण पत्र पाने वाले छात्रों को अंग वस्त्र और परिचय पत्र दिया गया।

उनके बैठने का क्रम भी बताया गया और उनका रिहर्सल भी हुआ। परांपरिक आदिवासी रिति-रिवाज लोटा-पानी से राज्यपाल का स्वागत करने वाले एसपी कॉलेज के छात्र-छात्राओं की पूरी टीम उपस्थित रही। स्वागत टीम मांदर, ढ़ोल और परांपरिक नृत्य-संगीत से स्वागत करेगी। जिसके रिहर्सल का कुलपति डॉ सोना झरिया मिंज एवं संताली विभाग शिक्षिका प्रो शर्मिला सोरेन ने जायजा लिया। एकेडमिक प्रोसेशन में शामिल होने वाले अकादमिक कौसिल सदस्य, सीनेट सदस्य, डीन, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक, प्रतिकुलपति एवं कुलपति ने भी अकादमिक प्रोसेशन का रिहर्सल किया। दीक्षांत समारोह कार्यक्रम साढ़े आठ बजे सुबह सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण से शुरू होगा। 9 बजे सभी कन्वेंशन सेंटर में एकत्रित होंगे। दस बजे राज्यपाल का कन्वेंशन सेंटर में आगमन होगा। जहां उनका परंपरागत लोटा-पानी से स्वागत होगा। उसके बाद राज्यपाल एकेडमिक प्रोसेशन में शामिल होंगे। मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान करने के बाद राज्यपाल करीब बीस मिनट का अपना अभिभाषण देंगे। तैयारी में पूरा विश्वविद्यालय प्रशासन जुटा है।

# एसकेएमयू का सांतवा दीक्षांत समारोह आज

## अकादमिक प्रोसेशन का कुलपति समेत विश्वविद्यालय प्रशासन ने किया रिहर्सल, बेस्ट ग्रेजुएट समेत 55 यूजी और पीजी के टॉपर को मिलेगा गोल्ड मैडल

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय का सातवां दीक्षांत समारोह उत्साहपूर्वक 23 मार्च को आयोजित होगी। दीक्षांत समारोह पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 10 बजे एग्रो पार्क स्थित कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगी। मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्ण होंगे। दीक्षांत समारोह के तैयारियों का जायजा लेते हुए प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी कुलपति प्रो सोना झरिया मिंज ने दी। उन्होंने बताया विश्वविद्यालय का 7 वां दीक्षांत समारोह इस बार खास होगा। दीक्षांत समारोह इस बार शैक्षणिक उत्सव के रूप में मनाया

### दीक्षांत समारोह में अंडर ग्रेजुएट 19109 छात्र, 3662 पोस्ट ग्रेजुएट और 56 पीएचडी धारक होंगे सम्मानित

जा रहा है। यह कई लिहाज से महत्वपूर्ण है। करोनाकाला के विषम परिस्थितियों से गुजरने और नए राज्यपाल सह कुलाधिपति का राज्य और शैक्षणिक संस्थान में पहला कार्यक्रम होगा। जो सिकामु को ऐसे आयोजन करने का मौका मिला है। दीक्षांत समारोह से छात्र-छात्राओं के सफलता का प्रोत्साहित करने का बेहतर मौका होता है। राज्यपाल सह कुलाधिपति टॉपर्स छात्र-छात्राओं को गोल्ड मैडल देकर सम्मानित करेंगे। पिछले दीक्षांत समारोह से लेकर वर्तमान में होने वाले दीक्षांत समारोह के 15 दिन पूर्व परिणाम जारी होने वाले सत्र के बेहतर करने वाले छात्रों को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम 10 से 12 बजे तक करीब दो घंटे आयोजित होगी। दीक्षांत समारोह में प्रमाण पत्र कुल अंडर ग्रेजुएट 19109 छात्र को मिलेगा। वोकेशनल कोर्स समेत 3662 पोस्ट ग्रेजुएट और कुल 56 पीएचडी मानद उपाधि प्राप्त शोधार्थियों को प्रमाण पत्र दिया जायेगा। राज्यपाल सह कुलाधिपति के हाथों विभिन्न विषयों के बेस्ट ग्रेजुएट समेत 55 टॉपर स्नातक के छात्रों को गोल्ड मैडल दिया जायेगा। अन्य विषयों के 54 टॉपर छात्रों को गोल्ड मैडल दिया जायेगा। कुलपति प्रो मिंज ने बताया अब तक 55 पीएचडी धारकों में 54 ने पंजीयन कराया है। वोकेशनल कोर्स में 10 में 5, पीजी में 20 मे से 18, यूजी में 25 में 17 अब तक पंजीयन करा चुके है। कुलपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह में वर्ष 2022 तक के उत्तीर्ण छात्रों को टॉपरों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि संताल परगना जैसे पिछड़े क्षेत्र से कोरोनाकाल के विपरित समय में बेहतर करना खुशी की बात है। पीएचडी शोधार्थियों के सफलता को लेकर कुलपति ने कहा कि कोरोनाकाल के कारण ऑनलाईन क्लास समेत विशेषज्ञों के आने-जाने के समय आदि का बचत होने के कारण कम समय में बेहतर प्रदर्शन किया है। शेष कमियां कोरोनाकाल के बाद दूर की गई। केवल पिछले दीक्षांत समारोह के बाद सेशन विलंब होने के कारण वर्ष 2021 के छात्र ही वंचित रह गये थे। लेकिन छात्रों के इस तकलीफ को दूर करने का विश्वविद्यालय प्रशासन ने कार्य किया है। दीक्षांत समारोह में सत्र 2020-22 पीजी एवं 2019-22 यूजी के छात्रों को सम्मानित किया जा रहा है। प्रतिकुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने पूर्व में दीक्षांत समारोह में कमियां के सवाल पर कहा कि खामियां से ही सबक सिखने का मौका मिला और इस बार विश्वविद्यालय प्रशासन दूर करने का पूरा प्रयास किया है। दीक्षांत समारोह में इस बार टॉपरर्स एवं पीएचडीधारक छात्र शामिल होंगे। स्थान की उपलब्धता के अनुसार अन्य बार की तरह अभिभावक समारोह में शामिल नहीं हो सकेंगे।

# राज्यपाल सी पी राधा राधाकृष्णन ने सदर प्रखंड के आदर्श गांव घासीपुर का किया दौरा

- आंगनबाड़ी केंद्र में मिलने वाली सुविधा समेत सरकार के योजनाओं की ग्रामीणों से ली जानकारी
- राज्यपाल ने ग्रामीणों को चिकित्सीय अनुदान समेत अन्य परिसंपति का किया वितरण



आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों से बात करते राज्यपाल




परिसंपति वितरण करते राज्यपाल



बांस से निर्मित समाग्री बनाने वाली महिलाओं से बात करते राज्यपाल



आदर्श गांव निरीक्षण करते राज्यपाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन दो दिवसीय संताल परगना प्रमंडल के दौरे पर दुमका पहुंचे। राज्यपाल देवघर में बाबा बैद्यनाथ धाम और दुमका में बाबा बासुकीनाथ धाम का पूजा-अर्चना के बाद राजभवन पहुंचे। उसके बाद निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले के सदर प्रखंड के शहर से करीब 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित आदर्श गांव घासीपुर के मोहली टोला पहुंचे। वहां आँगनबाड़ी केन्द्र का अवलोकन किये। इस अवसर पर राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों की संख्या की जानकारी लेते हुए हुए बच्चों के पोषण के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने आंगनबाड़ी परिसर में पौधरोपण भी किया। इसके बाद राज्यपाल उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, घासीपुर पहुंच अध्ययनरत बच्चों से मिले। उन्होंने बच्चों से बात-चीत करते हुए विद्यालय में प्राप्त सुविधाओं की जानकारी लिया। उन्होंने बच्चों से नाम पूछकर उनका उत्साहवर्द्धन करते हुए स्मार्ट क्लास के माध्यम से पढ़ाये जा रहे विषयों के बारे में पूछा। उन्होंने मौके पर उपस्थित डीसी से विद्यालय में छात्रों की संख्या व उपस्थिति और मध्याह्न भोजन योजना के बारे में जाना। राज्यपाल वहां उपस्थित स्थानीय युवाओं से उनकी पढ़ाई की जानकारी प्राप्त करते हुए उन्हें शिक्षा ग्रहण करने के प्रति प्रोत्साहित किया। इसके बाद राज्यपाल ने स्थानीय महिलाओं से भेंट कर उनकी आजीविका के संदर्भ में जानकारी लेते हुए उनके द्वारा बांस से सामग्री बनाने की प्रतिभा की सराहना किया। इनकी आय में कैसे वृद्धि हो, इस लिए डीसी रविशंकर शुक्ला को पहल करने के लिए कहा। इसके बाद एक कार्यक्रम में राज्यपाल ने ग्रामीणों के मध्य चिकित्सीय अनुदान वितरित करने के अतिरिक्त आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सिंचाई कूप निर्माण योजना, मनरेगा योजना, साड़ी-लुंगी योजना अंतर्गत लाभुकों को योजना से लाभान्वित किया। राज्यपाल के समक्ष गांव की मुखिया ने 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत योजना' अंतर्गत निःक्षय मित्र बनकर टीबी मरीज के मध्य पोषण आहार कीट वितरित किया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा अपेक्षा है कि यह क्षेत्र आपसी संबंध, सद्भाव एवं सुझ-बूझ से विकसित क्षेत्र बनेगा। उन्होंने कहा कि राज भवन तक जो नहीं पहुंच पाते है, उन तक उनकी पहुंच होगी। उन्होंने लोक-कलाकारों का भी उत्साहवर्द्धन किया। इस अवसर पर एसपी अंबर लकड़ा समेत जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बासुकीनाथ में किया पूजा अर्चना



आरती और पूजा अर्चना करते राज्यपाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बासुकीनाथ।** हिंदू नववर्ष चैत शुक्ल प्रतिपदा तिथि के मौके पर झारखंड के 11 वें राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन बासुकीनाथ धाम पहुंच पूजा-अर्चना किया। बासुकीनाथ धाम में राज्यपाल का डीसी रविशंकर शुक्ला के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने स्वागत किया। इस दरमियान पंडा धर्म रक्षिणी सभा के अध्यक्ष मनोज पंडा के नेतृत्व में पंडा पुरोहित समाज के लोगों ने राज्यपाल का स्वागत किया। इसके बाद पूजा-पाठ राज्यपाल ने किया। राज्यपाल ने पूरी श्रद्धा एवं निष्ठा से विद्वान पंडितों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोचार के बीच फौजदारीनाथ का पूजा अर्चना किया। धार्मिक क्रियाओं को आगे बढ़ाते हुए अन्य देवी-देवताओं की पूजा के साथ भव्य महाआरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूजा-पाठ के समापन के बाद राज्यपाल को डीसी ने बाबा बासुकीनाथ का फोटो स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया। अपने गंतव्य स्थल पर प्रस्थान के पूर्व राज्यपाल ने मंदिर गेट पर भिखारियों के बीच दान किया। राज्यपाल के आगमन के मद्देनजर बासुकीनाथ मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात नजर आए। एसपी अंबर लकड़ा सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग करते देखे गए।

## निरल पुरती बने जदयू के मंझारी प्रखंड अध्यक्ष

**चक्रधरपुर।** जनता दल यूनाईटेड के जिलाध्यक्ष बिश्राम मुंडा ने जिले में संगठन को सशक्त बनाने के लिए जिले के सभी 18 प्रखंडों में अध्यक्ष और दो नगर परिषद क्षेत्र अध्यक्ष मनोनीत किए है। जारी सूची के मुताबिक मंझारी प्रखंड की जिम्मेदारी निरल पुरती को सौंपा गया है।

## हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में निकाली गई भव्य जुलूस यात्रा

**जामा।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत बारापलासी बाजार में बुधवार को हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में नवयुवक सनातनी बारापलासी के द्वारा भव्य जुलूस यात्रा निकाला गया। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए नवयुवक सनातनी बारापलासी की सुभाष नाग ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ बारापलासी बाजार स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण से शुरू हुआ जिसके बाद विशाल जुलूस यात्रा वैसा चौक उसके बाद पलासी गांव मकुनी गांव महारो चौक होते हुए पुनः बारापलासी बाजार का भ्रमण करते हुए दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुंचकर जुलूस यात्रा संपन्न हुआ।

# लैम्पसों को मल्टी सर्विस सेंटर के रुप में विकसित करेगा नाबार्ड

## नाबार्ड ने आयोजित किया एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चाईबासा।** नाबार्ड द्वारा कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिले पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और पश्चिमी सिंहभूम में पैक्स-लैंपस के रूपान्तरण पर आदित्यपुर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता नाबार्ड झारखंड के उप महाप्रबंधक जय निगम ने की। डीजीएम ने अपने संबोधन में बताया की केंद्र राज्य सरकार तथा नाबार्ड द्वारा पैक्स तथा लैंपस को सुदृढ़ बनाने के लिए कई योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से पैक्स तथा लैंपस को बहु-सेवा केंद्र (मल्टी सर्विस सेंटर) के रूप में स्थापित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पैक्स लैंप्स हेतु बहु-सेवा केंद्र योजना के अंतर्गत फसल की कटाई के बाद रख रखाव से संबन्धित अवसंरचना जैसे गोदाम, कोल्ड स्टोरेज, वेयर हाउस, कोल्ड रूम आदि एवं सामुदायिक कृषि परिसंपत्ति जैसे कृषि उपकरण बैंक इत्यादि के निर्माण एवं परिचालन हेतु बेहद सस्ते दर पर पुनर्वित्त ऋण सुविधा मुहैया करवाया जा रहा है। पूर्वी सिंहभूम एवं सरायकेला- खरसावां के डीडीएम सिद्धार्थ शंकर ने इस अवसर पर एग्रिकल्चर इनफ्रास्ट्रक्चर फंड और लैंप्स के कम्प्यूटीकरण योजनाओं कि विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम को पश्चिमी सिंहभूम के डीडीएम साकेत कुमार, डीसीओ सरायकेला- खरसावां अशोक तिवारी, डीसीओ पूर्वी सिंहभूम विजय तिर्की ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में कोल्हान प्रमंडल के विभिन्न लैंप्स से आए 70 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## स्थायी लोक अदालत में 5 मामलों का निष्पादन

**चक्रधरपुर।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर बैंकों के एनपीए लोन में समझौता कराने के लिए बुधवार को चक्रधरपुर के प्रखंड कार्यालय सभागार में स्थायी लोक अदालत के कैंप का आयोजन किया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय और बैंक आफ इंडिया के सहयोग से कार्यक्रम संचालित किया गया। शिविर में कुल 5 खातों में 3.5 लाख रुपए की राशि के लोन खातों का समझौता किया गया। मालूम हो कि झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार ने स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी के अनुरोध पर राज्य के सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकार को एक फरवरी से 31 मार्च तक स्थायी लोक अदालत का विशेष कैंप करने का निर्देश दिया है। चक्रधरपुर में आयोजित कार्यक्रम में स्थायी लोक अदालत चाईबासा के प्रभारी अध्यक्ष पारसनाथ उपाध्याय ने वर्चुअल मोड में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं कार्यक्रम में स्थायी लोक अदालत सदस्य सूरज प्रसाद, बीडीओ संजय कुमार सिन्हा, एलडीएम लक्ष्मी नारायण लागुरी, विभिन्न बैंकों के प्रबंधक समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, जाम

**शिकारीपाड़ा।** शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के गुजीसीमल -सिमलुती गांव के एक युवक अविनाश टूडू की मंगलवार की रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। युवक की माता ने बताया कि युवक अपने एक दोस्त को घर पहुंचाने दासोराय गया था और वही से वापस आने के क्रम में यह घटना घटित हुई। बुधवार को सिमलुती एवं आसपास गांव के ग्रामीणों ने इस दुर्घटना से आहत एवं उग्र होकर दुमका रामपुरहाट मुख्य पथ को जाम कर दिया । ग्रामीणों का कहना था कि पत्ताबाड़ी से गुजीसीमल गांव तक हमेशा दुर्घटनाएं होती रहती है तथापि इन दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए प्रशासन एवं पथ निर्माण विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती और ना ही दुर्घटना में मृत एवं घायलों को उचित मुआवजा ही मिल पाता है। इस बात से ग्रामीण काफी उग्र थे और जाम स्थल पर प्रशासनिक पदाधिकारियों को बुलाने तथा पांच लाख रुपए मुआवजा की मांग पर अड़े थे।

## फंदे से झूलता मिला वृद्ध का शव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा।** थाना क्षेत्र के शिमला गांव से पेड़ से लटकता एक वृद्ध का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान गांव के ही 70 वर्षीय लालू हेम्ब्रम के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक लालू की मानसिक स्थिति अच्छी नहीं थी। उसने अपने ही गमछे के सहारे पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली। यह भी जानकारी प्राप्त हुई कि लालू के परिवार में पहले भी उसकी बेटी सहित दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। हालांकि यह वर्षों पुरानी बात है।अभी तक यह जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई है कि लालू हेंब्रम ने आत्महत्या क्यों की। पुलिस छानबीन कर रही है। फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कठिन परिश्रम एवं सत्त प्रयास से ही मिलती है सफलता : आरती

**चक्रधरपुर।** मधुसूदन पब्लिक स्कूल, आसनतलिया में सत्र 2021- 2023 के बारहवीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गान से किया गया।

## पुलिस ने नवजात समेत खरीददार दंपति को किया गिरफ्तार

**चतरा।** सदर अस्पताल में जन्मे नवजात को चतरा पुलिस ने बुधवार को बोकारो के पेटरवार से खरीददार दंपत्ति के साथ बरामद कर साथ ले गई। खरीददार दंपत्ति हजारीबाग बिष्णुगढ़ के रहने वाले हैं, जिन्होंने जन्म देने वाली मां की सहमति से एक लाख रुपए देकर बेटे की चाहत में खरीदा था। मामला तूल पकड़ता देख खरीदार दंपत्ति नवजात को लेकर बोकारो जिले के हरला थाना क्षेत्र में चैताटांड़ स्थित अपने रिश्तेदार के घर छिपने की नीयत से आ रहे थे। इससे पहले बुधवार सुबह चतरा पुलिस बोकारो के चास थाना पहुंची।

# चक्रधरपुर का जेनासाई डैम बनेगा पर्यटन स्थल, डीसी ने लिया जायजा, होगी केज सिस्टम से मछली पालन, उपलब्ध कराये गए दो मोटर बोट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** उपायुक्त अनन्य मित्तल ने बुधवार को चक्रधरपुर प्रखंड अन्तर्गत जेनासाई डैम का निरीक्षण किया। जेनासाई डैम में प्राथमिक मत्स्य जीवी सहकारी संघ लिमिटेड-जेनासाई, लाभुक समिति द्वारा किए जा रहे मत्स्य/बत्तख पालन के कार्यों का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान बताया कि इस गांव के शिक्षित युवकों द्वारा गठित सहकारी संघ के सार्थक मांग पर एससीए व मत्स्य विभाग के सौजन्य से मछली पालन हेतु केज तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य पर दो मोटर बोट उपलब्ध करवाए गए हैं। मोटर बोट का परिचालन टूरिस्ट सीजन में तय गाइडलाइन के तहत की जाएगी तथा मछली



अधिकारियों के साथ जेनासाई डैम का निरीक्षण करते उपायुक्त अनन्य मित्तल।

## पलायन पर रोक लगाने के लिए स्थानीय युवा कर रहे मत्स्य व बत्तख पालन

पालन(केज कल्चर) समिति को संबलता प्रदान करेगी, साथ ही लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उपायुक्त ने बताया कि पलायन पर रोक लगाने के लिए स्थानीय बेरोजगारों को क्षेत्र में ही रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जेनासाई के नव युवकों द्वारा गठित सहकारी संघ को एससीए एवं मत्स्य विभाग के मदों से मत्स्य पालन हेतु केज बैटरियां उपलब्ध करवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि संघ द्वारा डैम के बगल में ही बत्तख पालन के समावेशी माध्यम को अपनाकर रोजगार के अवसर पैदा किए जा रहे हैं। बातचीत के दौरान रोजगार को बढ़ाने से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर लाभुक समिति द्वारा अपनी बातों को रखा गया है, जिसे मूर्त रूप देने हेतु जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत रहेगी। निरीक्षण के दौरान चक्रधरपुर की अनुमंडल पदाधिकारी रीना हंसदा, चक्रधरपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय प्रसाद सिन्हा, जिला मत्स्य पदाधिकारी जयंत रंजन सहित लाभुक समिति के सदस्य उपस्थित रहे।